निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स



झारखंड के पूर्व मंत्री के खिलाफ जीरो एफआईआर

• बोकारो, गुरुवार, 4 सितम्बर 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 109 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित

# झारखंड : गुरू शिबू सोरेन के आवास को बनाया जाएगा 'स्मृति संग्रहालय'



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री व दिशोम गुरु शिबू सोरेन की स्मृतियों को सहेजने के लिए राज्य सरकार ने एक बड़ा कदम उठाया है। मोरहाबादी स्थित उनका सरकारी आवास अब गुरुजी स्मृति संग्रहालय के रूप में विकसित किया जाएगा। मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी और नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने यह प्रस्ताव मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समक्ष रखा। डॉ. अंसारी ने कहा कि गुरुजी का घर केवल एक मकान नहीं, बल्कि झारखंड आंदोलन और यहां की भावनाओं का केंद्र रहा है। "उनके घर का हर कोना उनकी उपस्थिति का अहसास कराता है। उनकी वस्तुएं हमें उनकी संघर्ष यात्रा की याद दिलाती हैं। आने वाली पीढ़ियों के लिए उनकी विचारधारा और विरासत को जीवंत रखना बेहद जरूरी है," उन्होंने कहा। नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि गुरुजी की स्मृतियां सदैव अमर रहेंगी और यह संग्रहालय झारखंड की अस्मिता व हक-हकूक की लड़ाई की गाथा को जीवंत बनाए रखेगा। साथ ही उन्होंने जामताड़ा जिले के चिरुडीह में गुरुजी की याद में एक भव्य पार्क और विशाल प्रतिमा स्थापित करने का भी प्रस्ताव रखा। यह वही भूमि है, जहां से शिबू सोरेन ने अपनी सामाजिक और राजनीतिक यात्रा की शुरुआत की थी।

## रांची की साढ़े तीन लाख महिलाओं को करमा पर्व पर सरकार का तोहफा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** करमा पर्व के अवसर पर हेमंत सोरेन सरकार ने जिले की महिलाओं को बड़ी सौगात दी है। मुख्यमंत्री मइयां सम्मान योजना के तहत अगस्त माह की सम्मान राशि लाभुक महिलाओं के खातों में ट्रांसफर कर दी गई। रांची के 3 लाख 78 हजार 641 लाभुकों को प्रति महिला 2500 रुपये की दर से कुल 94 करोड़ 66 लाख 2 हजार 500 रुपये का भुगतान आधार आधारित प्रणाली के माध्यम से किया गया। रांची उपायुक्त ने जानकारी देते हुए कहा कि करमा पर्व पर यह राशि महिलाओं के जीवन में नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार करेगी।

## जमशेदपुर में दिनदहाड़े ज्वेलरी शॉप में डकैती, संचालक को मारी गोली

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जमशेदपुर।** शहर में अपराधियों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। बुधवार को सोनारी डिस्पेंसरी रोड स्थित वर्द्धमान ज्वेलर्स में दिनदहाड़े छह हथियारबंद अपराधियों ने धावा बोलकर डकैती की। इस दौरान दुकान संचालक पंकज जैन को गोली मार दी गई। उन्हें इलाज के लिए तत्काल टीएमएच अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी स्थिति फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सभी छह बदमाश ग्राहक बनकर दुकान में दाखिल हुए थे। पहले तो किसी को शक नहीं हुआ, लेकिन अचानक उन्होंने कर्मचारियों की कनपटी पर पिस्तौल सटा दी। इसी दौरान संचालक पंकज जैन ने विरोध किया, जिस पर अपराधियों ने उनके पैर में गोली मार दी। बदमाश करीब 5 लाख रुपये मूल्य के आभूषण लूटकर फरार हो गए। डकैतों ने मौके पर दहशत फैलाने के लिए तीन राउंड फायरिंग भी की। घटना की सूचना मिलते ही सोनारी थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

# उद्यान महाविद्यालय के नामकरण की मांग, राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**चाईबासा।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत पश्चिमी सिंहभूम जिले के खुंटपानी प्रखंड स्थित उद्यान महाविद्यालय का नामकरण वीर शहीद पोटो हो अथवा ओत गुरु कोल लाको बोदरा के नाम पर किए जाने की मांग उठी है। इस संबंध में सिंहभूम आदिवासी समाज के एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से मुलाक़ात कर उन्हें मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र में उल्लेख किया गया है कि खुंटपानी प्रखंड के बिंज गांव में वर्ष 2018 में इस महाविद्यालय की स्थापना हुई थी। वित्तीय वर्ष 2018-19 से यहां शैक्षणिक सत्र संचालित है। अब तक इस महाविद्यालय से 134 विद्यार्थी बैचलर ऑफ साइंस (ऑनर्स) हॉर्टिकल्चर की डिग्री प्राप्त कर राज्य में उद्यान विकास के क्षेत्र में योगदान दे रहे हैं। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि उद्यान (बागवानी) कृषि का महत्वपूर्ण हिस्सा है और झारखंड जैसे राज्य में कृषि आधारित रोजगार और आर्थिक विकास में इसकी बड़ी भूमिका है। कोल्हान क्षेत्र में इस महाविद्यालय की स्थापना स्थानीय लोगों के लिए वरदान साबित हो रही है। हालांकि यह महाविद्यालय बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, कांके (रांची) का अंगीभूत संस्थान है, लेकिन अपनी विशिष्ट पहचान और अस्तित्व को बनाए रखने के लिए इसका नामकरण आवश्यक है। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि वीर शहीद पोटो हो और ओत गुरु कोल लाको बोदरा न केवल क्रांतिकारी और साहित्यकार थे, बल्कि कोल्हान की हो जनजाति के गौरवशाली इतिहास से भी जुड़े रहे हैं। ऐसे में इस महाविद्यालय का नामकरण उनके नाम पर होना पूरी तरह सार्थक और प्रासंगिक होगा।

# पितृपक्ष मेला क्षेत्र में चप्पे-चप्पे पर हो पुलिस बल की तैनाती : नीतीश



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला की तैयारी को लेकर बुधवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गया जी पहुंचे। सर्वप्रथम उन्होंने विष्णुपद मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना किया। पूजा अर्चना के बाद सीएम नीतीश कुमार पितृपक्ष मेला की जिला प्रशासन द्वारा की गई तैयारियों का जायजा लिया। मेला क्षेत्र के देवघाट और विष्णु पथ समेत अन्य पिंडवेदियों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीएम नीतीश कुमार ने संबंधित अधिकारियों को कई महत्त्वपूर्ण निर्देश दिए। निरीक्षण के बाद कड़ी सुरक्षा के बीच सीएम नीतीश कुमार समाहरणालय पहुंचे। यहां उन्होंने जिला प्रशासन के सभी अधिकारियों के साथ बैठक कर पितृपक्ष मेला की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में सीएम नीतीश कुमार ने सभी तैयारियों का बारीकी से जानकारी ली। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि देश के विभिन्न प्रदेशों से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने सभी बुनियादी सुविधाएं ससमय पूरा करने का निर्देश भी दिए। समाहरणालय में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक के बाद सीएम नीतीश कुमार चाकंद हाई स्कूल पहुंचे। यहां उन्होंने विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। सीएम नीतीश कुमार के आने से पहले मेला क्षेत्रों में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। विष्णुपद, देवघाट, चांद चौरा और समाहरणालय के सभी सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। चप्पे चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहे। इस दौरान केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी, बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी व विजय कुमार सिन्हा, पर्यटन मंत्री समेत कई जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज गया जी में पितृपक्ष मेला की समीक्षा बैठक के बाद चांकद हाई स्कूल में 899 करोड़ 46 लाख की लागत से कुल 10 योजनाओं का शिलान्यास किया। इनमें 349 करोड़ 22 लाख की लागत से मुफस्सिल मोड़ पर फ्लाईओवर का निर्माण, 119 करोड़ 74 लाख की लागत से इमामगंज प्रखंड के कोठी से सलैया पथ का निर्माण, 104 करोड़ 72 लाख की लागत से गया परैया-गुरुआ होते हुए औरंगाबाद-रफीगंज को जोड़ने वाले पथ का चौड़ीकरण, 90 करोड़ 16 लाख की लागत से गया मानपुर रेलखंड पर अवस्थित लेवल क्रॉसिंग संख्या 71 ए बागेश्वरी गुमटी पर आरओबी का निर्माण, 77 करोड़ 60 लाख की लागत से बतसपुर वियर योजना अंतर्गत मोराटाल मुख्य पईन का चौड़ीकरण, 58 करोड़ 54 लाख की लागत से नगर प्रखंड के बेलथु गांव में अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय का निर्माण, 39 करोड़ 82 लाख की लागत से गया जिले के बेला पनारी रोड से अग्नि, शिवरामपुर होते हुए धनावां शाकिरा बिगहा तक सड़क का चौड़ीकरण, 19 करोड़ 89 लाख की लागत से कंडी नवादा पार्क एवं 21 करोड़ 81 लाख की लागत से सिलौंजा पार्क के विकास कार्य, 14 करोड़ 52 लाख की लागत से इमामगंज प्रखंड में डिग्री कॉलेज और 3 करोड़ 61 लाख की लागत से इमामगंज प्रखंड अंतर्गत 12 बांध का जीर्णोद्धार समेत अन्य योजनाएं शामिल है। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी, डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी व विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, सहकारिता मंत्री डॉ प्रेम कुमार, लघु जल संसाधन मंत्री संतोष कुमार सुमन, पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन, भवन निर्माण मंत्री जयंत राज और पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ सुनील कुमार समेत कई नेता मौजूद थे।

# बीसीसीएल के दो कर्मचारी 20 हजार की घूस लेते सीबीआई के हत्थे चढ़े



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**धनबाद।** धनबाद में सीबीआई की टीम ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए बीसीसीएल लोदना एरिया के दो कर्मचारियों को घूस लेते रंगे हाथ पकड़ लिया। गिरफ्तार कर्मचारियों में धौड़ा बाबू रामाश्रय गड़ेरिया और राजकुमार सिंह शामिल हैं। दोनों पर आरोप है कि वे सेवानिवृत्त कर्मचारी जगदीश साव से क्वार्टर का एनओसी (नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट) देने के नाम पर 20 हजार रुपये की अवैध मांग कर रहे थे। सूत्रों के अनुसार, जगदीश साव बीसीसीएल के साउथ नॉर्थ तिसरा प्रोजेक्ट में डंपर ऑपरेटर के पद पर कार्यरत थे और जुलाई 2025 में सेवानिवृत्त हुए। वे भागा पांच नंबर कॉलोनी में आवासित हैं। ग्रेच्युटी भुगतान के लिए आवश्यक "नो ड्यूज" कागजात पर हस्ताक्षर कराने के दौरान दोनों आरोपित कर्मचारियों ने उनसे बार-बार पैसे की मांग की। अंततः परेशान होकर साव ने सीबीआई से शिकायत दर्ज कराई। शिकायत पर कार्रवाई करते हुए सीबीआई की टीम बुधवार की सुबह से ही लोदना क्षेत्रीय कार्यालय में निगरानी कर रही थी। जैसे ही दोनों कर्मचारियों ने जगदीश साव से 20 हजार रुपये स्वीकार किए, टीम ने तत्काल उन्हें दबोच लिया। गिरफ्तारी के बाद सीबीआई ने रामाश्रय गड़ेरिया के भागा स्थित एनएचएस क्वार्टर की भी तलाशी ली, जहां से क्वार्टर संबंधी कई कागजात बरामद किए गए। पूछताछ के लिए दोनों को पहले जेलगोड़ा गेस्ट हाउस और फिर धनबाद ले जाया गया। जानकारी के अनुसार, रामाश्रय गड़ेरिया की सेवा निवृत्ति में मात्र 10 माह शेष हैं, जबकि राजकुमार सिंह नवंबर 2026 में रिटायर होंगे। सीबीआई ने इस मामले में अन्य कर्मचारियों से भी पूछताछ की है। यह कार्रवाई बीसीसीएल में भ्रष्टाचार के खिलाफ सीबीआई की सख्त मुहिम का हिस्सा मानी जा रही है।

# डूबने से दो बहनों और मां-बेटी की मौत



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पकरीबरावां (नवादा)।** पकरीबरावां थाना क्षेत्र के दत्तरौल गांव में आहर में डूबने से एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई। बताया जाता है कि कर्मा एकादशी को ले बुधवार को सभी गांव के कला आहर में स्नान करने के साथ वहां से पूजा के लिए मिट्टी लाने गए थे। मृतकों में पंचायत समिति सदस्य कृष्ण पासवान की पुत्री अनामिका कुमारी (12 वर्ष) एवं पूजा कुमारी (18 वर्ष), इसी परिवार के शंभु पासवान की पत्नी ज्योति देवी (28 वर्ष) एवं उसकी बेटी खुशी कुमारी (11 वर्ष) शामिल है। वहीं राजेन्द्र पासवान की पुत्री प्रियंका कुमारी को चिंताजनक स्थिति में सदर अस्पताल नवादा रेफर कर दिया गया है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि एक ही परिवार की पांच बालिकाएं, युवतियां एवं महिलाएं स्नान करने के लिए एक साथ आहर में छलांग लगाई। स्नान के क्रम में सभी आगे बढ़ गई। आहर की गहराई की जानकारी नहीं रहने के कारण सभी पानी में डूब गई। इस बीच गांव के एक व्यक्ति ने आहर में बाल तैरता देख उसे बाहर खींचा और एक युवती को बाहर निकाला। उसने घटना की जानकारी दी। इसके बाद लोग शव की खोजबीन करने लगे। तैराकों के सहारे से काफी मशक्कत के बाद चारों को बाहर निकाला गया। सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पकरीबरावां ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने चारों को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद गांव एवं आसपास के गांवों में कोहराम मच गया। एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत से हर कोई मर्माहत है। भाई की लंबी आयु के लिए व्रत करने वाली बहनों को क्या पता था कि वे सभी काल के गाल में समा जाएगी। हादसे के बाद परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# बिहार भाजपा कोर कमिटी की बैठक में सीट बंटवारे पर चर्चा



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने आज दिल्ली में बिहार भाजपा कोर कमिटी के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। सूत्रों की माने तो इस बैठक का मुख्य उद्देश्य बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारियों को अंतिम रूप देना और रणनीति पर विचार-विमर्श करना था। सूत्रों की माने तो बैठक में चुनावी रणनीति और सीट बंटवारे पर चर्चा की गई। बैठक में बिहार विधानसभा चुनाव के लिए रणनीति पर गहन विचार-विमर्श किया गया। बैठक में श्री शाह और श्री नड्डा ने एनडीए के घटक दलों जनता दल यूनाइटेड, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास), हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) और राष्ट्रीय लोक मोर्चा जैसी पार्टियों को दी जाने वाली सीटों पर पार्टी ने कोर ग्रुप के नेताओं से चर्चा की। साथ ही पार्टी सूत्रों के मुताबिक पार्टी द्वारा करवाए गए सर्वे के आधार पर 243 विधानसभा सीटों पर भाजपा और सहयोगी दलों की स्थिति का आकलन किया गया। पार्टी सूत्रों की माने तो चुनाव के मुख्य मुद्दे, एंटी-इनकंबेंसी से संबंधित मुद्दे और सर्वे रिपोर्ट के आधार पर कमजोर और मजबूत क्षेत्रों की गई पहचान वाली सीट और कुछ विधायकों के टिकट काटने पर विचार किया गया। इसके अलावा हाल ही में इंडिया गठबंधन की 'वोटर अधिकार यात्रा' के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां के खिलाफ कथित अपशब्दों के मुद्दे पर भी चर्चा हुई। सूत्रों के मुताबिक बीजेपी इस मुद्दे चुनावी रणनीति के तौर पर इस्तेमाल करने की योजना बना रही है। इसके जवाब में बीजेपी महिला मोर्चा ने 4 सितंबर को पांच घंटे (सुबह 7 से को दोपहर 12 बजे तक) के लिए बिहार बंद का ऐलान किया है। अमित शाह ने बिहार बीजेपी नेताओं को जमीनी स्तर पर सक्रियता बढ़ाने और भाषणबाजी कम करने की सलाह दी। सूत्रों के मुताबिक, केंद्रीय नेतृत्व बिहार बीजेपी की केवल मीडिया में सक्रियता और जमीनी निष्क्रियता से नाखुश है। नेताओं को बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने और विपक्ष के नैरेटिव को काटने की रणनीति पर काम करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा बैठक में एनडीए की एकता और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व को मजबूत करने पर भी जोर दिया गया। सूत्रों के मुताबिक यह बैठक बिहार विधानसभा चुनाव के लिए बीजेपी और एनडीए की रणनीति को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है है। बीजेपी का लक्ष्य विपक्ष, खासकर आरजेडी और कांग्रेस के नैरेटिव को काटते हुए बिहार में एनडीए की जीत सुनिश्चित करना है। इस बैठक के नतीजे बिहार की सियासत को नई दिशा दे सकते हैं। उस मुद्दे पर बोलते हुए बिहार के एक पार्टी नेता ने कहा कि चुनाव है तो ऐसी बैठकें होती रहेंगी। बैठक में गृह मंत्री अमित शाह के अलावा भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत बिहार बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल, दोनों उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह, केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, बिहार प्रभारी विनोद तावड़े, सह-प्रभारी दीपक प्रकाश, संगठन महामंत्री भिखूभाई दलसानिया और क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे।

# घूसखोर ड्रग इंस्पेक्टर गिरफ़्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**अरवल।** जिला मुख्यालय के सदर अस्पताल परिसर में बने औषधि नियंत्रण कार्यालय में कार्यरत ड्रग्स इंस्पेक्टर शैलेंद्र नारायण को निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की टीम ने घूस लेते गिरफ्तार किया है। ड्रग्स इंस्पेक्टर 40 हजार रुपए घूस लेते रंगे हाथों पकड़े गए हैं। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए धावा दल के प्रभारी विनोद कुमार पांडे ने बताया कि होलसेल मेडिकल स्टोर खोलने के लिए प्रसादी इंग्लिश के जितेंद्र कुमार ने 18 जुलाई को आवेदन दिया था। परिवादी जितेंद्र कुमार ने ऑनलाइन आवेदन किया था। 24 जुलाई को ड्रग्स इंस्पेक्टर द्वारा दुकान की जांच की गयी और 30 जुलाई को 40 हजार रुपए लाइसेंस देने के लिए मांगा गया। 20 जुलाई को उन्होंने घूस की मांग की थी। इसकी शिकायत जितेंद्र कुमार ने निगरानी विभाग को की। शिकायत के सत्यापन के लिए टीम गठित की गई। शिकायत सही पाया गया। उसके बाद धावा दल ने बुधवार को कार्रवाई की। जैसे ही जितेंद्र कुमार ने ड्रग्स इंस्पेक्टर को पैसा दिया, पहले से मौजूद निगरानी विभाग की टीम ने रंगे हाथ उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद ड्रग्स इंस्पेक्टर को मेडिकल कराने के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया। निगरानी विभाग के धावा दल में राकेश कुमार, मुरारी प्रसाद सहित कई अधिकारी शामिल थे।

## शेमारू एंटरटेनमेंट ने लॉन्च किया नया हिंदी मूवी चैनल 'शेमारू जोश'

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मुंबई।** भारतीय दर्शकों के फिल्मी जुनून को नया रूप देते हुए शेमारू एंटरटेनमेंट ने अपना नया हिंदी मूवी चैनल 'शेमारू जोश' लॉन्च किया है। यह चैनल डी.डी. फ्री डिश, सभी प्रमुख डीटीएच प्लेटफॉर्म्स और केबल नेटवर्क्स पर 1 सितम्बर से उपलब्ध है। शेमारू जोश दरअसल 'चुम्बक टीवी' का नया रूप है, जिसे अब अधिक ऊर्जावान और जोश से भरपूर मूवी चैनल के रूप में पेश किया गया है। चैनल की विशेषता इसकी समृद्ध फिल्मों की लाइब्रेरी है, जिसमें पीके, एनिमल, कांतारा, केजीएफ, बाहुबली, वाल्टेयर वीरैया, ट्वेल्थ फेल, बड़े मियां छोटे मियां और भूलभुलैया 2 जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों का संग्रह शामिल है। शेमारू एंटरटेनमेंट का कहना है कि यह चैनल हर दर्शक के मूड और पसंद के अनुरूप फिल्मों का चयन पेश करेगा, चाहे वह एक्शन हो, ड्रामा, रोमांस या कॉमेडी। चैनल का उद्देश्य दर्शकों को टीवी पर फिल्मों का वही जादुई अनुभव देना है, जो उन्हें हर बार यादगार बना दे। अपनी लॉन्चिंग पर कंपनी ने कहा कि शेमारू जोश केवल फिल्मों का प्रसारण नहीं करेगा, बल्कि सिनेमा के जश्न को हर घर तक पहुंचाएगा।

FOR REGISTRATION : ISO, TRADE MARK, PATENT
DESIGN AND COPYRIGHT, ATTORNEY
GLOBAL VISION
(A Complete Solution in Professional Services)
: Regd. Office/ Head Office :
Manaitand, Near Water Tank
Dhanbad, Jharkhand- 826001
Command Office : Jagat Trade Centre, Patna
Contact No.- 9835333441, 8210823092
E-Mail : globalvision96@yahoo.in

# हजारीबाग विधानसभा, कटकमसांडी प्रखंड में 66 लाख की राशि से विद्यालय उन्नयन कार्य का हुआ शिलान्यास

**हजारीबाग/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हजारीबाग विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कटकमसांडी प्रखंड के बरगड्डा पंचायत स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में बुधवार को एक महत्वपूर्ण विकास कार्य का शुभारंभ हुआ। इस विद्यालय के उन्नयन कार्य हेतु DMFT फंड से 66 लाख रुपये की स्वीकृत राशि से होने वाले कार्यों का शिलान्यास हजारीबाग विधायक प्रदीप प्रसाद के प्रखंड विधायक प्रतिनिधि सुमन राय अंगद एवं भाजपा के नेताओ व कार्यकताओं द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

इस अवसर पर विधायक प्रसाद ने कहा है कि विद्यालय का उन्नयन केवल बच्चों के लिए शिक्षा का बेहतर वातावरण तैयार करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पूरे गाँव के सामाजिक और शैक्षिक उत्थान में भी मील का पत्थर साबित होगा। आने वाली पीढ़ियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बुनियादी सुविधाएँ उपलब्ध होंगी, जिससे ग्रामीण विकास को नई दिशा मिलेगी।



विधायक प्रतिनिधि सुमन राय ने कहा कि विधायक प्रदीप प्रसाद का संकल्प है कि हजारीबाग विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक पंचायत और गाँव तक शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाएँ पहुँचें। इसी कड़ी में DMFT फंड से होने वाला यह विद्यालय उन्नयन कार्य बच्चों के भविष्य को संवारने में अहम योगदान देगा।

इस कार्यक्रम में जिला मंत्री रीतलाल यादव, पूर्वी मंडल अध्यक्ष प्रकाश कुशवाहा, पूर्वी जिला परिषद सदस्या मंजू नंदनी, कंडसार के मुखिया रामकुमार मेहता, कंचनपुर के मुखिया प्रतिनिधि अशोक राणा, बरगड्डा के मुखिया रवि कुमार दास, वरिष्ठ नेता विनोद सिंह और पंचायत प्रभारी महावीर सिंह सहित अनेक अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## झारखंड सरकार की मुख्य सचिव अलका तिवारी का हजारीबाग परिसदन में किया गया स्वागत

### उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक रहे मौजूद




**हजारीबाग/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** झारखंड सरकार के मुख्य सचिव श्रीमती अलका तिवारी आज 3 सितंबर को अपने निजी दौरे के क्रम में हजारीबाग पहुंचीं।

मुख्य सचिव हजारीबाग परिसदन भवन में कुछ पलों के लिए रुकीं, जहां उपायुक्त श्री शशि प्रकाश सिंह एवं पुलिस अधीक्षक श्री अंजनी अंजन ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया मौके पर परिसदन भवन में मौजूद झारखंड के मुख्य न्यायाधीश श्री तारलोक सिंह चौहान से मुख्य सचिव श्रीमती अलका तिवारी ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान इन्हें गार्ड ऑफ ऑनर का सम्मान दिया गया।

## झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश तारलोक सिंह चौहान का हजारीबाग परिसदन में किया गया स्वागत

### उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने की शिष्टाचार भेंट



**हजारीबाग/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश माननीय श्री तारलोक सिंह चौहान आज 3 सितंबर को अपने निजी दौरे पर हजारीबाग पहुंचे। उनके आगमन पर हजारीबाग परिसदन भवन में उपायुक्त श्री शशि प्रकाश सिंह एवं पुलिस अधीक्षक श्री अंजनी अंजन ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया और शिष्टाचार भेंट की।

मुख्य न्यायाधीश ने अपने भ्रमण के दौरान हजारीबाग स्थित सिविल कोर्ट का भी अवलोकन किया। उन्होंने सिविल कोर्ट भवन एवं परिसर का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री रणजीत कुमार व न्यायालय के अधिवक्ता व अधिकारी मौजूद रहे।

## शिक्षक सम्मान समारोह कराने के नाम पर संघ भवन पर कब्जा करने की तैयारी

हजारीबाग आशीष सिंहा /नवीन सिन्हा

**हजारीबाग।** झारखंड माध्यमिक शिक्षक संघ हजारीबाग के पदाधिकारी व कार्यकारणी के सदस्यों ने बैठक कर उनके द्वारा निर्मित संघ भवन पर दूसरे संघ द्वारा कब्जा कर लेने का मामला उजागर किया हैं। झारखंड माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलासचिव सुरेश प्रसाद महथा ने बताया कि हजारीबाग में संघ भवन का निर्माण 1976 करीब हुवा था, तब हमारा एकिकृत बिहार में मात्र एक ही संघ बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ था।




- एकीकृत बिहार के समय बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ ने बनाया था नबाबगंज का संघ भवन
- झारखंड अलग होने के पश्चात झारखंड माध्यमिक शिक्षक संघ को मिला था संघ भवन।
- राज्य माध्यमिक संघ जबरन संघ भवन को कब्जा करने का बनाया कार्यक्रम।
- सीधे-साधे शिक्षकों को आगे कर संघ भवन को हथियाने में लगे हैं फर्जी संघ

हजारीबाग से बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ हजारीबाग के जिला जिला सचिव मदन मोहन लाल थे। उनके नेतृत्व में ही यह संघ भवन पूर्ण हुवा था । त्रिवेणी कांत ठाकुर बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष थे। संघ भवन की जिम्मेवारी उनकी ही थी। उस वक्त शिक्षकों को बहुत ही कम वेतन था। अपने वेतन के पैसे से चंदा जमा कर के उस वक्त के बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ के पुरोधा कई जिलों में संघ भवन का निर्माण करवाया। ताकि उनके सदस्य शिक्षकों को विभिन्न कार्यो को करने में जब जिला आना पड़े तो यत्र-तत्र न ठहरना पड़े। कार्यालय कार्य से आये दुर्गम क्षेत्र के शिक्षकों को रात बीताने की आसियाना बनाया गया था। जरूरतमंद शिक्षकों को समय समय पर रूम भी आबंटित किया जाता रहा था।

झारखंड अलग होने के पश्चात हमारे संघ को झारखंड में झारखंड माध्यमिक शिक्षक संघ के रूप में रेजिस्ट्रेशन मिल गया।जिसका पंजीयन संख्या 11/2001-02 हैं। इसी बीच हमारे संघ के अलावा एक अलग संघ जो संघ के नाम में राज्य माध्यमिक शब्द जुड़वाकर फर्जी संघ बना लिया। फिर कपटता पूर्वक फर्जी कागज बना कर विभिन्न जिलों के संघ भवनों पर कब्जा करने लगे। मामला न्यायालय में चला गया। शिक्षकों में आपसी फूट डाला गया। शिक्षकों की एकता को तोड़ा गया। मामला आज भी न्यायालय में पेंडिंग हैं। इधर राज्य माध्यमिक संघ शिक्षक सम्मान समारोह के नाम पर जिले के विभिन्न विद्यालयों के प्रभारियों से लाखों रुपये की वसूली किया हैं और उक्त कार्यक्रम का आयोजन कर झारखंड माध्यमिक शिक्षक संघ भवन में नूतन प्रवेश करने की तैयारी किया हैं। इससे माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों में रोष हैं। इन्होंने बैठक कर जिले के उपायुक्त महोदय को आवेदन पत्र लिख कर जबरन कब्जा करने का शिकायत किया हैं। लोहसिंघना थाना, माननीय विधयाक सदर विधानसभा, अनुमंडल पदाधिकारी सदर, पुलिस अधीक्षक हजारीबाग को भी आवेदन देकर जबरन कब्जा करने की शिकायत किया हैं। अगर तत्काल इसपर रोक नही लागई गई तो खून खराबा होने की संभावना जताई गई हैं। बैठक में अध्यक्ष कृष्णा कुमार, सचिव सुरेश प्रसाद महथा, प्रवक्ता राजेश कुमार गौतम, संगठन सचिव संजयं प्रसाद कुशवाहा, संयुक्त सचिव मधुसूदन कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष प्रेम पासवान संयुक्त सचिव सुरेन्द्र यादव, कुलदीप राणा योगेंद्र प्रसाद, सहित संघ के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## ईद मिलाद उन्नबी को लेकर नगर थाना में हुई शांति समिति की बैठक

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुस्लिम धर्मावलम्बियों के पर्व ईद मिलाद उन्नबी को लेकर नगर थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी ज्ञान रंजन ने की। इस दौरान उन्होने सभी से शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में पैगम्बर मुहम्मद के जन्मदिन को मानने अपील की।




बैठक को संबोधित करते हुए उन्होने कहा कि पर्व में डीजे पर प्रतिबंध, मोटर साइकिल जुलूस व विवादित झंडे प्रतिबंधित रहेंगे। कहा कि जुलूस में शामिल लोग पैदल चलकर करबला मैदान जाएंगे। वहीं जुलूस में विवादित नारे लगाने को भी प्रतिबंधित किया गया है। उन्होने लोगों को आस्वस्त किया कि पर्व को लेकर कर्बला मैदान में साफ सफाई व पेयजल की समुचित व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उपस्थित लोगों ने पुलिस प्रशासन को आश्वस्त किया कि सरकार द्वारा जारी दिशा निदेर्शो का पालन करते हुए पैगम्बर मुहम्मद साहब के जन्मदिन पर जुलूस निकाला जाएगा।

बैठक में राकेश मोदी, इरशाद अहमद वारिश, मदनलाल विश्वकर्मा, बुलन्द अख्तर, रंजीत बरनवाल, विवेश जालान, अशोक यादव, नरुल होदा, असद उल्लाह, अरुण गुप्ता, नसीम अंसारी, अजीत कुमार भदानी, शेफ अली गुड्डू, अनवर अली, गुड्डू खान, मो आजाद, मो फिरोज, दीपक शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## जिला उपायुक्त, रामनिवास यादव ने प्रकृति पर्व करम पूजा की सभी जिलेवासियों को शुभकामनाएं और बधाई दी

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** करम पर्व भाई-बहन के स्नेह, सामाजिक एकता और प्रकृति के प्रति आस्था का प्रतीक है जिला उपायुक्त, श्री रामनिवास यादव ने गिरिडीह जिलावासियों को प्रकृति पर्व करम पूजा की शुभकामनाएं और बधाई दी। उन्होंने कहा कि गिरिडीह जिला पूरी तरह से प्राकृतिक वातावरण में बसा हुआ है इसलिए करमा पूजा यहां का महत्वपूर्ण पर्व में से एक है।

हर संप्रदाय के लोग मिल-जुलकर प्राकृतिक पर्व करमा पूजा मनाते हैं। करम पूजा झारखंड की संस्कृति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जहाँ विभिन्न संप्रदायों के लोग एक साथ मिलकर इसे मनाते हैं। करम पर्व भाई-बहन के स्नेह, सामाजिक एकता और प्रकृति के प्रति आस्था का प्रतीक है। उपायुक्त ने जिलेवासियों से इस पर्व को शांति और सद्भाव के साथ मनाने की अपील की है। यह पर्व लोगों को प्रकृति से जुड़ने और एक-दूसरे के साथ मिलजुलकर रहने का संदेश देता है।



## हजारीबाग जिला कांग्रेस कार्यालय में जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक

मो. उस्मान

**बरही (हजारीबाग)।** CWC के स्थाई सदस्य , पूर्व प्रदेश अध्यक्ष त्रिपुरा राज्य संदीप राय वर्मन ने ने जिला अध्यक्ष के चुनाव हेतु जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी पदाधिकारीयों तथा कांग्रेस के जिला के वरिष्ठ नेताओं के साथ एक एक कर विचार विमर्श किया, इनके साथ चर्चा की जाएगी साथ ही, संगठन मजबूती के लिए अभी तक उठाए गए सांगठनिक कार्यों की रिपोर्टिंग ली जाएगी, श्री वर्मन जिले के विधानसभा और लोकसभा चुनावों में हार की वास्तविक कारणों की भी जानकारी कांग्रेस नेताओं से प्राप्त कर राष्ट्रीय नेतृत्व को रिपोर्ट दी जाएगी, श्री वर्मन ने कहा कि बीजेपी असली



आए ऑब्जर्वर आलोक दुबे तथा सुधीर चंद्रवंशी भी शामिल थे, जिला के सभी वरिष्ठ कांग्रेस के नेताओं ने अपना अपना विचार प्रस्तुत किया, तथा जिला अध्यक्ष के लिए नामों की अनुशंसा किया, इससे पूर्व प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए संदीप राय वर्मन ने कहा कि कांग्रेस का संगठन को मजबूत करने के लिए पार्टी ने ब्लॉक तथा पंचायत स्तर पर भी जाकर सक्रिय कार्यकताओं से विचार विमर्श करूंगा, श्री वर्मन दिनांक 2 सितंबर से लगातार,8 सितंबर तक जिला के अंदर पढ़ने वाले सभी विधानसभा के मुख्यालयों में प्रखंड कांग्रेस कमेटी तथा विधानसभा के सभी वरिष्ठ कांग्रेस जनों से एक एक कर विचार विमर्श किया जाएगा, इसी क्रम में दिनांक 3 सितंबर 2025 को बरही टाउन हॉल में बरही विधानसभा क्षेत्र के सभी प्रखंड कमेटियों विधानसभा क्षेत्र में रहने वाले जिला और प्रदेश पदाधिकारियों तथा वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं, मंडल अध्यक्षों, पंचायतों के सभी अध्यक्षों से मिलकर संगठन पर मुद्दों से जनता को भटका कर अब वोट चोरी कर चुनाव जीतने का काम कर रही है अब बीजेपी को जनता पर भरोसा नहीं रहा इसीलिए वोट चोरी के अपना चुनाव आयुक्त बना ली है लोक सभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने इस वोट चोरी का प्रमाण पूरे देश को दिया है बिहार में रक्फ़ के नाम पर 6500000 लाख वोट काटने का काम कर ये साबित किया है कि चुनाव आयोग बीजेपी की बी टीम बनकर कार्य कर रही है जिसे कांग्रेस ने पकड़कर जनता को बताने का काम किया है, इस बैठक में बरही विधानसभा क्षेत्र से जिला उपाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी हजारीबाग पीसीसी डेलीगेट झारखंड के डॉ निजामुद्दीन अंसारी, ओबीसी जिला अध्यक्ष दीपक गुप्ता, 20 सूत्री बरही प्रखंड अध्यक्ष,इकबाल राजा पूर्व उप प्रमुख ताहिर अंसारी चौपारण उपस्थित थे। डॉ निजामुद्दीन अंसारी जिला उपाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी हजारीबाग पीसीसी डेलीगेट झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी!

## गिरिडीह में राधा स्वामी संगठन के नेता शमीम अख्तर धोखाधड़ी मामले में गिरफ्तार

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राधा स्वामी संगठन के नेता एवं पूर्व गाण्डेय विधानसभा प्रत्याशी शमीम अख़्तर को पुलिस ने धोखाधड़ी के मामले में गिरफ्तार कर लिया है। आरोप है कि अख़्तर ने कई लोगों से वाहन उपलब्ध कराने के नाम पर पूरी राशि वसूली, लेकिन संबंधित फाइनेंस कंपनी को भुगतान नहीं किया कंपनी को रकम न मिलने के कारण लाभुकों को वाहन फाइनेंस संबंधी गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ा।

पीड़ितों ने इस मामले की शिकायत पंचंबा थाना में दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शमीम अख़्तर को हिरासत में ले लिया और उनके खिलाफ देर रात प्राथमिकी दर्ज की गई है।फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। इस गिरफ्तारी ने जिले की सियासत और सामाजिक हलकों में हलचल मचा दी है। घटना को लेकर क्षेत्र में चचाओं का दौर तेज हो गया है।



## भाजपा महिला मोर्चा की सदस्यों ने राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा

**रांची/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आज महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष आरती सिंह जी के नेतृत्व में रांची राजभवन में महामहिम राज्यपाल संतोष गंगवार जी से मिलकर पिछले दिनों रांची में भाजपा महिला मोर्चा द्वारा की गई प्रदर्शन में पुरुष पुलिसकर्मियों द्वारा बर्बरतापूर्ण कार्रवाई एवं महिला कार्यकताओं के साथ पुरुष पुलिसकर्मियों द्वारा अभद्र व्यवहार करने के विरोध में आज हम सभी महिला मोर्चा की बहनों ने महामहिम राज्यपाल को एक ज्ञापन सौंपा हम लोगों ने महामहिम राज्यपाल से गुहार लगाई है कि इस घटना की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए एवं दोषी पुलिसकर्मियों पर अभिलंब कार्रवाई हो, जिससे भविष्य में किसी पुरुष पुलिसकर्मियों द्वारा किसी महिलाओं पर इस तरह का अभद्र व्यवहार की पुनार्वृति कभी ना हो इस इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष बबीता झा, प्रदेश मंत्री सुचिता सिंह, नीलम चौधरी , प्रदेश मीडिया प्रभारी कुमुद झा, प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी रंजिता सिंह , रांची महानगर अध्यक्ष पायल सोनी, रांची ग्रामीण जिला अध्यक्ष नेहा सिंह मुख्य रूप से मौजूद रहे।



## चौपारण के सनी सिंह बने लेफ्टिनेंट विधायक ने किया सम्मानित

### सीमित संसाधनों के बावजूद हासिल की बड़ी उपलब्धि

धीरज सिंह

**चौपारण हजारीबाग।** बारा गांव के लाल सनी सिंह, पिता मुकेश सिंह, ने भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट पद पर चयनित होकर सराहना करते हुए कहा कि बेटे को जिस तरह सहयोग दिया, अब वही मेहनत रंग लाई है।

समारोह में रामस्वरूप पासवान, पप्पू सिंह, दया सिंह, बिनोद सिंह, मनोज सिंह, शिक्षक



पूरे चौपारण प्रखंड का नाम रोशन किया है। बुधवार को विधायक मनोज कुमार यादव स्वयं उनके घर पहुंचे और अंगवस्त्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

इस मौके पर विधायक ने कहा कि सनी की सफलता पूरे प्रखंड के लिए गौरव की बात है। छोटे से गांव और सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने जो मुकाम हासिल किया है, वह न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र की उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि यह सफलता सनी की मेहनत, परिवार के त्याग और राष्ट्र के प्रति उनके समर्पण का परिणाम है।

विधायक ने पिता मुकेश सिंह की संघर्षपूर्ण यात्रा की सतीश सिंह समेत कई ग्रामीण उपस्थित रहे और सनी को शुभकामनाएं दीं।

जानकारी के अनुसार, सनी सिंह ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा चौपारण में ही प्राप्त की। दसवीं की परीक्षा उन्होंने सुरेखा प्रकाश भाई पब्लिक स्कूल से उत्तीर्ण की, जबकि इंटर की पढ़ाई केबीएसएस प्लस टू विद्यालय, चौपारण से पूरी की। गांव में रहकर पढ़ाई करने के बावजूद राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा में सफलता पाना उनकी मेहनत का बड़ा प्रमाण है।

ग्रामीणों ने कहा कि सनी सिंह की यह उपलब्धि आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी।

# ईद मिलाद-उल-नबी को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

मो. उस्मान



**बरही (हजारीबाग)।** ईद मिलाद-उल-नबी और करमा पर्व के लेकर शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से बुधवार को बरही थाना परिसर में शांति समिति की बैठक की गई।

अध्यक्षता थाना प्रभारी इंस्पेक्टर बिनोद कुमार ने की। थाना प्रभारी ने उपस्थित लोगों से दोनों पर्व को शांति, सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की अफवाह या विवाद की स्थिति में तुरंत पुलिस प्रशासन को सूचना दें। यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है कि बरही प्रखंड में अमन और भाईचारा बना रहे। बैठक में ईद मिलाद-उल-नबी के अवसर पर निकलने वाली जुलूस के निर्धारित रूट पर भी चर्चा हुई। बैठक में विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति अध्यक्ष मो. कयूम, करियातपुर मुखिया मनोज कुमार, केदारुत मुखिया प्रतिनिधि विशेश्वर यादव, विजैया मुखिया प्रतिनिधि मो. मंसूर, धनवार मुखिया राजेंद्र प्रसाद, भगवान केशरी, मो. युवा समाजसेवी डॉ निजामुद्दीन अंसारी बीजेपी युवा कार्यकर्ता मो ताबिश पूर्व मुखिया प्रतिनिधि मो बेलाल मो तौकीर रजा, मो. सागिर, मो. यूसुफ आदि मौजूद रहे।

# ज्योति आईटीआई के प्रशिक्षणार्थियों को जमशेदपुर के टाटा मोटर्स में मिला रोजगार

■ संस्थान का उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने व छात्रों को रोजगार से जोड़कर स्वावलंबी बनाना : ज्योति पांडेय



**मेदिनीनगर (पलामू)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ज्योति आईटीआई मेदिनीनगर में कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। इसमें पलामू के विभिन्न क्षेत्रों से आए हुए अभ्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। साथ ही साक्षात्कार दिया। टाटा मोटर्स जमशेदपुर के पदाधिकारियों ने ज्योति आईटीआई से प्रशिक्षित 63 युवाओं का चयन किया।

संस्थान के सचिव ज्योति पांडेय ने सभी चयनित युवाओं को बधाई दी । उन्होंने कहा कि हमारे संस्थान का उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के साथ-साथ छात्रों को रोजगार से जोड़कर स्वावलंबी बनाना है। इस अवसर पर संस्थान के प्रधानाध्यापक प्रियरंजन कुमार सिंह ने कहा शिक्षा के साथ - साथ बहुमुखी विकास के लिए समय-समय पर संस्थान विभिन्न तरह के रोजगार सेमिनार, वर्कशॉप व अतिथि व्याख्यान आदि आयोजित करता है। इससे भविष्य में आने वाली चुनौतियों का सामना करने व उचित निर्णय लेने में मददगार साबित होता है। मौके पर संस्थान के प्लेसमेंट सेल के अधिकारी मनोरथ चौधरी ने सभी चयनित युवाओं को दिशा निर्देश दिया। कहा कि सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कंपनी के दिए गए निदेर्शों का पालन करें। अपने साथ में जा रहे सभी मित्रों के साथ अच्छा व्यवहार रखें। कार्यक्रम को संपन्न कराने में संस्थान के अनुदेशक उमेश कुमार शर्मा, अमित गुप्ता, पंकज कुमार ठाकुर, विवेक कुमार, वीरेंद्र कुमार राम, रविंदर कुमार यादव के साथ अन्य कॉलेज स्टाफ उपस्थित थे।

# चैनपुर लोहरशिमी नॉर्थ कोयल सेमरा माइंस तक पथ निर्माण की स्वीकृति देने पर मुख्यमंत्री व वित्त मंत्री के हैं आभारी : आलोक चौरसिया



**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कैबिनेट की मंगलवार को ही बैठक में डालटनगंज विधानसभा की सबसे जटिल एवं महत्वपूर्ण समस्या का समाधान हुआ है। उक्त बातें डाल्टनगंज विधानसभा क्षेत्र के विधायक आलोक चौरसिया ने कही। उन्होंने कहा कि मंगलवारको मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई झारखंड कैबिनेट की बैठक में से चैनपुर लोहरशिमी नॉर्थ कोयल सेमरा माइंस तक पथ निर्माण की स्वीकृति मिली है। इसकी लागत लगभग 104 करोड़ रुपए होगी।

ऐतिहासिक निर्णय व स्वीकृति के लिए लिए वे हृदय से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, राज्य के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर व पलामू सांसद विष्णु दयाल राम के प्रति आभार प्रकट करते हैं। उन्होंने कहा कि मैं पिछले दिनों झारखंड विधानसभा में पथ निर्माण के लिए आवाज उठाया था। इसे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने उनकी मांग को अहमियत दी। विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि जनता की लंबे समय से चली आ रही मांग आज पूरी हुई है। यह श्रेय लेने का नहीं बल्कि जनता के विकास के लिए निरंतर आगे बढ़कर काम करने की जरूरत है। कहा कि वे क्षेत्र की जनता के विकास के लिए सदैव तत्पर रहेंगे।

## क्रेशर के पास वृद्ध महिला का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बेंगाबाद थाना क्षेत्र के करमजोरा गांव में बुधवार की शाम क्रेशर के समीप एक वृद्ध महिला का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव देखने के बाद आसपास के ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई और लोगों के बीच तरह-तरह की चचाएं होने लगीं।

सूचना मिलते ही बेंगाबाद थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह एवं एसआई रणधीर कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जांच-पड़ताल शुरू की। जांच के क्रम में मृतका की पहचान बुधनी देवी (उम्र लगभग 60 वर्ष), पति सूरज कोल्ह, निवासी नैयाडीह, झलकडीहा पंचायत के रूप में हुई। ग्रामीणों के अनुसार मृतका की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। वह अक्सर बिना बताए कहीं चली जाती थीं। बीते दो-तीन दिनों से वह घर से लापता थीं और परिजन उनकी तलाश में जुटे थे। इसी बीच अचानक किसी की नजर धान के खेत की मेढ़ पर पड़े शव पर पड़ी, जिसके बाद पूरे गांव में हड़कंप मच गया।

# मनसा पूजा आयोजन को लेकर की गई बैठक



**विष्णुगढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बुधवार को अचलजामों पंचयात के मुखिया प्रतिनिधि श्री तापेश्वर रजक की अध्यक्षता मे अचलजामों मनसा पूजा आयोजन को लेकर एक बैठक की गई जिसमे माँ मनसा पूजा शांति व खुशीसे मनाने की लोंगो से अपील की गई, जिसमे अचलजामों के सभी टोलो से लोग उपस्थित हुए।

सर्वसमति से निर्णय लिया गया की 06/09/2025 शाम को माँ मनसा की पूजा व 07/09/2025 को बलि शाम को मेला व माता का विसर्जन का निर्णय लिया गया, आम लोंगो से नशा से दुरी बनाने व सभी अपने अपने घरों व गलियों की साफ सफाई की अपील की गई, जिसमे कमिटी के अध्यक्ष कुणाल कु कसेरा सचिव पूर्व मुखिया हरीश पटेल एवं निम्न ग्रामीण उपस्थित रहें पूर्व प्रमुख अशोक कु गुप्ता, मोहन महतो, संजय कु राय, अजीत कु गोस्वामी, मुरली कसेरा, कुणाल कसेरा, राहुल कसेरा, प्रकाश कुमार महतो,धनेश्वर कसेरा हरिलाल कसेरा लटन कसेरा, छोटू कसेरा, जीवन कसेरा दीपक कसेरा गंगाधर कसेरा बीरेंद्र कसेरा, महेश कसेरा रितेश कसेरा मित्रजीत रजवार, राजू गोस्वामी कुंदन पासवान रुपेश कसेरा केदार कसेरा कुंजबिहारी कसेरा मनोज कसेरा, बहादुर कसेरा।

# ग्रामीणों की शिकायत पर बाबूलाल मरांडी निरीक्षण करने पहुचे तीसरी



**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नेता प्रतिपक्ष सह धनवार विधायक बाबूलाल मरांडी को बीते दिन तिसरी निवासी इंद्रदेव शर्मा ने इसकी शिकायत किया था जिसके बाद बुधवार को ओ तिसरी चौक पहुंचे, और शौचालय और हाई लाइट मास्ट के बारे में लोगों से जानकारी लिए।

इस दौरान उन्हें तिसरी भंडारी रोड स्थित सामुदायिक शौचालय बदहाली और गंदगी में तब्दील नजर आया, जिसे देख बाबूलाल भड़क उठे और आसपास के ग्रामीणों से जानकारी लेने के बाद जल्द ही शौचालय को चालू करवाने की बात कहे। मौके पर उपस्थित लोगों ने बताया कि पानी की कमी के कारण शौचालय का यह हाल है, जिसके बाद बाबूलाल ने लोगों को भरोसा दिया कि वे अपने फंड से डिप बोरिंग करवाएंगे। इसके अलावा उन्होंने बिजली विभाग के कर्मियों को सड़क किनारे खराब पड़े हाई लाइट मास्ट को चालू करने का भी आदेश दिया। मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता रामचंद्र ठाकुर,अशोक उपाध्याय, जुलैखा खातून,इंद्रदेव शर्मा,सुनील साव सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

# यूरिया की किल्लत के लिए जिला कृषि पदाधिकारी, प्रशासन व निजी कंपनियों के स्टॉकिस्ट हैं दोषी : डा. शशि भूषण

**मेदिनीनगर (पलामू)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** यूरिया की किल्लत के लिए जिला कृषि पदाधिकारी, प्रशासन व निजी कंपनियों के स्टॉकिस्ट दोषी हैं। इन पदाधिकारियों व कंपनी के स्टॉकिस्ट पर एफआईआर दर्ज करना होगा।

फिर दर्ज कर कार्रवाई नहीं हुई तो किसानों के साथ बड़ा आंदोलन किया जाएगा। उक्त बातें पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशि भूषण मेहता ने कही। उन्होंने कहा कि यूरिया की कालाबाजारी करने की बदनीयती से जान बूझकर यूरिया की किल्लत पैदा की गई है। अप्रैल से अगस्त महीने तक पलामू जिले को 8179.34 मीट्रिक टन यूरिया उपलब्ध कराया गया है। लगभग 81 हजार 800 क्विंटल यूरिया पूरे पलामू जिले को प्राप्त हुआ। कहीं ना कहीं यूरिया का वितरण करने में जिला कृषि पदाधिकारी, व प्रशासन द्वारा पारदर्शिता व तय प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया है। इसका परिणाम खेती के लिये किसान भाई 266 रुपये का यूरिया 500 रुपया की कीमत चुका कर खरीद रहे हैं। उसके बाद भी उन्हें यूरिया नहीं मिल पा रहा है। खेती के समय किसान भाई यूरिया के लिए लंबी-लंबी कतारों में खड़े हैं। विधायक डॉ मेहता ने सवाल उठाया कि आखिर इतनी बड़ी मात्रा में यूरिया उपलब्ध कराया गया तो कहां चला गया। कहीं न कहीं युरिया के वितरण के लिये जवाबदेह जिला कृषि पदाधिकारी, प्रशासन, प्रखण्ड कृषि पदाधिकारियों की भूमिका संदिग्ध है। जानबूझकर यूरिया की कालाबाजारी करने के उद्देश्य से निजी कंपनियों के स्टॉकिस्टों को बड़ी मात्रा में यूरिया का आवंटन किया गया। जबकि सहकारी संस्था इफको को इसकी तुलना में काफी कम यूरिया का आवंटन किया गया। निजी कंपनियों के स्टॉकिस्टों को मिले 6329 मीट्रिक टन यूरिया का हिसाब सार्वजनिक किया जाना चाहिये। यूरिया की कालाबाजारी में लैंपस एवं पैक्सों की भी सहभागिता है। यूरिया की कालाबाजारी के दोषी जिला कृषि पदाधिकारी, निजी कंपनियों के स्टॉकिस्टों के ऊपर एफआईआर दर्ज करके कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। यदि ऐसा नहीं किया गया तो किसान हित में जोरदार विरोध किया जाएगा।

## नावाबाजार थाना में समारोह का आयोजन कर सेवानिवृत्त हवलदार रामविलास सिंह को दी गई विदाई

**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नावाबाजार थाना परिसर में बुधवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जहां सेवानिवृत्त हवलदार रामविलास सिंह को श्रीमद्भगवत गीता सहित अंग वस्त्र व बुके देकर सम्मानित किया गया। वहीं थाना के पदाधिकारी व जवानों के द्वारा अपनी ओर से भी उपहार स्वरूप सप्रेम भेंट देते हुए माला पहनाकर कर नम आंखों से विदाई दी गई। आयोजित विदाई समारोह के अध्यक्षता थाना प्रभारी संजय कुमार यादव ने की। मौके पर थाना प्रभारी श्री यादव ने कहा कि सरकारी सेवा कार्य में सेवानिवृत्ति एक सामान्य प्रक्रिया है, जिससे सभी को गुजरना पड़ता है। सेवानिवृत्ति के बाद घर, परिवार व समाज की और भी जिम्मेवारी बढ़ जाती है।

# राशन के वजन में हेर फेर और मुफ्त नमक मे भी पैसे लेने का लगाया आरोप

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जमुआ प्रखंड के धुरैता पंचायत के कटरियाटांड़ गाँव के (पीडीएस) डीलर प्रमोद कुमार गुप्ता पर ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि डीलर की मनमानी लंबे समय से चल रही है।

न लाभुकों को पूरा राशन दिया जाता, ना ही सही वजन की तौल बल्कि मुफ्त नमक सरकार की ओर से गरीब जनता को दिया जाता है उसके एवज में भी पैसे लिए जा रहे है ' कुल मिलाकर डीलर के द्वारा कार्ड धारकों से अतिरिक्त पैसे वसूले जाते हैं।,

डीलर के इस मनमाने रवैये से क्षुब्ध कई ग्रामीणों ने इसकी लिखित शिकायत प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी (अमलजी)को दी है। ग्रामीणों का कहना है कि डीलर शिकायत करने वाले लोगों को धमकाने भी लगा है, जिससे गरीब और मजदूर परिवारों में डर का माहौल है।

ग्रामीणों ने माँग की है कि इस मामले की निष्पक्ष जाँच कर डीलर पर सख़्त कार्रवाई की जाए। वही इस मामले को लेकर हमारे जमुआ संवाददाता ने टेलीफोन से बात की जमुआ प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी अमलजी का कहना है कि मामले की जानकारी प्राप्त हुई है उचित जांच पड़ताल करते हुए उचित कार्रवाई की जाएगी '

विदित हो कि पूर्व प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मदन मोहन सहकारिता प्रसार पदाधिकारी आपूर्ति के प्रभार में जमुआ में रहे हैं इस प्रकार के अनियमितता पर कड़ी निगरानी होती थी उनके समय में माल गबन पर अंकुश लगाया गया था उनके जाने के उपरांत इस प्रकार का मामला देखे जा रहे है कड़ाई से जांच किया जाना चाहिए अन्यथा पूर्व के भांति बैकलॉक में जाने की आशंका जताई जा रही है

उपयुक्त महोदय को स्वतः संज्ञान ले की एक पदाधिकारी ही (प्रखंड विकास पदाधिकारी,अंचल अधिकारी, बाल विकास पदाधिकारी एवं प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी) के पद पर कार्यरत हैं जिसके कारण भी निरंतर निगरानी नहीं रखी जा रही है !

## कला समीक्षा : 'रंगिनी'' : रंगों और भावों का स्त्री स्वरूप

आशीमा मेहरोत्रा और एम. सारदा

नई दिल्ली स्थित सिविल सर्विसेज ऑफिसर्स इंस्टीट्यूट में आयोजित सामूहिक कला प्रदर्शनी 'रंगिनी' कला प्रेमियों के लिए एक अद्भुत अनुभव लेकर आई है। इस प्रदर्शनी में प्रख्यात दृश्य कलाकार आशीमा मेहरोत्रा और एम. सरदा की कृतियाँ प्रदर्शित की गई हैं, जिनमें दो विपरीत लेकिन सशक्त कलाभाषाएँ एक साथ संवाद करती दिखाई देती हैं।

'रंगिनी' नाम ही अपने आप में रंग और अभिव्यक्ति के स्त्री स्वरूप का प्रतीक है। यह प्रदर्शनी अमूर्तन और रूपक के बीच पसरे भावनात्मक और सांकेतिक परिदृश्य को नए आयामों में खोजती है। आशीमा मेहरोत्रा की एनकॉस्टिक कृतियाँ वेदांत और दार्शनिक चिंतन में निहित आध्यात्मिक आत्मविश्लेषण और ब्रह्मांडीय मौन का बोध कराती हैं, वहीं सरदा की जीवंत कैनवस पेंटिंग्स सहज लय, भौतिक समृद्धि और अभिव्यक्ति की स्वच्छंदता को उजागर करती हैं।

'रंगिनी' प्रदर्शनी में प्रस्तुत कृतियों ने दर्शकों को गहराई से प्रभावित किया। आशीमा मेहरोत्रा की 'विभत्स' और 'दहलीज' जैसी पेंटिंग्स ने अपने दार्शनिक और भावनात्मक आयामों से आत्ममंथन के क्षण प्रदान किए, वहीं एम. सारदा की 'गोल्डन माउंटेन्स' और 'अर्धनारीश्वर' जैसी रचनाओं ने रंगों की समृद्धि और प्रतीकों की सजीवता से दर्शकों को मोहित कर लिया।

इन दोनों कलाकारों की कलाभाषाओं का संगम दर्शकों को एक अनोखा अनुभव देता है। जहाँ भिन्नता में भी सामंजस्य है और रूपों की तरलता में भी गहन सौंदर्य छिपा है। 'रंगिनी' सिर्फ एक प्रदर्शनी नहीं, बल्कि यह रंगों और भावों के जरिए आत्मा और प्रकृति के बीच सेतु का कार्य करती है।

नई कलाभाषाओं और बहुआयामी दृष्टिकोणों को समझने के इच्छुक कला प्रेमियों के लिए यह प्रदर्शनी निस्संदेह एक उल्लेखनीय अवसर है।

**कलाकार परिचय**

आशीमा मेहरोत्रा एक प्रशासनिक सेवा अधिकारी हैं, जिन्होंने बचपन से ही कला को आत्म-अभिव्यक्ति का माध्यम बनाया है। उन्होंने पाँच वर्ष की आयु में चित्रकारी आरंभ की और शब्दों के पहले रंगों से संवाद करना सीखा। वहीं एम. सारदा एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड इन सुप्रीम कोर्ट हैं, जिन्हें बचपन से ही कला में रुचि होने की वजह से विविध अभिव्यक्तियों और जीवन की परिस्थितियों से प्रेरित रंगों को कैनवास पर उकेरना शुरू कर दिया।

कला प्रदर्शनी 'रंगिनी' की मेजबानी चाणक्यपुरी स्थित सिविल सर्विसेज ऑफिसर्स इंस्टीट्यूट कर रहा है। इसका संयोजन श्री किशोर लाबर ने किया है। प्रदर्शनी का उद्घाटन सोमवार, 1 सितम्बर 2025 को शाम 4:30 बजे हुआ और यह 13 सितम्बर 2025 तक प्रतिदिन सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक दर्शकों के लिए खुली रहेगी।

## चैथी महारानी मंदिर एवं करमा मनोकामना शिव मंदिर में नंदी बाबा ने पिया दूध, उमड़ रही भीड़



**चौपारण (हजारीबाग)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बुधवार को प्रखंड क्षेत्र में एक चमत्कारिक दृश्य देखने को मिला,जब ग्राम चैथी महारानी मंदिर परिसर स्थित नंदी बाबा की प्रतिमा को श्रद्धालुओं ने दूध अर्पित किया और प्रतिमा दूध पीते हुए नजर आई। यह नजारा देखते ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ जुट गई और लोगों ने इसे अपनी आस्था से जोड़ लिया। इसी तरह का दृश्य करमा पंचायत स्थित प्रसिद्ध मनोकामना शिव मंदिर में भी सामने आया। यहां श्रद्धालुओं ने नंदी बाबा को जल और दूध अर्पित किया। प्रतिमा द्वारा उसे ग्रहण करते हुए देखने का दावा किया गया, जिसके बाद यह खबर पूरे क्षेत्र में तेजी से फैल गई। लोग दूर-दराज से पहुंचकर नंदी बाबा को दूध और जल अर्पित कर रहे हैं और इसे भगवान शिव की कृपा का अद्भुत संकेत मान रहे हैं। जहां स्थानीय लोग इसे चमत्कार कह रहे हैं, वहीं कुछ इसे केवल श्रद्धा और विश्वास का परिणाम मानते हैं।

इस पूरे घटनाक्रम ने चौपारण और आसपास के क्षेत्रों में धार्मिक माहौल को और अधिक उत्साहपूर्ण बना दिया है। हालांकि, वैज्ञानिक दृष्टिकोण से इस घटना की अभी तक कोई पुष्टि नहीं हुई है। इसके बावजूद श्रद्धालुओं की आस्था लगातार बढ़ती जा रही है और लोग इसे अपने जीवन का अविस्मरणीय अनुभव बता रहे हैं।

# जगन्नाथ धाम नॉकआउट फुटबॉल टूनार्मेंट के फाइनल में शामिल हुए विधायक प्रदीप प्रसाद

**हजारीबाग/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हजारीबाग विधानसभा क्षेत्र के सिलवार में जगन्नाथ धाम स्पोर्ट्स कमिटी द्वारा आयोजित जगन्नाथ धाम नॉकआउट फुटबॉल टूनार्मेंट के फाइनल मुकाबले में विधायक प्रदीप प्रसाद शामिल हुए।

विधायक ने फाइनल मैच का उद्घाटन किया और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कर उनका मनोबल बढ़ाया। उन्होंने फुटबॉल को किक मारकर खेल की औपचारिक शुरूआत की। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित दर्शकों, खिलाड़ियों और स्थानीय ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं की प्रतिभा को मंच प्रदान करने के साथ-साथ समाज में अनुशासन, एकता और खेल भावना को भी मजबूत करते हैं। युवाओं की ऊर्जा और खेल प्रतिभा को सही दिशा देना समय की आवश्यकता है, और इस तरह के खेल आयोजन निश्चित रूप से समाज को नई ताकत देते हैं। प्रतियोगिता के उपरांत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को विधायक द्वारा सम्मानित किया गया। साथ ही भाजपा के कई गणमान्य नेता एवं स्थानीय लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे। विधायक ने सफल आयोजन के लिए कमिटी के सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया और सभी खिलाड़ियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।4

## किक मारकर मैच का किया उद्घाटन



New page 4_page 12 29.05.2025.qxd 03-09-2025 21:56 Page 1



# पीओ के विदाई समारोह में छलका जाम, चार गिरफ्तार

## मनरेगा कार्यालय में सजी थी महफिल

<u>नवबिहार टाइम्स संवाददाता</u>

**दरभंगा।** जाम हो और झाम न हो... ! क्या ऐसा हो सकता है ? पर हां ऐसा हुआ है। बिहार में एक सरकारी अफसर की विदाई के दौरान जाम छलकाना उनके चाहने वालों को भारी पड़ गया। दरअसल, दरभंगा जिले के कुशेश्वरस्थान प्रखंड के मनरेगा प्रोग्राम पदाधिकारी संजीव कुमार के विदाई समारोह के दौरान मनरेगा कार्यालय में शराब पार्टी करते हुए पुलिस ने एक मनरेगा कर्मी सवेरा कुमार सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए थानाध्यक्ष अंकित चौधरी ने बताया कि चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार लोगों से पूछताछ की जा रही है और मौके से फरार हुए लोगों की पहचान की जा रही है।

बताया जाता है कि मंगलवार की शाम मनरेगा पीओ संजीव कुमार के स्थानांतरण के उपलक्ष्य में विदाई समारोह का आयोजन किया गया था। समारोह के दौरान ही मनरेगा कार्यालय के एक कमरे में शराब पार्टी चल रही थी। इसी बीच किसी ने कुशेश्वरस्थान थाना पुलिस को सूचना दे दी।



मौके पर पहुंची पुलिस ने कमरे से कासिमपुर के विजय कुमार यादव, अदलपुर के राहुल कुमार पासवान, परमानंदपुर के रामनरेश यादव तथा मनरेगा कर्मी बेनीपुर के सवेरा कुमार को गिरफ्तार कर लिया। जबकि कुछ लोग मौके से फरार हो गए। पुलिस के अनुसार मौके से शराब और मटन मिलने की बात भी सामने आई है।

इस संबंध में कुशेश्वरस्थान थानाध्यक्ष अंकित चौधरी ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही मनरेगा कार्यालय भवन से शराब पार्टी करते चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि कुछ लोग मौके से फरार हो गए हैं। भागने वालों की पहचान की जा रही है। गिरफ्तार लोगों में एक मनरेगा कर्मी शामिल है, बाकी की पहचान की प्रक्रिया चल रही है।

## सामूहिक दुष्कर्म मामले में पांच गिरफ्तार

<u>नवबिहार टाइम्स संवाददाता</u>

**शिवाजीनगर।** पुलिस ने थाना छेत्र के एक गांव में हुए सामूहिक दुष्कर्म मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है।पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्त में कहा गया है घटना के बाद पीड़िता के लिखित आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज किया गया। और सभी कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए समस्तीपुर एसपी के नेतृत्व में टीम गठित कर कारवाई करते हुए सभी आरोपी अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। प्रेस विज्ञप्त में बताया गया है कि पुलिस दबिश के बाद एक आरोपी माननीय न्यायालय में आत्म समर्पण कर चुके है।सभी के गिरफ्तारी के बाद सजा दिलवाने को लेकर अगली कानूनी कारवाई की जा रही है।

इधर दूसरी ओर शिवाजीनगर पुलिस ने अख़्तबारा गांव में दो दिन पूर्व हुए चोरी घटना मामले में पांच युवकों को अब तक हिरासत में लेकर पूछ ताछ कर रही है। जानकारी के अनुसार पुलिस ने चोरी का समान भी बरामद किया है। जिसके बाद हिरासत में लिए गए युवकों से पूछ ताछ के आधार पर घटना में संलिप्त अन्य गिरोह के सदस्यों के लिए छापेमारी कर रही है।

# फिर विकराल हो रही कोसी

## कई गांवों को लिया अपने आगोश में

<u>नवबिहार टाइम्स संवाददाता</u>

**मुजफ्फरपुर।** कोसी नदी का जलस्तर अचानक बढ़ जाने से किरतपुर प्रखंड के कई गांवों में बाढ़ की स्थिति गंभीर हो गई है। उफनाती धारा ने दोनों तटबंधों के भीतर बसे कदवारा, वदीर्पुर, ककोरवा, नरकटिया भंडरिया, रामखेतरिया, रघुनाथपुर, रामपुर, चकला सहित कई गांवों को अपनी चपेट में ले लिया है।तेज बहाव के कारण गांवों के बीच सड़क संपर्क पूरी तरह भंग है और करीब 14 हजार की आबादी के लिए नाव ही आवागमन का एकमात्र साधन बचा है।

ग्रामीणों का कहना है कि खेतों में लगी सैकड़ों एकड़ की फसल बर्बाद हो गई है। वदीर्पुर निवासी हरिशचंद्र मुखिया ने कहा कि हमारी महीनों की मेहनत पानी में डूब चुकी है। अब गांव से बाहर निकलने के लिए नाव पर निर्भर रहना पड़ रहा है।रघुनाथपुर के शुभंकर राय ने बताया कि जलस्तर में वृद्धि सोमवार से शुरू हुई और अब तक हालत बिगड़ती जा रही है। ह्लगर्भवती महिलाओं व बीमार मरीजों को अस्पताल पहुंचाना सबसे बड़ी चुनौती है। रात में तो लोग भगवान भरोसे ही रहते हैं। गांव की महिलाओं ने आपातकालीन सेवाओं की अनुपलब्धता पर नाराजगी जताई। कदवारा गांव की हेमंती देवी ने कहा कि सरकारी स्तर पर कोई एंबुलेंस या नाव की व्यवस्था नहीं है। गर्भवती महिलाएं और गंभीर मरीज सबसे अधिक परेशान हैं।

इधर, रामपुर गांव निवासी सिंटू कुमार ने कहा कि बाढ़ के दौरान जब हर संपर्क मार्ग डूब जाता है तो पूरा गांव असहाय हो जाता है। लक्ष्मीपुर ककोरवा के मोहन यादव ने आशंका जताई कि अगर पानी का स्तर और बढ़ा तो ग्रामीणों को तरही घाट व तरवारा चौक तक विस्थापित होकर तटबंधों पर शरण लेनी पड़ेगी। इस बीच, गौड़ाबौराम की विधायक स्वर्णा सिंह ने पहले ही ग्रामीण कार्य विभाग के मंत्री को पत्र लिखकर नौला (सहरसा) से कदवारा तक की टूटी सड़क को अविलंब दुरुस्त करने की मांग की है।कोसी परियोजना के कार्यपालक अभियंता केके भंडारी ने बताया कि मंगलवार की शाम तक दो लाख 77 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया था। बुधवार को एक लाख 36 हजार क्यूसेक पानी डिस्चार्ज किया गया। रघुनाथपुर गांव के निवासी ओम प्रकाश राय, लक्ष्मीपुर ककोरवा गांव के रमानंदन राय सहित कई ग्रामीणों ने नाव परिचालन की सरकारी व्यवस्था की मांग की है ताकि लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया जा सके ताकि जनहानि से बचाव हो सके। यह बाढ़ की शुरूआती चेतावनी मानी जा रही है और अगर जलस्तर यूं ही बढ़ता रहा तो किरतपुर प्रखंड के बड़े हिस्से को और भीषण संकट झेलना पड़ सकता है। किरतपुर प्रखंड के भाजपा अध्यक्ष सह बीस सूत्री समिति अध्यक्ष ने कहा कि कोसी नदी की उफनती धारा को लेकर लोगों को 29 सितंबर 2024 की रात की याद ताजा होने लगी है ।

# बाइक सवार बदमाशों ने फायरिंग कर फैलायी दहशत

<u>नवबिहार टाइम्स संवाददाता</u>

**समस्तीपुर।** राम निरीक्षण आत्मा राम महाविद्यालय में बुधवार की दोपहर बाइक सवार बदमाशों ने दहशत फैलाने के लिए हवाई फायरिंग कर दी। इससे महाविद्यालय प्रांगण के साथ ही आसपास के इलाकों में भी दहशत का माहौल उत्पन्न हो गया।

कालेज प्रशासन ने तत्काल घटना की जानकारी मुफस्सिल थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष अजित प्रसाद सिंह दल बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल से एक खोखा भी बरामद किया।

जानकारी के अनुसार महाविद्यालय में स्नातक द्वितीय खंड की परीक्षा संचालित हो रही थी। इस बीच दोपहर करीब एक बजे आधा दर्जन बाइक पर सवार 12 की संख्या में बदमाश कालेज के अंदर प्रवेश किया। कालेज का मुख्य दरवाजा बंद रहने पर सभी साइड दरवाजा से प्रवेश किया।

प्रशासनिक भवन होते ही सभी अंदर तक गए। इसके बाद बाहर निकलते हुए दहशत फैलाने के लिए दो से तीन राउंड हवाई फायरिंग कर दी। स्नातक द्वितीय खंड की सैद्धांतिक परीक्षा दे रहे छात्र-छात्रा भी गोली चलने की आवाज सुनकर सहम गए।

आननफानन में गार्ड ने इसकी जानकारी प्राचार्य को दी। इस पर पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने कालेज गेट के समीप से एक खोखा भी बरामद किया। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। साथ ही आसपास के इलाकों में सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

आशंका है कि कालेज में छात्रों के बीच हुई आपसी रंजिश में घटना को अंजाम दिया गया है। प्राचार्य डा. दिलीप कुमार ने पुलिस को आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई है। इसमें अज्ञात 10-12 अज्ञात असामाजिक तत्वों को आरोपी बनाया है।थानाध्यक्ष ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज खंगाल जा रहा है। बदमाशों के पहचान की कोशिश की जा रही है।

# सीट की गुत्थी सुलझाने को महागठबंधन की समन्वय समिति फिर करेगी माथापच्ची

## वोटर अधिकार यात्रा से उत्साहित हैं कार्यकर्ता

<u>नवबिहार टाइम्स संवाददाता</u>

**पटना।** राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा का एक अघोषित उद्देश्य सीटों का दबाव भी रहा। पिछली बार राजद ने कांग्रेस को लगभग तीन दर्जन वैसी सीटें भी थमा दी थीं, जहां पिछले तीन-चार चुनावों से उसकी भी दाल नहीं गल रही थी। हार स्वाभाविक थी। स्ट्राइक रेट बिगड़ा तो कांग्रेस को जब-तब लताड़ भी लगी।

वामदलों, विशेषकर भाकपा-माले, को अपना अनुचर बनाकर राजद आखिरी निर्णय के लिए तैयार बैठा था, लेकिन राहुल की इस यात्रा ने उसकी सोची-समझी रणनीति में अड़ंगा लगा दिया है।

अपनी मांग से कम सीटों पर कांग्रेस राजी होती है, तो भी पसंदीदा सीटों से कोई समझौता नहीं करेगी। सीट बंटवारे की गुत्थी सुलझाने के लिए महागठबंधन की समन्वय समिति 15 सितंबर को फिर माथापच्ची करेगी।

विधानसभा चुनाव में सीट शेयरिंग से लेकर साझा चुनावी रणनीति तक के लिए समन्वय समिति भी कांग्रेस के दबाव में ही बनी थी। तेजस्वी यादव को उसकी कमान मिलने से राजद आश्वस्त हुआ, तो कांग्रेस भी सतर्क रही। समिति की अब तक पांच दौर की बैठकें हो चुकी हैं, लेकिन बात दावेदारी वाली सीटों की सूची साझा करने से आगे नहीं बढ़ी।

कांग्रेस की अपेक्षा थी कि अंदरखाने ही सही, सीटें चिह्नित हो जाएं, ताकि चुनावी तैयारी हो सके। इसमें राजद की आनकानी का एक बड़ा कारण नए सहयोगियों की आवक की संभावना थी। बहरहाल एआईएमआईएम से बात बेपटरी हो चुकी है। झामुमो बहुत अड़ंगे की स्थिति में नहीं और पशुपति कुमार पारस की रालोजपा के पास राजद की शर्तों के अतिरिक्त कोई चारा नहीं। प्रतीक्षा की राजनीति से राजद ने यह बढ़त ली। उसके बाद विधानसभा क्षेत्रवार सर्वे का हवाला देकर वह कांग्रेस और विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) आदि को नतमस्तक करने वाली थी। कांग्रेस ने इसे पहले भी भांप लिया था, इसीलिए मुख्यमंत्री के चेहरे पर बात अटका दी। उसके अपने अंदरूनी सर्वे में ऐसी ढाई दर्जन सीटें चिह्नित हुई हैं, जिन पर कांग्रेस अपने को बेहतर स्थिति में पा रही। उनमें से अधिसंख्य सीटें अभी राजद और वाम दलों के खाते में हैं। कुछ सीटों पर राजद मामूली मतों के अंतर से निकटतम प्रतिद्वंद्वी रहा है। कांग्रेस द्वारा सौंपी गई 105 सीटों की सूची में वे सीटें दूसरी वरीयता की श्रेणी में हैं।

पहली वरीयता में सिटिंग संग पिछली बार रनर वाली सीटें हैं। इस मोल-तोल के बीच ही मतदाता-सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण शुरू हुआ। लोकसभा चुनाव से ही कशमकश से उबरने की सोच रही कांग्रेस को बढ़िया बहाना मिल गया। बिहार की परिक्रमा कर राहुल ने यह अनुभूति करा दी कि कांग्रेस में अब भी कुछ दम है।

इस यात्रा का हर महत्वपूर्ण निर्णय कांग्रेस ने लिया और शेष घटक दलों ने उसका अनुसरण किया। इसी तरह कांग्रेस सीट शेयरिंग में भी निर्णायक भूमिका चाह रही। बहरहाल, कांग्रेस की देखादेखी वीआईपी आदि दूसरे घटक दलों ने भी सीटों की लंबी सूची पेश कर दी है। राजद उधेड़बुन में है। अभी तो एनडीए में सीट शेयरिंग की प्रतीक्षा में बात आगे टाली जा रही, लेकिन चुनावी अधिसूचना के बाद हीलाहवाली नहीं चलेगी। सितंबर मध्य में अधिसूचना जारी हो सकती है।

# अनियंत्रित ट्रेलर की जद में आया मोटरसाइकिल और एम्बुलेंस

## बड़ा हादसा टला

<u>नवबिहार टाइम्स संवाददाता</u>

**बक्सर।** कोरान सराय-सरेंजा मार्ग पर सोनकी पुल के समीप मंगलवार की देर शाम एक बड़ा हादसा टल गया। ब्रेक फेल होने से अनियंत्रित हुआ ट्रेलर पुल से नीचे पीछे की ओर ढूलने लगा और इस दौरान उसने एक मोटरसाइकिल और मरीज को लेकर जा रही एंबुलेंस को अपनी चपेट में ले लिया। घटना इतनी भयावह थी कि मोटरसाइकिल के परखच्चे उड़ गए और एंबुलेंस भी क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि राहत की बात यह रही कि इस हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

मिली जानकारी के अनुसार, सोनकी पुल को पार कर रहा ट्रेलर अचानक ब्रेक फेल होने के कारण अनियंत्रित होकर पीछे की ओर सरकने लगा। स्थिति भांपते हुए बाइक सवार युवक ने समझदारी दिखाते हुए अपनी बाइक छोड़कर चाट में कूदकर जान बचा ली, लेकिन भारी-भरकम ट्रेलर ने बाइक को रौंदते हुए एंबुलेंस को भी जोरदार टक्कर मार दी। गनीमत रही कि उस समय एंबुलेंस में सवार मरीज और चालक सुरक्षित बच गए।

घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष अमित कुमार दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि दुर्घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। वहीं, बाइक सवार युवक और एंबुलेंस चालक के द्वारा अब तक कोई लिखित आवेदन नहीं दिए जाने के कारण प्राथमिकी दर्ज नहीं हो सकी है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही लगातार बढ़ रही है, जिससे आए दिन हादसे की आशंका बनी रहती है। लोगों ने प्रशासन से मांग किया है कि इस मार्ग पर यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने और सोनकी पुल पर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की आवश्यकता है।

# राजगीर बना एशियाई हॉकी का रणक्षेत्र

## सभी टीमें अपने-अपने अंदाज से तैयार

<u>नवबिहार टाइम्स संवाददाता</u>

**राजगीर।** राजगीर की पवित्र भूमि अब एशियाई हॉकी का रणक्षेत्र बन चुकी है। यहाँ सिर्फ गोल नहीं होंगे, बल्कि जुनून, रणनीति और राष्ट्रीय गौरव की टक्कर होगी। एशिया कप हॉकी 2025 के सुपर 4 चरण में भारत, मलेशिया, चीन और दक्षिण कोरिया जैसी चार शीर्ष टीमें आमने-सामने होंगी। पूल चरण में इन टीमों ने जिस तरह का प्रदर्शन किया है, उससे यह स्पष्ट है कि सुपर 4 मुकाबले में मानसिक दृढ़ता, तकनीकी कौशल और सामूहिक ऊर्जा की परीक्षा भी होगी।

हर टीम अपने-अपने अंदाज में तैयार है। आज हम खिताब की सबसे प्रबल दावेदार इन चारों टीमों के पूल चरण के प्रदर्शन, रणनीति, प्रमुख खिलाड़ियों और कोच की सोच का भारत ने पूल ए में तीनों मुकाबले जीतकर 22 गोल किए और केवल 5 गोल खाए। चीन के खिलाफ 4-3 और जापान के खिलाफ 3-2 की करीबी जीतों ने टीम की मानसिक मजबूती को दशार्या, जबकि कजाकिस्तान पर 15-0 की ऐतिहासिक जीत ने उनकी आक्रामक क्षमता को सिद्ध किया।

कप्तान हरमनप्रीत सिंह और जुगराज सिंह ने पेनल्टी कॉर्नर में शानदार प्रदर्शन किया, वहीं अभिषेक और सुखजीत सिंह ने आक्रमण पंक्ति को धार दी। भारत की रणनीति तेज पासिंग, विंग प्ले और शुरूआती दबाव बनाने पर आधारित है। कोच क्रेग फुल्टन का मानना है कि टीम मानसिक और शारीरिक रूप से पूरी तरह तैयार है।

मलेशिया ने पूल बी में अपराजित रहते हुए तीनों मैचों में जीत दर्ज की और 24 गोल किए, जबकि एक भी गोल नहीं खाया। बांग्लादेश को 4-1, दक्षिण कोरिया को 4-1 और चीनी ताइपे को 15-0 से हराकर उन्होंने अपनी ताकत का लोहा मनवाया। अखीमुल्लाह अनुआर और अशरन हमसानी ने गोल दागकर आक्रमण को मजबूती दी, जबकि गोलकीपर हजरुल फैजल ने सभी मैचों में बेहतरीन बचाव किया। मलेशिया का खेल हाई-प्रेसिंग डिफेंस, तेज मिडफील्ड ट्रांजिशन और शुरूआती मिनटों में बढ़त हासिल करने की रणनीति पर आधारित है। कोच सरजीत कुंदन के अनुसार, यह युवा टीम 2028 ओलंपिक और आगामी एशियाई खेलों की तैयारी में जुटी है।

दक्षिण कोरिया ने पूल बी में दो जीत और एक हार के साथ छह अंक अर्जित किए। उन्होंने चीनी ताइपे को 6-0 और बांग्लादेश को 5-1 से हराया, लेकिन मलेशिया के खिलाफ 0-5 की हार ने उनकी कमजोरियाँ उजागर कर दीं। जांग जिन-वू और किम सन-हू ने आक्रमण में धार दिखाई, जबकि गोलकीपर ली सेउंग-हून ने दबाव में कई शानदार बचाव किए। कोरिया की रणनीति तेज रफ्तार से अटैक, विंग प्ले और पेनल्टी कॉर्नर पर निर्भर है। कोच शिन सियोंग-जून ने पारंपरिक कोरियाई शैली को आधुनिक गति और फिटनेस के साथ जोड़ा है।

# शराब तस्करों व समर्थकों के हमले में चार पुलिसकर्मी गंभीर

## गिरफ्तारी के बाद भड़की भीड़

<u>नवबिहार टाइम्स संवाददाता</u>

**शिवहर।** बिहार में शराबबंदी कानून को धता बताते हुए शराब माफियाओं का दुस्साहस दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। ताजा मामला शिवहर जिले के पिपराही थाना क्षेत्र स्थित देकुली धाम का है, जहां उत्पाद विभाग की टीम छापेमारी करने पहुंची। तभी शराब तस्करों और उनके समर्थकों ने अचानक टीम पर हमला कर दिया। इस भीषण हमले में चार पुलिसकर्मी घायल हो गए।

जानकारी के मुताबिक, छापेमारी के दौरान टीम ने एक युवक को शराब के साथ गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी होते ही गांव में हड़कंप मच गया। देखते ही देखते बड़ी संख्या में लोग जुट गए और पुलिस पर हमला कर दिया। अफरातफरी के बीच लोगों ने गिरफ्तार युवक को छुड़ा लिया और पुलिस बल पर हमला करते हुए फरार हो गए।

उत्पाद थाना प्रभारी निकिता कुमारी ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि घायल पुलिसकर्मियों का इलाज कराया जा रहा है। हमलावरों की पहचान की जा रही है। मौके पर पहुंची पिपराही थाना पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया और जांच शुरू कर दी है।

यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले 27 जुलाई को तरियानी क्षेत्र के तुलसीनगर गांव में भी उत्पाद विभाग की टीम पर शराब माफियाओं ने हमला किया था, जिसमें आधा दर्जन पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। लगातार हो रहे हमलों से पुलिस-प्रशासन की सख्ती पर सवाल खड़े होने लगे हैं।

लगातार हमले यह साफ दिखाते हैं कि शराब माफिया बेखौफ हो चुके हैं और अब पुलिस बल को भी निशाना बनाने से पीछे नहीं हट रहे।

# राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की टीम कर रही मामले की जांच

## मामला दस वर्षीय छात्रा के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या का

<u>नवबिहार टाइम्स संवाददाता</u>

**पटना।** पटना जिले के मनेर में एक 10 वर्षीय बच्ची के साथ हुए दुष्कर्म और उसके बाद उसकी हत्या के मामले में जांच के लिए बिहार राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की तीन सदस्यीय टीम पहुँची। आयोग की टीम पीड़ित परिजनों से मुलाकात कीऔर फिर पूरी घटना की जानकारी ली।

जांच के दौरान पीड़ित परिजनों ने बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य शीला पंडित, हुलेश मांझी और राकेश कुमार सिंह को बताया कि पुलिस अगर तत्पर रहती तो उनकी बेटी शायद आज जिंदा रहती। उन्होंने बताया कि घटना की रात दुष्कर्मी व हत्यारे उसे बागीचे में ही बंधक बनाकर रखे हुए थे। इस घटना में कई लोग शामिल हैं, लेकिन पुलिस ने अब तक सिर्फ एक आरोपी को ही गिरफ्तार कर पाई है। जिस बेरहमी से हमारी बेटी की हत्या हुई है, हम सब सदमे में भूखे प्यासे रह रहे है।परिजनों ने पुलिस प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि पुलिस आरोपियों को पकड़ने के बदले हमलोगों को साथ देने वालों पर ही केस कर दी है। परिजनों कहना है कि हमें कुछ नही चाहिए हम सिर्फ उसे फांसी के फंदे पर लटकता देखना चाहते हैं, जो हमारी बेटी के साथ यह कृत्य किया और उसे मार डाला। आयोग की सदस्य शीला पंडित ने मौके पर मौजूद थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार से पूछा कि कितने लोगों की अब तक गिरफ्तारी हुई है। बार-बार इन लोगों का कहना है कि इस घटना में कई लोग शामिल थे।


**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**<u>ई-निविदा सूचना संख्या: ई-डीआरएम-ईएनजीजी-एडीआरए-75-81-25, दिनांक: 02.09.2025।</u>** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (अभियांत्रिकी), दक्षिण पूर्व रेलवे, आद्रा नीचे उल्लिखित विवरणों के अनुसार पी.वे जोनल, पाइपलाइन एवं विविध कार्यों के लिए 07 (सात) अदद ई-निविदायें आमंत्रित करते हैं: **क्रम संख्या:** 1। **<u>निविदा संख्या: ई-डीआरएम-ईएनजीजी-एडीआरए-75-25।</u> कार्य का विवरण:** आद्रा मंडल में डीईएन (सेंट्रल)/आद्रा के अधिकार क्षेत्र के अधीन वर्तमान ज़ब्त जीर्ण-शीर्ण/टूटे हुए रेल स्क्रू को हटाना, स्लाइड चेयरों की वेल्डिंग, गड़गड़ाहट को हटाना, गार्ड रेल की फिक्सिंग आदि। **निविदा मूल्य:** ₹ 1,44,07,706.25। **क्रम संख्या:** 2। **<u>निविदा संख्या: ई-डीआरएम-ईएनजीजी-एडीआरए-76-25।</u> कार्य का विवरण:** आद्रा मंडल के चांडिल में बंद पंप हाउस का पुनः प्रवर्तन तथा साहेब बाँध (अर्थात प्राकृतिक झील) से वर्तमान पाइपलाइन के पुनः प्रवर्तन का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** ₹ 1,33,97,742.15। **क्रम संख्या:** 3। **<u>निविदा संख्या: ई-डीआरएम-ईएनजीजी-एडीआरए-77-25।</u> कार्य का विवरण:** आद्रा मंडल में दिनांक 01.10.2025 से 30.09.2026 तक की अवधि के लिए एसएसई/पी.वे/कोटशिला के अधिकार क्षेत्र के अधीन विविध पी.वे जोनल कार्य। **निविदा मूल्य:** ₹ 1,00,00,000। **क्रम संख्या:** 4। **<u>निविदा संख्या: ई-डीआरएम-ईएनजीजी-एडीआरए-78-25।</u> कार्य का विवरण:** आद्रा मंडल में दिनांक 01.10.2025 से 30.09.2026 तक की अवधि के लिए एसएसई/पी.वे/बोकारो के अधिकार क्षेत्र के अधीन विविध पी.वे जोनल कार्य। **निविदा मूल्य:** ₹ 1,00,00,000। **क्रम संख्या:** 5 । **<u>निविदा संख्या: ई-डीआरएम-ईएनजीजी-एडीआरए-79-25।</u> कार्य का विवरण:** आद्रा मंडल में दिनांक 01.10.2025 से 30.09.2026 तक की अवधि के लिए एसएसई/पी.वे/महुदा के अधिकार क्षेत्र के अधीन विविध पी.वे जोनल कार्य। **निविदा मूल्य:** ₹ 1,00,00,000। **क्रम संख्या: 6। <u>निविदा संख्या: ई-डीआरएम-ईएनजीजी-एडीआरए-80-25।</u> कार्य का विवरण:** आद्रा मंडल में दिनांक 01.10.2025 से 30.09.2026 तक की अवधि के लिए एसएसई/पी.वे/भागा के अधिकार क्षेत्र के अधीन विविध पी.वे जोनल कार्य। **निविदा मूल्य:** ₹ 1,00,00,000। **क्रम संख्या:** 7। **<u>निविदा संख्या: ई-डीआरएम-ईएनजीजी-एडीआरए-81-25।</u> कार्य का विवरण:** आद्रा मंडल में दिनांक 01.10.2025 से 30.09.2026 तक की अवधि के लिए एसएसई/पी.वे/भोजुडीह के अधिकार क्षेत्र के अधीन विविध पी.वे जोनल कार्य। **निविदा मूल्य:** ₹ 1,00,00,000। ई-निविदा बंद होने की तारीख और समय: **26.09.2025 को अपराह्न 3:00 बजे** (क्रम संख्या 1 से 7 प्रत्येक के लिए)। उपर्युक्त ई-निविदाओं के विवरण के लिए कृपया वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** देखें। **(PR-592)**


# फूड प्वाइजनिंग से एक ही परिवार के पांच बीमार



<u>नवबिहार टाइम्स संवाददाता</u>

**कैमूर।** जिले से बड़ी खबर सामने आई है। भभुआ थाना क्षेत्र के देवर जी खुर्द गांव में फूड प्वाइजनिंग की वजह से एक ही परिवार के पांच लोगों की हालत अचानक बिगड़ गई। बीमार हुए लोगों में बबलू सिंह, उनकी पत्नी माया देवी, माता चंदा कुंवर और दो बेटियां सरिता व कविता कुमारी शामिल हैं। सभी को तुरंत इलाज के लिए भभुआ सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घटना की जानकारी मिलते ही भभुआ पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू कर दी। अस्पताल के डॉक्टरों ने बताया कि सभी मरीजों की हालत फिलहाल स्थिर है और वे खतरे से बाहर हैं। फूड प्वाइजनिंग के कारण उनकी तबीयत बिगड़ी थी, लेकिन निगरानी में इलाज जारी है।

# जमशेदपुर की बेटी हरप्रीत जटैल बॉलीवुड में मचा रही धमाल

<u>नवबिहार टाइम्स संवाददाता</u>

**जमशेदपुर।** शहर ने हमेशा से प्रतिभाओं को जन्म दिया है, जिनका टैलेंट बॉलीवुड और ग्लैमर की दुनिया में अपनी छाप छोड़ता है। छोटे शहर से निकलकर बड़े पर्दे और ग्लैमर इंडस्ट्री तक का सफर आसान नहीं होता, लेकिन शहर की बेटियों ने साबित किया कि मेहनत और हुनर की कोई सीमा नहीं होती।

प्रियंका चोपड़ा जैसी ग्लोबल आइकन, लारा दत्ता जैसी मिस यूनिवर्स, नेशनल अवार्ड विनर स्वेता बसु प्रसाद, रसिका दुग्गल, चर्चित टीवी अभिनेत्री प्रत्यूषा बनर्जी, इशिता और तनुश्री दत्ता जैसी फिल्मी सितारों और टीवी स्टार श्रुति कंवर, ये सभी जमशेदपुर के टैलेंट का प्रतीक हैं।

इसी प्रेरक परंपरा में अब हरप्रीत जटैल का नाम जुड़ चुका है। छोटे शहर से निकलकर मायानगरी मुंबई तक का उनका सफर न केवल प्रेरणादायक रहा है, बल्कि अभिनय, ग्लैमर और बहुमुखी प्रतिभा के मामले में उन्होंने अपने लिए एक विशेष जगह भी बनाई है। उनका पूरा परिवार बिष्टुपुर में रहता है। वह बिष्टुपुर स्थित सेंट मेरीज इंग्लिश स्कूल की पूर्व छात्रा रह चुकी है। उनके पिता इंद्रजीत सिंह क्रिकेट व फुटबॉल के कोच रह चुके हैं। उनकी मां सुवेंद्र कौर सेंट मेरीज की शिक्षिका है।

हरप्रीत का अभिनय सफर केवल टेलीविजन या विज्ञापनों तक सीमित नहीं है। उन्होंने हिंदी फिल्म 'दीवार के उस पार' (2025) में दमदार अभिनय किया। यह फिल्म चेन्नई अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव, जयपुर अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव और जागरण फिल्म महोत्सव जैसे कई प्रतिष्ठित मंचों पर प्रदर्शित हुई और भरपूर सराहना पाई।

दर्शकों और समीक्षकों दोनों ने हरप्रीत के अभिनय को विशेष तौर पर नोटिस किया और उनके प्रदर्शन की जमकर तारीफ की। हरप्रीत की बहुमुखी प्रतिभा उनकी आवाज में भी झलकती है। वह एक सफल वॉइस आर्टिस्ट हैं और मौनी रॉय, एमी जैक्सन, अनुपमा परमेश्वरन और अनुष्का शेट्टी जैसी अभिनेत्रियों की आधिकारिक हिंदी डबिंग कर चुकी हैं।

ओटीटी की दुनिया में भी हरप्रीत अपनी छाप छोड़ चुकी हैं। विक्रम भट्ट की वेब श्रृंखला 'सनक'



(एमएक्स प्लेयर, 2022) से लेकर डिज्नी हॉटस्टार की 'आर या पार' (2023) और जियो सिनेमा की 'रणनीति' (2024) तक, उन्होंने अलग-अलग किरदार निभाकर यह साबित किया कि वे किसी भी भूमिका को गहराई से निभा सकती हैं।

## निर्माण में आयी बाधा

**मुजफ्फरपुर।** साहेबगंज- मानिकपुर फोरलेन निर्माण में बाधा हो गई है। दरअसल, निर्माण को लेकर 482 रैयतों से करीब 184 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहित की गई थी, लेकिन अभी 400 से अधिक ऐसे रैयत हैं, जिन्हें मुआवजा राशि नहीं मिली है।परियोजना का कार्य करने के लिए एनएचएआई की ओर से मेसर्स जेएसपी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड को टेंडर दिया गया है। एजेंसी के ठेकेदार जब कार्य कराने पहुंचे तो रैयतों ने विरोध शुरू कर दिया। इससे कार्य रोकना पड़ा। एजेंसी की ओर से इसकी जानकारी छपरा के परियोजना निदेशक राजू कुमार को दी गई। उन्होंने सभी संबंधित रैयतों की पूरी सूची भेजकर जिला भू-अर्जन पदाधिकारी से अंतिम नोटिस निर्गत करते हुए भुगतान की प्रक्रिया सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है।

C M Y K

# बिहार भाजपा कोर कमिटी की बैठक में सीट बंटवारे पर चर्चा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने आज दिल्ली में बिहार भाजपा कोर कमिटी के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। सूत्रों की माने तो इस बैठक का मुख्य उद्देश्य बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारियों को अंतिम रूप देना और रणनीति पर विचार-विमर्श करना था। सूत्रों की माने तो बैठक में चुनावी रणनीति और सीट बंटवारे पर चर्चा की गई। बैठक में बिहार विधानसभा चुनाव के लिए रणनीति पर गहन विचार-विमर्श किया गया। बैठक में श्री शाह और श्री नड्डा ने एनडीए के घटक दलों जनता दल यूनाइटेड, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास), हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) और राष्ट्रीय लोक मोर्चा जैसी पार्टियों को दी जाने वाली सीटों पर पार्टी ने कोर ग्रुप के नेताओं से चर्चा की। साथ ही पार्टी सूत्रों के मुताबिक पार्टी द्वारा करवाए गए सर्वे के आधार पर 243 विधानसभा सीटों पर भाजपा और सहयोगी दलों की स्थिति का आकलन किया गया। पार्टी सूत्रों की माने तो चुनाव के मुख्य मुद्दे, एंटी-इनकंबेंसी से संबंधित मुद्दे और सर्वे रिपोर्ट के आधार पर कमजोर और मजबूत क्षेत्रों की गई पहचान वाली सीट और कुछ विधायकों के टिकट काटने पर विचार किया गया। इसके अलावा हाल ही में इंडिया गठबंधन की 'वोटर अधिकार यात्रा' के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां के खिलाफ कथित अपशब्दों के मुद्दे पर भी चर्चा हुई।

# खेल प्रतिभाओं को निखारने को प्रतिबद्ध बी. डी. कॉलेज : प्रो. रत्ना अमृत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के तत्वावधान में बी. डी. कॉलेज, पटना ने अंतर-महाविद्यालय मुक्केबाजी प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया। प्रतियोगिता का संचालन महाविद्यालय के खेल प्रभारी डॉ. अशोक कुमार साव के नेतृत्व में हुआ। आयोजन समिति में प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत के साथ डॉ. अमित कुमार (अर्थ अधिकारी), डॉ. रवि कुमार, डॉ. मनीषा प्रियंबदा, डॉ. नीतू तिवारी, डॉ. वीरेंद्र मंडल तथा एन. सी. सी. प्रभारी राहुल कुमार सिंह सक्रिय रूप से शामिल रहे। प्रतियोगिता में पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय से जुड़े 8 महाविद्यालयों के कुल 17 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। रोमांचक मुकाबलों के बाद आर. के. डी. कॉलेज ने चार स्वर्ण पदक जीतकर चैंपियन का खिताब हासिल किया। समापन अवसर पर बी. डी. कॉलेज की प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत ने सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि खेल को खेल भावना से खेलना चाहिए क्योंकि यह न केवल सम्मान, सहयोग और निष्पक्षता जैसे व्यक्तिगत मूल्यों को विकसित करता है बल्कि जीवन में सफलता के लिए भी आवश्यक है। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को प्रमाणपत्र और पदक प्रदान किए तथा आगामी अखिल भारतीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं।

# पूरे भारत में तेजी से लोकप्रिय हो रहे बिहार खादी के उत्पाद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार राज्य खादी और ग्रामोद्योग बोर्ड के ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से बिहार खादी के उत्पाद अब पूरे भारत के विभिन्न हिस्सों में उपलब्ध है। इस प्लेटफार्म के माध्यम से खादी उत्पादों की ऑनलाइन बिक्री में एक महत्वपूर्ण बढ़ोतरी देखी जा रही है और खासकर साउथ क्षेत्र में इनकी बिक्री ने नई ऊंचाइयों को छुआ है।

इस संबंध में बिहार खादी के ई-कॉमर्स की टीम के मो. अफजल आलम ने बताया कि बिहार खादी उत्पादों की बिक्री में दक्षिण क्षेत्र का योगदान सबसे अधिक रहा है जिसमें कुल बिक्री का 34% हिस्सा रहा। इस क्षेत्र में तमिलनाडु, तेलंगाना, कर्नाटका और केरल के लोग प्रमुख रूप से खादी उत्पादों को ऑनलाइन खरीद रहे हैं और इस क्षेत्र में खादी के प्रति रुचि बढ़ी है। दक्षिण क्षेत्र के बाद उत्तर क्षेत्र में बिक्री का 28% योगदान रहा है। इसमें बिहार और उत्तर प्रदेश प्रमुख रहे जहां खादी उत्पादों की मांग अधिक रही।

वहीं पूर्व क्षेत्र में बिक्री का 10% हिस्सा रहा जहां पश्चिम बंगाल सबसे प्रमुख राज्य रहा और पश्चिम क्षेत्र में 15% बिक्री रही जिसमें महाराष्ट्र ने सबसे अधिक योगदान दिया।

बिहारी गमछा और सिल्क साड़ियां जैसे प्रमुख खादी उत्पादों की ऑनलाइन बिक्री ने दक्षिण भारत में जबरदस्त लोकप्रियता हासिल की है। अब लोग तमिलनाडु, तेलंगाना, कर्नाटक और केरल में इन उत्पादों को ऑनलाइन खरीद रहे हैं जिससे खादी के प्रति उनकी रुचि और विश्वास बढ़ रहा है।

राज्य सरकार के खादी के प्रति निरंतर प्रचार ने खादी उत्पादों की मांग में बढ़ोतरी की है। खादी के प्रचार-प्रसार के प्रयासों ने यह सुनिश्चित किया है कि लोग अब पारंपरिक खादी वस्त्रों को अधिक महत्व दे रहे हैं और उन्हें अपनी जीवनशैली में शामिल कर रहे हैं।

# राज्य स्तरीय मास्टर प्रशिक्षकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा आम चुनाव 2025 की तैयारियों के तहत राज्य स्तरीय मास्टर प्रशिक्षकों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम बुधवार को विभागीय सभागार, पटना में संपन्न हुआ। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल के निर्देशन में आयोजित इस प्रशिक्षण के दूसरे और अंतिम दिन मास्टर प्रशिक्षकों को पेड न्यूज, मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (एमसीएमसी), आदर्श आचार संहिता, मतदाता जागरूकता अभियान (स्वीप), सूचना प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग, नामांकन, संवीक्षा, प्रत्याशीता वापसी, इलेक्ट्रॉनिक ट्रांसमिटेड डाक मतपत्र प्रबंधन प्रणाली (ईटीपीबीएमएस), मतदान दिवस, मतगणना तथा परिणाम घोषणा जैसे विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। प्रथम सत्र में धीरज कुमार (राष्ट्रीय स्तरीय मास्टर प्रशिक्षक) ने ईवीएम और वीवीपैट के संचालन एवं प्रक्रियाओं की जानकारी दी। दूसरे सत्र में कपिल शर्मा (राष्ट्रीय स्तरीय मास्टर प्रशिक्षक) ने पेड न्यूज, एमसीएमसी तथा मीडिया शिकायतों के समाधान पर प्रशिक्षण दिया। तीसरे सत्र में अशोक प्रियदर्शी (राष्ट्रीय स्तरीय मास्टर प्रशिक्षक) ने आदर्श आचार संहिता के प्रावधानों और व्यवहारिक अनुपालन पर चर्चा की। अंतिम सत्र में कपिल शर्मा ने मतदाता जागरूकता और स्वीप गतिविधियों पर मार्गदर्शन दिया। प्रशिक्षण के दौरान उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रत्नांबर निलय, उप निर्वाचन पदाधिकारी निवेदिता सिन्हा तथा राज्य स्तरीय सहायक मनीष कुमार ने प्रतिभागियों को समझाया कि इन विषयों का गहन अध्ययन और सही क्रियान्वयन ही आगामी चुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण बनाने में सहायक होगा। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों ने आश्वस्त किया कि प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान का उपयोग कर वे चुनाव प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाएंगे।

# पैक्स की सदस्यता अब ऑनलाइन मिल सकेगी : डॉ. प्रेम कुमार


**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार में प्राथमिक कृषि साख सहयोग समितियों (पैक्स) की सदस्यता के लिए अब ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। सहकारिता विभाग ने इस सुविधा को शुरू करते हुए कहा है कि इच्छुक व्यक्ति विभाग की वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। सहकारिता विभाग के मंत्री प्रेम कुमार ने कहा कि राज्य में पैक्स की ऑनलाइन सदस्यता प्रणाली सहकारिता आंदोलन को नई ऊंचाई देने वाली है। कोई भी इच्छुक व्यक्ति अपने पंचायत स्तर पर गठित पैक्स का सदस्य आसानी से बन सकता है। उन्होंने आम नागरिकों से पंचायत स्तर पर पैक्स की सदस्यता लेने की अपील की। पैक्स की सदस्यता के लिए आवेदक की उम्र 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए और वह किसी अन्य पैक्स का सदस्य नहीं होना चाहिए। आवेदन के साथ पहचान पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र, फोटो, हस्ताक्षर और दो वर्तमान सदस्यों की अनुशंसा जरूरी है। ऑनलाइन आवेदन की प्रति को संबंधित पैक्स की प्रबंध समिति को देना होगा। समिति के निर्णय के बाद सदस्यता की स्वीकृति की सूचना आवेदक को उसके पंजीकृत मोबाइल पर मिलेगी। प्रवेश शुल्क और शेयर राशि के रूप में 11 रुपये जमा करने के बाद व्यक्ति पैक्स का सदस्य बन जाएगा। वर्तमान में राज्य में 8,463 पैक्स पंचायत स्तर पर कार्यरत हैं। पैक्स का मुख्य कार्य कृषकों को कृषि आदान उपलब्ध कराना, भंडारण और विपणन की सुविधा देना है। विशेषज्ञों का मानना है कि ज्यादा से ज्यादा लोग पैक्स से जुड़ेंगे तो ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

# दिल्ली में हिंदुस्तानी आवामी मोर्चा का राष्ट्रीय अधिवेशन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (हम) का राष्ट्रीय अधिवेशन गुरुवार यानी 4 सितंबर 2025 को राजधानी दिल्ली के कॉन्सटीट्यूशन क्लब में आयोजित होगा। इस अधिवेशन में पार्टी के संरक्षक, पूर्व मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संतोष कुमार सुमन, सभी विधायक, प्रदेश अध्यक्ष, राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी तथा देशभर से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल होंगे। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता श्याम सुंदर शरण ने जानकारी देते हुए बताया कि यह अधिवेशन राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संतोष कुमार सुमन के नेतृत्व में आयोजित किया जा रहा है। अधिवेशन का शुभारंभ सुबह 11 बजे होगा। उन्होंने कहा कि यह अधिवेशन पार्टी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि इसमें बिहार चुनाव की रणनीति सहित कई अहम मुद्दों पर चर्चा होगी।

# इलेक्ट्रोस्टील जल सेवक सम्मान ने जल संरक्षण में बदलाव लाने वालों को किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** इलेक्ट्रोस्टील कास्टिंग्स लिमिटेड ने अपने बहुप्रतीक्षित पुरस्कार समारोह के तीसरे संस्करण, इलेक्ट्रोस्टील जल सेवक सम्मान 2025 का आयोजन किया। यह पुरस्कार उन व्यक्तियों और संस्थानों को मान्यता देता है जो जल संरक्षण के क्षेत्र में प्रभावशाली बदलाव ला रहे हैं। व्यक्तिगत श्रेणी में जल सेवक सम्मान 2025 पश्चिम बंगाल की लीलाबती महता को प्रदान किया गया जिन्होंने झारग्राम में तालाब-आधारित जल एवं मृदा संरक्षण की जमीनी पहल का नेतृत्व किया। झारखंड के जेम्स हेरेंज को पारंपरिक जल निकायों को पुनर्जीवित करने और आदिवासी समुदायों को सशक्त बनाने के उनके समर्पित प्रयासों के लिए उपविजेता के रूप में मान्यता दी गई। संगठन श्रेणी में यह पुरस्कार बिहार के एनजीओ आपका अंचल को प्रदान किया गया जिसने स्थायी गांव-स्तरीय जल मॉडल बनाने में अग्रणी प्रयास किए। उपविजेता की मान्यता ओडिशा की एसोसिएशन फॉर डेवलपमेंट एंड रिसर्च इन सोशियो-इकोनॉमिक एक्टिविटीज़ (आदर्शा) को इसके समेकित जलग्रहण प्रबंधन कार्यक्रमों के लिए दी गई। आजीवन उपलब्धि पुरस्कार झारखंड के साइमन उरांव को प्रदान किया गया जिन्हें ''झारखंड के जलपुरुष'' के रूप में जाना जाता है। सुनील कटियाल, पूर्णकालिक निदेशक एवं सीईओ, इलेक्ट्रोस्टील कास्टिंग्स लिमिटेड ने कहा, ''इस वर्ष के विजेता हमारे इस विश्वास की पुनः पुष्टि करते हैं कि समुदाय-नेतृत्व वाली कार्रवाई, वैज्ञानिक नवाचार, सामूहिक प्रयास और उद्देश्य के प्रति प्रतिबद्धता ही जल-सुरक्षित भविष्य की सच्ची राह हैं। विजेताओं को 68 नामांकनों में से चुना गया, जिनका चयन प्रतिष्ठित जूरी पैनल ने किया। इसमें शामिल थे डॉ. धृति बनर्जी (निदेशक, प्राणी सर्वेक्षण भारत), डॉ. कल्याण रुद्र (अध्यक्ष, पश्चिम बंगाल प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड), श्री सौमेन मित्रा, आईपीएस (सेवानिवृत्त) और सुनील कटियाल।

# मां का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तानः मंगल पाण्डेय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** स्वास्थ्य व विधि मंत्री मंगल पाण्डेय ने कहा है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्व. माताश्री का अपमान हिंदुस्तान की जनता कभी सहन नहीं करेगी। मां के अपमान के विरोध में गुरुवार को आहुत आधे दिन के बिहार बंद से विरोध का स्वर और मुखर होगा। उन्होंने कहा कि महागठबंधन के मंच से जिस तरह से प्रधानमंत्री की मां को गाली दी गई, उससे केवल बिहार ही नहीं पूरे देश की मांएं अपमानित हुई हैं। देवी दुर्गा के मातृस्वरूप की उपासना करने वाला यह देश सबकुछ बर्दाश्त कर सकता है, मगर एक मां का अपमान कभी बर्दाश्त नहीं करेगा। श्री पाण्डेय ने कहा कि छठी मैया में अगाध आस्था रखने वाला बिहार की छह करोड़ से ज्यादा महिलाएं महागठबंधन की करतूतों को माफ करने के लिए तैयार नहीं हैं। उनके अंदर अपमान की पीड़ा के साथ गुस्सा भी उबल रहा है। समय आने पर वे निंदनीय हरकत करने वालों को जरूर सबक सिखाएंगी। जिस महागठबंधन के मंच से एक स्वर्गीय हो चुकी माँ को अपमानित करने का काम हुआ, उनके शीर्ष नेताओं की ओर से चुप्पी साधना निंदनीय व दुर्भाग्यपूर्ण सोच को दर्शाता है।

# राजगीर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम अब बीसीए के अधीन

## खिलाड़ियों और कोचों ने जताया आभार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार क्रिकेट संघ (बीसीए) के खिलाड़ी, कोच, खेलकर्मी और पदाधिकारी बुधवार को बड़ी संख्या में पटना में जुटे और प्रेस वार्ता कर राज्य सरकार के फैसले के प्रति आभार व्यक्त किया। हाल ही में लिए गए इस निर्णय के तहत राजगीर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम बीसीए को सौंपा गया है। अब केवल औपचारिक प्रक्रिया पूरी होना बाकी है। रणजी खिलाड़ियों ने कहा कि इस फैसले से बिहार क्रिकेट को नई पहचान मिलेगी। अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाओं और आधुनिक ढांचे के चलते खिलाड़ियों की तैयारी और मजबूत होगी तथा उनमें आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। उनका मानना है कि अब बिहार के खिलाड़ी बड़े मुकाबलों के दबाव को झेलने और अंतरराष्ट्रीय मंच पर अच्छा प्रदर्शन करने में अधिक सक्षम हो सकेंगे। कोचों ने बताया कि विश्वस्तरीय वातावरण खिलाड़ियों के तकनीकी और मानसिक विकास में अहम भूमिका निभाएगा। नियमित रूप से अंतरराष्ट्रीय स्तर के मैदान पर अभ्यास करने से खेल कौशल में निरंतर सुधार होगा और राज्य की प्रतिभाएं राष्ट्रीय टीम तक पहुंच पाएंगी। खेलकर्मियों ने इसे खेल संरचना में बड़ा बदलाव बताया। उन्होंने कहा कि अब खिलाड़ियों को फिटनेस, प्रशिक्षण और अभ्यास की सर्वोत्तम सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उनका यह भी मानना है कि बीसीए को जिम्मेदारी मिलने से भविष्य में न सिर्फ रणजी मुकाबले बल्कि आईपीएल और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट भी बिहार में आयोजित हो सकेगा। इससे राज्य में क्रिकेट का माहौल और उत्साहपूर्ण बनेगा तथा नई पीढ़ी को प्रेरणा मिलेगी।खिलाड़ियों और कोचों ने विश्वास जताया कि यह कदम बिहार क्रिकेट को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा और आने वाले समय में राज्य से अधिक खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी जगह बनाएंगे।

बीसीए से जुड़े सभी खिलाड़ियों, कोचों और खेलकर्मियों ने राज्य सरकार का धन्यवाद करते हुए कहा कि यह निर्णय आने वाली पीढ़ियों के लिए ऐतिहासिक साबित होगा।

# रेल मंत्रालय ने कटिहार मंडल में आरओबी के निर्माण को दी मंजूरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मालीगांव।** ट्रैफिक यातायात की भीड़ को कम करने की दिशा में एक बड़े कदम के तहत, रेल मंत्रालय ने कटिहार जंक्शन के मुकुरिया इंड पर 118.61 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से 2 लेन रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) के निर्माण को मंजूरी दे दी है। यह आरओबी कटिहार मंडल के कटिहार-दंडखोरा और कटिहार-मियाना सेक्शन के बीच स्थित मौजूदा लेवल क्रॉसिंग (एलसी) गेट संख्या 2 और खख-1 की जगह लेगा। यह परियोजना एक महत्वपूर्ण बुनियादी ढाँचे के उन्नयन का हिस्सा है क्योंकि ये लेवल क्रॉसिंग राज्य राजमार्ग 98 को राष्ट्रीय राजमार्ग 31 से जोड़ने वाली एक व्यस्त सड़क पर स्थित है।

# पचरुखिया जंगल से प्रेशर कमांड आइइडी बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** नक्सल गतिविधियों पर अंकुश लगाये जाने हेतु औरंगाबाद पुलिस एवं केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा लगातार एंटी नक्सल अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में एक प्रेशर कमांड आईईडी को बरामद किया गया। इसके बाद उसे यथा स्थान पर सावधानी पूर्वक डिफ्यूज कर दिया गया। इस कार्रवाई की भनक पाकर नक्सली मौके से फरार हो गए। यह कार्रवाई मदनपुर थाना क्षेत्र के पचरूखिया पहाड़ी क्षेत्रों के आस-पास की गई है। इस क्रम में शिकारी नाला के पास से 2.5 किलोग्राम का एक प्रेशर कमांड आईईडी को बरामद किया गया। अपने कार्यालय कक्ष में प्रेस वार्ता के दौरान मदनपुर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चंदन कुमार ने बताया कि प्रेशर कमांड आईईडी को यथावत स्थान पर ही सुरक्षात्मक तरीके से विनष्ट कर दिया गया। इस दौरान सुरक्षाबलों की भनक पाकर नक्सली फरार हो गए। उन्होंने कहा कि पुलिस बल द्वारा किये गए संयुक्त कार्रवाई से नक्सलियों का मनोबल काफी गिरा हुआ है। नक्सली गतिविधि पर अंकुश लगाये जाने हेतु लगातार छापामारी अभियान जारी है।

# बिहार की धरती से पीएम मोदी की मां को गाली देने से बिहार ही नहीं देश के लोग मर्माहतः अनिल शर्मा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** बिहार भाजपा के वरिष्ठ नेता अनिल शर्मा ने दरभंगा में राजद और कंग्रेस के मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां को गाली दिए जाने की घटना को लेकर आज कहा कि बिहार की धरती से पीएम मोदी की मां को गाली देने से बिहार के लोग मर्माहत हैं। आश्चर्य है कि इस घटना को लेकर अब तक राहुल गांधी और तेजस्वी यादव ने खेद तक व्यक्त नहीं किया, यह दर्शाता है कि इनके पास न संस्कार है और न संस्कृति का ख्याल है।

भाजपा प्रदेश कार्यालय में आज एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि महागठबंधन को इस घटना की कीमत चुकानी पड़ेगी। वैसे राहुल गांधी से खेद की उम्मीद भी नहीं है क्योंकि इससे पहले भी उन्होंने देश के पीएम के लिए तू-तड़ाक की भाषा बोलते रहे हैं। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि राहुल गांधी अपने जीवनकाल में कभी पीएम नहीं बनने वाले हैं। राहुल गांधी ने अपने आचरण से अपना व्यक्तित्व और सम्मान खो दिया है। भाजपा के नेता ने राहुल गांधी की यात्रा को लेकर कहा कि वोट चोरी की बात करना उनका बहाना है, सही में उनकी योजना देश में अराजकता फैला कर बांग्लादेश बनाना है। ये दोनों लोग राष्ट्रविरोधी और सनातन विरोधी ताकतों के इशारों पर देश में आरजकता पैदा करना चाहते हैं। उन्हें राष्ट्र सम्मान से कोई मतलब नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में जंगलराज और मंगलराज के बीच की लड़ाई होगी। सुशासन और कुशासन, सामाजिक समरसता बनाम जातीय उन्माद, सदाचार बनाम भ्रष्टाचार, विकास बनाम विनाश तथा सनातन बचाने और मिटाने वालों के बीच लड़ाई होगी। इस दौरान जो माहौल बनेगा उसका परिणाम होगा कि महागठबंधन की हालत 2010 वाली होने वाली है।

# घूसखोर ड्रग्स इंस्पेक्टर गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**अरवल।** जिला मुख्यालय के सदर अस्पताल परिसर में बने औषधि नियंत्रण कार्यालय में कार्यरत ड्रग्स इंस्पेक्टर शैलेंद्र नारायण को निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की टीम ने घूस लेते गिरफ्तार किया है। ड्रग्स इंस्पेक्टर 40 हजार रुपए घूस लेते रंगे हाथों पकड़े गए हैं। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए धावा दल के प्रभारी विनोद कुमार पांडे ने बताया कि होलसेल मेडिकल स्टोर खोलने के लिए प्रसादी इंग्लिश के जितेंद्र कुमार ने 18 जुलाई को आवेदन दिया था। परिवादी जितेंद्र कुमार ने ऑनलाइन आवेदन किया था। 24 जुलाई को ड्रग्स इंस्पेक्टर द्वारा दुकान की जांच की गयी और 30 जुलाई को 40 हजार रुपए लाइसेंस देने के लिए मांगा गया। 20 जुलाई को उन्होंने घूस की मांग की थी। इसकी शिकायत जितेंद्र कुमार ने निगरानी विभाग को की। शिकायत के सत्यापन के लिए टीम गठित की गई। शिकायत सही पाया गया। उसके बाद धावा दल ने बुधवार को कार्रवाई की। जैसे ही जितेंद्र कुमार ने ड्रग्स इंस्पेक्टर को पैसा दिया, पहले से मौजूद निगरानी विभाग की टीम ने रंगे हाथ उसे गिरफ्तार कर लिया।

# बेंगलूरु, लोकमान्य तिलक टर्मिनल एवं हावड़ा के लिए चलायी जा रही छह जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के परिचालन अवधि में विस्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** आगामी पर्व त्योहरों के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर उनकी सुविधा हेतु बेंगलूरू, लोकमान्य तिलक टर्मिनल एवं हावड़ा के लिए चलायी जा रही स्पेशल ट्रेनों के परिचालन अवधि में विस्तार करते हुए उसे पूजा स्पेशल के रूप में परिचालित की जाएगी जिनका विवरण निम्नानुसार है- डीडीयू-प्रयागराज छिवकी-जबलपुर-नागपुर-पेरम्बूर के रास्ते दानापुर और एसएमभीवी, बेंगलूरु के मध्य चलायी जा रही ट्रेनें- गाड़ी सं. 03247 दानापुर-एसएमभीवी स्पेशल के परिचालन अवधि में 15 फेरे का विस्तार करते हुए अब इसे 18.09.2025 से 25.12.2025 तक प्रत्येक गुरूवार को परिचालित की जाएगी। गाड़ी सं. 03248 एसएमभीवी-दानापुर स्पेशल के परिचालन अवधि में 15 फेरे का विस्तार करते हुए अब इसे 20.09.2025 से 27.12.2025 तक प्रत्येक शनिवार को परिचालित की जाएगी। गाड़ी सं. 03241 दानापुर-एसएमभीवी स्पेशल के परिचालन अवधि में 30 फेरे का विस्तार करते हुए अब इसे 19.09.2025 से 27.12.2025 तक प्रत्येक शुक्रवार एवं शनिवार को परिचालित की जाएगी। गाड़ी सं. 03242 एसएमभीवी-दानापुर स्पेशल के परिचालन अवधि में 30 फेरे का विस्तार करते हुए अब इसे 21.09.2025 से 29.12.2025 तक प्रत्येक रविवार एवं सोमवार को परिचालित की जाएगी।

मुजफ्फरपुर-हाजीपुर-पाटलिपुत्र-डीडीयू-प्रयागराज छिवकी-जबलपुर-भुसावल के रास्ते रक्सौल एवं सहरसा से लोकमान्य तिलक के मध्य चलायी जा रही ट्रेनें - गाड़ी सं. 05557 रक्सौल-लोकमान्य तिलक स्पेशल के परिचालन अवधि में 10 फेरे का विस्तार करते हुए अब इसे 23.09.2025 से 25.11.2025 तक प्रत्येक मंगलवार को परिचालित की जाएगी। गाड़ी सं. 05558 लोकमान्य तिलक-रक्सौल स्पेशल के परिचालन अवधि में 10 फेरे का विस्तार करते हुए अब इसे 25.09.2025 से 27.11.2025 तक प्रत्येक गुरूवार को परिचालित की जाएगी।

गाड़ी सं. 03379 धनबाद-लोकमान्य तिलक स्पेशल के परिचालन अवधि में 09 फेरे का विस्तार करते हुए अब इसे 07.10.2025 से 02.12.2025 तक प्रत्येक मंगलवार को परिचालित की जाएगी।

## संपादकीय

# अमेरिकी शुल्क को निष्प्रभावी करने की कोशिश

शुल्क संघर्ष बढ़ने के बीच भारत और जापान ने अपने विशेष रणनीतिक एवं विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को और प्रगाढ़ करने के वास्ते अगले दस वर्षों के लिए साझेदारी का एक नया खाका तैयार किया है। इसमें रक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छ ऊर्जा, दूरसंचार, दवा, महत्त्वपूर्ण खनिज, उभरती प्रौद्योगिकी और आर्थिक सुरक्षा ढांचा शामिल हैं। इसके तहत कई द्विपक्षीय समझौते हुए हैं, जिनमें न केवल साझा हित निहित हैं, बल्कि वैश्विक कारोबार में भी दोनों देशों की साख मजबूत होगी। खासकर, अमेरिका की ओर से भारत पर लगाए गए पचास फीसद शुल्क से निपटने के उपायों की तलाश के बीच जापान से यह साझेदारी और भी महत्त्वपूर्ण हो जाती है। भारत व्यापार के वैकल्पिक रास्ते खोजने में जुटा है और जापान के साथ समझौतों को इसी कड़ी का एक हिस्सा माना जा रहा है। अमेरिका की शुल्क नीति से जापान भी अछूता नहीं है और ऐसे में वह भी भारत की ओर उम्मीद भरी नजरों से देख रहा है। अमेरिकी शुल्क को निष्प्रभावी करने की कोशिशों के तहत भारत ने चालीस देशों के साथ व्यापारिक संवाद का अभियान शुरू किया है। जापान भी उनमें से एक है। विभिन्न समझौतों के तहत जापान ने भारत में एक दशक के भीतर दस हजार अरब येन (करीब 60,000 करोड़ रुपए) के निवेश का लक्ष्य रखा है। इसके अलावा दोनों देशों के बीच आपसी कामगारों को एक-दूसरे के यहां आसानी से आने-जाने एवं काम करने का मौका देने को लेकर भी एक कार्ययोजना बनी है। माना जा रहा है कि इससे पांच लाख भारतीय प्रशिक्षित कामगारों के जापान जाने का रास्ता खुलने की उम्मीद है। एक समझौता भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और जापान एअरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजंसी के बीच चंद्रमा के लिए संयुक्त अन्वेषण मिशन में सहयोग को लेकर हुआ है। दरअसल, भारत-जापान की साझेदारी न केवल दोनों देशों के लिए, बल्कि वैश्विक शांति और स्थिरता के लिए भी महत्त्वपूर्ण है। मजबूत लोकतंत्र एक बेहतर दुनिया को आकार देने में अहम भूमिका निभाते हैं। इसमें दोराय नहीं कि जापानी तकनीक और भारतीय प्रतिभा का संयोजन अंतरराष्ट्रीय पटल पर एक नए आयाम को आकार दे सकता है। रक्षा उद्योग और नवाचार के क्षेत्र में दोनों देशों के बीच सहयोग परस्पर आत्मनिर्भरता के लिए भी महत्त्वपूर्ण है। दोनों देशों ने पेरिस समझौते के तहत कार्बन क्रेडिट व्यापार पर एक साथ काम करने के लिए भी समझौता किया है। इस कदम से भारत को अपने जलवायु लक्ष्यों के लिए धनराशि और प्रौद्योगिकी हासिल करने में मदद मिल सकती है।

### शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी ने आतंकवाद पर निर्णायक कार्रवाई का आह्वान किया और सीमा पार आतंकवाद को बढ़ावा देने वालों को जवाबदेह ठहराने की बात कही। रूस के राष्ट्रपति पुतिन के साथ उनकी

**55 मिनट अमेरिका की थमी रही धड़कन...**

# भारत-रूस के 'राज' भांप नहीं पाए ट्रंप

( दिनेश मिश्र )

शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) सम्मेलन में चीन की धरती से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी सदस्यों से आतंकवाद से लड़ने के लिए दृढ़ और निर्णायक कार्रवाई करने का आह्वान किया। अपने संबोधन में उन्होंने 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद सदस्य देशों की एकजुटता के लिए उनका आभार जताया। मोदी ने कहा कि आतंकवाद से निपटने में डबल स्टैंडर्ड नहीं चलेगा। उन्होंने पाकिस्तान की ओर स्पष्ट इशारा करते हुए समूह से उन देशों को जवाबदेह ठहराने का भी आग्रह किया जो सीमा पार आतंकवाद को बढ़ावा देते हैं और उसका समर्थन करते हैं। हालांकि, इससे पहले एक तस्वीर मीडिया में आई, जिसमें एक कार में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और पीएम नरेंद्र मोदी साथ दिखे। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया पर यह तस्वीर शेयर करते हुए लिखा-राष्ट्रपति पुतिन से मिलकर हमेशा खुशी होती है!पुतिन के साथ मोदी की यह तस्वीर सामने आते ही अमेरिका की ट्रंप सरकार में खलबली मच गई और भारत को लेकर दनादन बयान जारी होने लगे। जानते हैं पूरी कहानी।

● **जब मोदी और पुतिन मिले तो अमेरिका को लगी मिर्ची–** एस सीओ के सदस्य देशों ने पहलगाम हमले की भी कड़ी निंदा की, जिसमें 26 नागरिक मारे गए थे। मृतकों और घायलों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना और संवेदना जताई। सदस्यों ने आगे कहा कि ऐसे हमलों के दोषियों, आयोजकों और प्रायोजकों को न्याय के कटघरे में लाया जाना चाहिए। सम्मेलन से इतर, प्रधानमंत्री मोदी ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ भी बातचीत की, क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप मास्को से कच्चे तेल की खरीद को लेकर नई दिल्ली के साथ तनाव बढ़ा रहे हैं। इससे पहले रविवार को प्रधानमंत्री मोदी ने चीनी नेता शी जिनपिंग के साथ द्विपक्षीय बैठक की, जिसके दौरान दोनों नेताओं ने अपने सीमा मतभेदों को सुलझाने और सहयोग बढ़ाने का संकल्प लिया।

● **मोदी-पुतिन की तस्वीर सामने और ट्रंप का टैरिफ पीछे–** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन सोमवार को चीन के तियानजिन में एससीओ शिखर सम्मेलन स्थल पर कार्यवाही के बाद अपनी द्विपक्षीय बैठक के लिए एक ही वाहन में यात्रा की। यह तस्वीर तब आई है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मॉस्को के साथ नई दिल्ली के तेल खरीदने पर 50 फीसदी टैरिफ लगा दिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में रूसी नेता के साथ अपनी तस्वीर साझा करते हुए कहा-एससीओ शिखर सम्मेलन स्थल पर कार्यवाही के बाद राष्ट्रपति पुतिन और मैं अपनी द्विपक्षीय बैठक स्थल पर साथ-साथ गए। उनके साथ बातचीत हमेशा ज्ञानवर्धक होती है।

● **कार में मोदी-पुतिन 45 मिनट रहे, अमेरिका भांप नहीं पाया–** एनडीटीवी ने सूत्रों के हवाले से बताया है कि राष्ट्रपति पुतिन एससीओ सम्मेलन स्थल से रिट्ज-कार्लटन होटल में आयोजित द्विपक्षीय बैठक तक प्रधानमंत्री मोदी के साथ यात्रा



करना चाहते थे। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के साथ शामिल होने के लिए लगभग 10 मिनट तक उनका इंतजार किया। उन्होंने कहा-इसके बाद दोनों नेता उनकी कार में साथ-साथ यात्रा करते हुए विभिन्न मुद्दों पर बातचीत करते रहे। द्विपक्षीय बैठक स्थल पर पहुंचने के पहले उन्होंने कार में 45 मिनट बिताए। इसके बाद, दोनों नेताओं की एक पूर्ण द्विपक्षीय बैठक हुई जो एक घंटे से ज्यादा चली।

● **मोदी-पुतिन के इस कदम से ट्रंप दरकिनार–** राष्ट्रपति पुतिन का यह कदम इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह ऐसे समय में आया है जब अमेरिका ने रूस के साथ भारत के तेल व्यापार की सार्वजनिक रूप से निंदा की है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नई दिल्ली पर यूक्रेन में पुतिन के युद्ध को वित्तपोषित करने का आरोप लगाया है। पिछले महीने, ट्रंप ने अमेरिका जाने वाले भारतीय सामानों पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाया था, जो एशिया में सबसे ज़्यादा है। इससे भारत को ऊर्जा ख़रीद के लिए दंडित किया जा सकता है। अमेरिकी दबाव के बावजूद, भारत ने मास्को के साथ अपना तेल व्यापार बंद नहीं किया है और कहा है कि उसके राष्ट्रीय हित उसकी ऊर्जा आयात नीतियों का मार्गदर्शन करेंगे। नई दिल्ली ने अमेरिकी शुल्कों को अनुचित और अतार्किक भी बताया है।

● **भारत-रूस का गठजोड़ अमेरिकी हितों के खिलाफ–** ट्रंप के ट्रेड सलाहकार पीटर नवारो ने पीएम मोदी की रूस और चीन के नेताओं के साथ नजदीकियों पर आपत्ति जताई है। नवारो ने कहा कि मोदी का शी जिनपिंग और व्लादिमीर पुतिन के साथ खड़ा होना शर्मनाक है। उन्होंने सवाल उठाया कि पता नहीं मोदी क्या सोच रहे हैं, हमें उम्मीद है कि वे समझेंगे कि उन्हें रूस की बजाय हमारे साथ होना चाहिए। नवारो ने भारत को 'रूस की धुलाई मशीन' कहा और आरोप लगाया कि भारत न सिर्फ व्यापार असंतुलन बढ़ा रहा है, बल्कि ऐसे गठजोड़ भी मजबूत कर रहा है, जो अमेरिका के हितों के खिलाफ हैं। इससे पहले भी नवारो ने ब्लूमबर्ग टीवी के इंटरव्यू में रूस-यूक्रेन जंग को मोदी की जंग बताया था। उन्होंने कहा था कि भारत रूस से सस्ता तेल खरीदकर उसे रिफाइन करता है और ऊंची कीमत पर बेचता है। इससे रूस को जंग के लिए पैसा मिलता है और वो यूक्रेन पर हमला करता है।

● **मोदी की एससीओ बैठक में हिस्सा लेना महज छलावा–** अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने फॉक्स न्यूज से बातचीत में भारत की रूस से कच्चे तेल की खरीद पर सवाल उठाते हुए कहा कि इससे रूस की जंग मशीन को ताकत मिल रही है। उन्होंने भारत को बुरा खिलाड़ी करार दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्थ्ह्न बैठक में हिस्सा लेने को छलावा करार देते हुए कहा कि अमेरिका और भारत मजबूत लोकतंत्र हैं और मतभेद सुलझा सकते हैं।

# ट्रंप टैरिफ ने स्वदेशी का भाव जगा दिया

(डॉ. आशीष वशिष्ठ )

ट्रंप टैरिफ ने भारत के सामने नई चुनौती रखी है। वहीं तस्वीर का दूसरा रूख यह है कि ट्रंप टैरिफ भारत को आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा देता है। स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान दिल्ली के लाल किले से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आत्मनिर्भर भारत बनाने का आह्वान किया।



हर व्यक्ति के जीवन में कभी न कभी तरक्की पाने या आगे बढने का अवसर जरूर आता है। कुछ इसका पूरा फायदा उठाते हुए इतिहास के पन्नों पर तरक्की और कामयाबी के नये अध्याय लिखते हैं। तो वहीं कुछ लोग उसे कठिनाई के रूप में देखते हुए उससे अपना पीछा छुड़ा लेते हैं। दरअसल, हम जिसे आपदा समझते हैं, उसमें भी एक अवसर छिपा रहता है। बुद्धिमान लोग ऐसे अवसरों को पहचान कर उससे मनचाहा लक्ष्य प्राप्त करते हैं। ऐसी आपदाएं किसी देश के जीवनकाल में भी आती हैं। अगर शासन की बागडोर समझदार, राष्ट्रभक्त और दूरदर्शी नेता के हाथों में हो तो वो किसी भी आपदा को अवसर में बदल कर इतिहास में अपना नाम दर्ज करवाता है।

आज भारत के सामने ट्रंप टैरिफ की आपदा मुंह बाए खड़ी है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगाया है। इसमें रूस से तेल खरीदने पर लगने वाला 25 फीसदी जुर्माना भी शामिल है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ को लेकर की जा रही मनमानी के आगे भारत ने घुटने टेकने से साफ मना कर दिया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस आपदा को अवसर की तरह देख रहे हैं। साथ ही भारत पूरी दुनिया को बता रहा है कि वह एक मजबूत देश है और दुनिया के तमाम देश उस पर भरोसा करते हैं। उसी क्रम में पीएम मोदी ने 29 अगस्त को जापान की धरती से बड़ा संदेश दिया है। पीएम मोदी ने कहा है, अब पूरी दुनिया सिर्फ भारत को देख ही नहीं रही, बल्कि उस पर भरोसा भी कर रही है।

ट्रंप टैरिफ ने भारत के सामने नई चुनौती रखी है। वहीं तस्वीर का दूसरा रूख यह है कि ट्रंप टैरिफ भारत को आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा देता है। स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान दिल्ली के लाल किले से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आत्मनिर्भर भारत बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, हमें आत्मनिर्भर बनने की जरूरत है। लेकिन हताशा में नहीं बल्कि खुद पर गर्व करते हुए. दुनिया भर में आर्थिक स्वार्थ बढ़ रहा है और हमें अपनी मुश्किलों का रोना नहीं रोना चाहिए। हमें इनसे ऊपर उठकर दूसरों के चंगुल से बचना होगा।

# चीन-भारत के मिठास भरे संबंधों से नयी विश्व संरचना संभव

(ललित गर्ग )

भारत-चीन दोनों ही विश्व की बड़ी अर्थव्यवस्थाएं और विशाल जनसंख्या वाले देश हैं। ऐसे में यदि दोनों साथ आते हैं तो न केवल आपसी विकास संभव है, बल्कि वैश्विक संतुलन और शांति की दिशा में भी बड़ा योगदान होगा।

शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन (एससीओ) शिखर बैठक में हिस्सा लेने पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच रविवार को हुई द्विपक्षीय बातचीत पर अगर दुनिया भर की नजरें टिकी थीं तो यह उद्देश्यपूर्ण एवं वजहपूर्ण थी, क्योंकि बदलती दुनिया में हाथी और ड्रैगन का साथ-साथ चलना जरूरी हो गया है। दोनों शीर्ष नेताओं की सौहार्दपूर्ण बातचीत ने न केवल दोनों



देशों के रिश्तों में बढ़ते सामंजस्य की प्रक्रिया को मजबूती दी है बल्कि कई तरह की अनिश्चितताओं के बीच विश्व अर्थ-व्यवस्था के लिए भी नई संभावनाएं पैदा की हैं, चीन में दिखे दोनों देशों के मिठासभरे संबंध अनेक नई आशाओं एवं उम्मीदों को नया आकाश देने वाले बनते हुए प्रतीत हुए हैं। दोनों देशों के रिश्तों में लंबे समय बाद सकारात्मकता की नई हवा बहती दिखाई दे रही है। एससीओ शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी और चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग की मुलाकात ने संकेत दिया है कि दोनों देश पुराने मतभेदों और अविश्वास को पीछे छोड़कर साझेदारी की नई इबारत लिखना चाहते हैं। यह मुलाकात केवल कूटनीतिक शिष्टाचार नहीं थी, बल्कि बदलते वैश्विक परिदृश्य में सहयोग और संवाद की अपरिहार्यता को स्वीकार करने का प्रयास थी।

भारत-चीन दोनों ही विश्व की बड़ी अर्थव्यवस्थाएं और विशाल जनसंख्या वाले देश हैं। ऐसे में यदि दोनों साथ आते हैं तो न केवल आपसी विकास संभव है, बल्कि वैश्विक संतुलन और शांति की दिशा में भी बड़ा योगदान होगा। हालांकि सीमाई विवाद और विश्वास की कमी जैसे मुद्दे अब भी बने हुए हैं, परंतु यदि इन्हें परे रखकर साझा आर्थिक, सामरिक और सांस्कृतिक सहयोग को प्राथमिकता दी जाए तो यह संबंध नई ऊँचाइयों को छू सकते हैं। भारत और चीन के बीच यह संवाद केवल दो देशों तक सीमित नहीं है, बल्कि अमेरिका और पश्चिमी देशों के दबदबे के बीच एशियाई शक्ति संतुलन को नई दिशा दे सकता है। यदि दोनों राष्ट्र व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाकर आपसी हितों पर ध्यान केंद्रित करें तो न केवल तनाव कम होंगे, बल्कि विश्व राजनीति में एशिया की भूमिका भी मजबूत होगी। निश्चित ही लंबे समय से चली आ रही आपसी अविश्वास की दीवारों और तनाव की बर्फ को पिघलाने का प्रयास हुआ है।

सबसे पहले, इन वार्ताओं ने यह संकेत दिया है कि भारत और चीन अब केवल मतभेदों में उलझे रहने के बजाय साझेदारी की संभावनाओं पर ध्यान दे रहे हैं। व्यापार, निवेश और तकनीकी सहयोग की दिशा में नए आयाम खुल सकते हैं। चीन भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है और यदि यह संबंध संतुलन और पारस्परिक विश्वास पर आधारित हो जाए, तो दोनों देशों की अर्थव्यवस्था को अपार गति मिल सकती है। इस मुलाकात ने अमेरिका की दादागिरी पर भी चोट की है।

डोनाल्ड ट्रंप की आक्रामक आर्थिक नीतियां और संरक्षणवादी रुख एशिया के उभरते राष्ट्रों को नई गठबंधन राजनीति की ओर धकेल रहा है। भारत-चीन के बीच बढ़ती समझदारी और रूस की भूमिका के साथ एक त्रिकोणीय शक्ति का उभार संभव है, जो पश्चिमी वर्चस्व को चुनौती देगा। यह न केवल शक्ति-संतुलन की नई धुरी बनेगा, बल्कि विश्व शांति और सौहार्द की दिशा में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है। पाकिस्तान पर भी इसका असर दिखना स्वाभाविक है।

# प्राकृतिक आपदाओं की भयंकर मार- हिमालय पर छोटी जलधाराओं का बड़ा उत्पात

**बीच का हिमाचल प्रदेश तो बिगत कुछ वर्षों से प्रकृति की इस भयंकर मार को तो निरन्तर झेल ही रहा है। जलवायु परिवर्तन और मानवीय गलतियां तो इन आपदाओं के प्रमुख कारण हैं ही, लेकिन छोटी सहायक नदियां और नाले, जिन्हें स्थानीय भाषा में 'गाड़' या 'गदेरा' कहा जाता है, उन पर चर्चा नहीं हा रही है।जबकि, यही गाड़ -गदेरे ही तबाही को अंजाम देते हैं। ये छोटी जलधाराएं, जैसे खीर गाड़, बिरही गाड़, कनोडिया गाड़, और अस्सी गंगा, बड़ी नदियों जैसे गंगा, अलकनंदा, भगीरथी और चिनाब की तुलना में कहीं अधिक विनाशकारी साबित होती हैं।इनका विकराल रूप कोई नई बात नहीं है।**

(जयसिंह रावत)

उत्तराखंड के धराली से जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ तक के पश्चिमी हिमालय का क्षेत्र इन दिनों त्वरित बाढ़, बादल फटने और भूस्खलन जैसी प्राकृतिक आपदाओं की भयंकर मार झेल रहा है। गत 5 अगस्त को उत्तरकाशी के धराली में खीर गाड़ और फिर 14 अगस्त को किश्तवाड के चशोती में नालों से आई बाढ़ ने इस क्षेत्र की संवेदनशीलता को फिर से उजागर कर दिया।

बीच का हिमाचल प्रदेश तो बिगत कुछ वर्षों से प्रकृति की इस भयंकर मार को तो निरन्तर झेल ही रहा है। जलवायु परिवर्तन और मानवीय गलतियां तो इन आपदाओं के प्रमुख कारण हैं ही, लेकिन छोटी सहायक नदियां और नाले, जिन्हें स्थानीय भाषा में 'गाड़' या 'गदेरा' कहा जाता है, उन पर चर्चा नहीं हा रही है।जबकि, यही गाड़ -गदेरे ही तबाही को अंजाम देते हैं। ये छोटी जलधाराएं, जैसे खीर गाड़, बिरही गाड़, कनोडिया गाड़, और अस्सी गंगा, बड़ी नदियों जैसे गंगा, अलकनंदा, भगीरथी और चिनाब की तुलना में कहीं अधिक विनाशकारी साबित होती हैं।इनका विकराल रूप कोई नई बात नहीं है। सन् 1970 की अलकनंदा बाढ़ से लेकर 1978 की भगीरथी बाढ़ और अब 2025 की धराली आपदा तक, छोटी नदियों और नालों की विनाशकारी शक्ति बार-बार सामने आई है।इसलिए जरूरी है कि इस क्षेत्र के जल तंत्र को समझा जाए हिमालय के समूचे जलागम क्षेत्र का अध्ययन कर भविष्य के लिए बचाव रणनीति तैयार की जाए। वैसे भी गंगा, यमुना, सतलज और झेलम जैसी नदियों के श्रोत ही यही गाड़ गदेरे है। ये छोटी धाराएं संकीर्ण घाटियों और तीव्र ढलानों में पानी और मलबे को तेजी से नीचे लाती हैं, जिससे त्वरित बाढ़ और मलबा बहाव होता है।हिमालयी जल तंत्र जटिल है, जहां जलवायु परिवर्तन, ऊबड़-खाबड़ भू-आकृति, और मानवीय गतिविधियां आपदाओं को जन्म देती हैं। गंगा जैसी विशाल नदियां देवप्रयाग से शुरू होती हैं, लेकिन उनकी सहायक नदियां अलकनंदा और भगीरथी, और इनसे जुड़े छोटे गाड़-गदेरे, इनका



असली जलस्रोत हैं।अंतरराष्ट्रीय जलवायु अनुसंधान केंद्र के अध्ययन के अनुसार, हिमालय में 70-80 प्रतिशत त्वरित बाढ़ें छोटी धाराओं से जुड़ी हैं, जो ऊपरी क्षेत्रों में भारी वर्षा या हिमपात के पिघलने से उत्पन्न पानी को तेजी से नीचे लाती हैं। एक अन्य अध्ययन के अनुसार मृदा और जल मूल्यांकन उपकरण मॉडल से अलकनंदा नदी तंत्र का विश्लेषण दिखाता है कि 20 से 24 प्रतिशत पानी इन छोटी धाराओं से आता है, जो बाढ़ को बढ़ाता है।पूरे जल संग्रहण क्षेत्र का अध्ययन न करने से पूर्वानुमान और रोकथाम असंभव हो जाता है। विशेषज्ञ आनंद शर्मा, जो भारतीय मौसम विभाग के पूर्व निदेशक हैं, कहते हैं कि बादल फटने की बजाए पूरे जल संग्रहण क्षेत्र की वर्षा की निगरानी जरूरी है, क्योंकि दूरस्थ छोटी धाराएं ही बाढ़ का मुख्य कारण बनती हैं।छोटी नदियां और नाले बड़ी नदियों से ज्यादा नुकसान क्यों करते हैं? इसका कारण भौगोलिक, जलवायु-संबंधी और मानवीय कारकों का संयोजन है। हिमालय की संकीर्ण घाटियां और 40 से 50 डिग्री तक की तीव्र ढलानें पानी और मलबे को तेज गति देती हैं। ये धाराएं भारी वर्षा या हिमपात के पिघलने से भरकर मिट्टी, पत्थर, पेड़-पौधे और बड़े-बड़े बोल्डर नीचे लाती हैं, जिससे मलबा प्रवाह क्षेत्र बनते हैं।

अगर इन क्षेत्रों पर बाजार या बस्तियां बनी हों, जैसा कि धराली में हुआ, तो विनाश कई गुना बढ़ जाता है। छोटे नाले बड़ी नदियों को अस्थायी रूप से रोकने में भी सक्षम होती हैं, जिससे झीलें बनती हैं। इन दिनों धराली के ही निकट एक अन्य नाले द्वारा बाढ़ में लाए गए मलबे के कारण भागीरथी में झील बनी हुई है।

ऐसी झीलों के टूटने से टूटने से भयंकर बाढ़ आती रही हैं। उदाहरण के लिए, 1978 में उत्तरकाशी में कनोडिया गाड़ ने भूस्खलन से गंगनानी में 30 मीटर ऊंचा अस्थायी बांध बनाया, जिसके टूटने से भगीरथी में बाढ़ ने निचले क्षेत्रों को तबाह कर दिया।

जलवायु परिवर्तन के कारण बढ़ता तापमान वायुमंडल में नमी बढ़ाता है, जिससे चरम वर्षा की घटनाएं बढ़ती हैं। भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान पुणे की 2022 की स्टडी ने पिछले 50 वर्षों में पश्चिमी हिमालय में ऐसी घटनाओं में वृद्धि साबित की है। इसके अलावा, ग्लेशियर पिघलने से बनी झीलें फटने पर त्वरित बाढ़ लाती हैं।

मानवीय गतिविधियां, जैसे अव्यवस्थित सड़क निर्माण, बांध, और वनों की कटाई, भूगर्भीय रूप से कमजोर क्षेत्रों में ढलानों को अस्थिर करती हैं। मुख्य केंद्रीय थ्रस्ट जोन, जहां चट्टानें टूटी-फूटी हैं, में धराली जैसे स्थानों पर भगीरथी के पास निर्माण ने मलबा बहाव को बढ़ाया है। सिक्किम का तीस्ता-तृतीय बांध, जो 2023 में नष्ट हुआ, इसका एक और उदाहरण है।

इन आपदाओं के ऐतिहासिक उदाहरण इस क्षेत्र की भेद्यता को रेखांकित करते हैं। अगस्त 2025 में धराली में खीर गाड़ से आई त्वरित बाढ़ ने बाजार को बहा दिया, जिसमें बड़ी संख्या में जनहानि हुई है। खीर गाड़ ने भगीरथी को मुखवा की ओर धकेल दिया, जिससे नदी का प्रवाह प्रभावित हुआ।

# जनसंख्या में बेहतर कार्य करने वालों को इलेक्ट्रोस्टील जल सेवक सम्मान



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** इलेक्ट्रोस्टील कास्टिंग्स लिमिटेड ने अपने बहुप्रतीक्षित पुरस्कार समारोह के तीसरे संस्करण, इलेक्ट्रोस्टील जल सेवक सम्मान 2025 का आयोजन किया। यह पुरस्कार उन व्यक्तियों और संस्थानों को मान्यता देता है जो जल संरक्षण के क्षेत्र में प्रभावशाली बदलाव ला रहे हैं। व्यक्तिगत श्रेणी में जल सेवक सम्मान 2025 पश्चिम बंगाल की लीलाबती महता को प्रदान किया गया, जिन्होंने झारग्राम में तालाब-आधारित जल एवं मृदा संरक्षण की जमीनी पहल का नेतृत्व किया। झारखंड के जेम्स हेरेंज को पारंपरिक जल निकायों को पुनर्जीवित करने और आदिवासी समुदायों को सशक्त बनाने के उनके समर्पित प्रयासों के लिए उपविजेता के रूप में मान्यता दी गई। संगठन श्रेणी में यह पुरस्कार बिहार के एनजीओ आपका अंचल को प्रदान किया गया, जिसने स्थायी गांव-स्तरीय जल मॉडल बनाने में अग्रणी प्रयास किए। उपविजेता की मान्यता ओडिशा की एसोसिएशन फॉर डेवलपमेंट एंड रिसर्च इन सोशियो-इकोनॉमिक एक्टिविटीज (आदर्शा) को इसके समेकित जलग्रहण प्रबंधन कार्यक्रमों के लिए दी गई। आजीवन उपलब्धि पुरस्कार झारखंड के साइमन उराँव को प्रदान किया गया, जिन्हें "झारखंड के जलपुरुष" के रूप में जाना जाता है।

सुनील कटियाल, पूर्णकालिक निदेशक एवं सीईओ, इलेक्ट्रोस्टील कास्टिंग्स लिमिटेड ने कहा, "इस वर्ष के विजेता हमारे इस विश्वास की पुनः पुष्टि करते हैं कि समुदाय-नेतृत्व वाली कार्रवाई, वैज्ञानिक नवाचार, सामूहिक प्रयास और उद्देश्य के प्रति प्रतिबद्धता ही जल-सुरक्षित भविष्य की सच्ची राह हैं।" विजेताओं को 68 नामांकनों में से चुना गया, जिनका चयन प्रतिष्ठित जूरी पैनल ने किया। इसमें शामिल थे डॉ. धृति बनर्जी (निदेशक, प्राणी सर्वेक्षण भारत), डॉ. कल्याण रुद्र (अध्यक्ष, पश्चिम बंगाल प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड), श्री सौमेन मित्रा, आईपीएस (सेवानिवृत्त) और सुनील कटियाल।

# चौक- चौराहों एवं महापुरुषों की प्रतिमाओं का सौंदर्यीकरण, जीर्णोद्धार कार्य शीघ्र प्रारम्भ होगा



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर निगम द्वारा शहर के सौंदर्यीकरण एवं मूलभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। निगम क्षेत्र के सभी प्रमुख चौक-चौराहों एवं महापुरुषों की प्रतिमाओं का सौंदर्यीकरण एवं जीर्णोद्धार कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा। इससे शहर का ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्वरूप और भी आकर्षक बनेगा। आगामी पर्व - त्योहारों को देखते हुए निगम क्षेत्र के सभी वार्डों में सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने का निर्णय लिया गया है। इसके अंतर्गत प्रत्येक वार्ड में सफाई कर्मियों की संख्या संतुलित करते हुए डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण कार्य को और प्रभावी बनाया जाएगा, ताकि गली-मोहल्लों में स्वच्छता सुनिश्चित हो सके। शहर में स्ट्रीट लाइट व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए पूर्व में आमंत्रित निविदा के अंतर्गत कार्यों को तेजी से पूरा कराया जा रहा है। साथ ही सभी वार्डों में स्ट्रीट लाइट अधिष्ठान की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। पिछली बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में हाइ मास्ट लाइट लगाने के कार्य को भी शीघ्र पूर्ण कर शहर की रात्रिकालीन प्रकाश व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाएगा। नगर निगम मोतिहारी में वर्तमान में कर्मियों की कमी को देखते हुए, निगम कर्मी मदन राम, लेखापाल की सेवा अवधि को उनकी सेवानिवृत्ति तिथि अक्टूबर 2025 से अगले दो वर्षों के लिए बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। यह सेवा विस्तार नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना के संकल्प संख्या-4956 दिनांक 17.09.2018 के प्रावधानों के आलोक में लिया गया है। नगर निगम मोतिहारी नागरिकों से अपील करता है कि वे स्वच्छता और शहर के सौंदर्यीकरण में सक्रिय सहयोग प्रदान करें, ताकि मोतिहारी एक स्वच्छ, सुंदर और आधुनिक शहर के रूप में विकसित हो सके।

## संक्षिप्त समाचार

### बाढ़ कृषि विज्ञान केन्द्र में प्राकृतिक खेती पर कृषि सखियों को दिया जा रहा है प्रशिक्षण

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कृषि विज्ञान केन्द्र, बाढ़, पटना के परिसर में दिनांक 01 सितम्बर से 05 सितम्बर 2025 तक नेषनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग योजना अन्तर्गत प्राकृतिक खेती विषय पर कृषि सखी को पाँच दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। केन्द्र के वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान डाङ्ग रीता सिंह ने कृषि सखियों को प्राकृतिक खेती से लाभ एवं सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में सखियों के बीच विस्तार से चर्चा की। केन्द्र के मृदा विज्ञान के वैज्ञानिक श्री राजीव कुमार ने उपस्थित कृषि सखियों को बीजमृत, जीवामृत, घनजीवामृत, निमास्त्र आदि को बनाने एवं प्राकृतिक खेती उनका उपयोग के बारे में विस्तार से विस्तार से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। केन्द्र उद्यान वैज्ञानिक डा० पुष्पम पटेल ने प्राकृतिक खेती में उपयोग होने वाले विभिन्न सिंद्धांतो एवं अव्यवों के बारे मे कृषि सखी को बताया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में पटना जिले के विभिन्न प्रखण्डों से 24 कृषि सखियों ने भाग लिया।

### आखिरी दिन परीक्षा कदाचार मुक्त शांतिपूर्ण सम्पन्न

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बी.आर.ए बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर के तत्वावधान में टी.डी.सी. तृतीय खंड (पार्ट -3) की परीक्षा 21/08/2025 से आरंभ हुई थी। दिनांक -03/08/2025 को परीक्षा के दसवें और आखिरी दिन मुंशी सिंह महाविद्यालय, मोतिहारी परीक्षा केंद्र पर प्रथम पाली में 935 परीक्षार्थियों ने और दूसरी पाली में 1219 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी । प्रथम पाली में ग्रुप-सी, और दूसरी पाली में ग्रुप-डी ऑनर्स विषय के अंतर्गत आने वाले सभी विषयों के विद्यार्थियों ने सामान्य अध्ययन (ऋ्ल) विषय की परीक्षा दी` परीक्षा कदाचार मुक्त और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई । कदाचार मुक्त और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न परीक्षा के लिए महाविद्यालय के प्राचार्य - सह केंद्राधीक्षक प्रो. एम. एन. हक ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए महाविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक, सहयोगी शिक्षक और शिक्षकेतर कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया` यह जानकारी मुंशी सिंह महाविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. मशहूर अहमद के हवाले से महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. गौरव भारती ने दी है ।

### मुख्य पार्षद ने पीसीसी सडक व नाला का किया उदघाटन

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद के 40 वार्डों को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए परिषद के मुख्य पार्षद द्वारा सभी वार्डों में कच्ची सड़कों को पक्की करने के साथ-साथ सभी वार्ड में जलनिकासी की व्यवस्था को लेकर लगातार कार्य कराया जा रहा है. बुधवार को परिषद के वार्ड 34 में नासरीगंज जयपाल नगर में करीब 44 लाख की लागत से तीन नवनिर्मित पीसीसी सडक व आरसीसी नाला का उदघाटन मुख्य पार्षद शिल्पी कुमारी व सशक्त समिति सदस्य रेखा देवी के प्रतिनिधि सह समाजसेवी धीरज कुमार यादव द्वारा नारियल फोड़कर तथा निर्माण स्थल पर लगाये गये शिलापट्ट का अनावरण कर किया गया. मुख्य पार्षद ने कहा कि परिषद क्षेत्र में बड़े-छोटे नाला का निर्माण कराया गया है और कराया जा रहा है. शहर साफ व सुंदर बने. इसके लिए लगातार प्रयास जारी है. मौके पर पार्षद अनिल कुमार , गोपाल प्रसाद , दुर्गेश साह, राजेश शर्मा, पार्षद प्रतिनिधि सुरेंद्र चौरसिया, मनोज मास्टर, नरेश कुमार ,विजेंद्र कुमार , सिंकदर यादव,पप्पु यादव , निरंजन कुमार , समाजसेवी राज कुमार यादव , धर्मेंद्र यादव आदि लोग भी उपस्थित थे. मुख्य पार्षद शिल्पी कुमारी व पार्षद प्रतिनिधि धीरज यादव ने कहा कि परिषद क्षेत्र के सभी 40 वार्डों का विकास ही हमारा लक्ष्य है . विकास के कार्यों में किसी भी हाल में कोताही को बर्दास्त नहीं किया जाएगा.

### 95 बैग यूरिया के साथ पिकअप गाड़ी जब्त

**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/नबिटा संवाददाता।** पकड़ीदयाल अनुमंडल प्रशासन ने यूरिया की कालाबाजारी पर बड़ी कार्रवाई की है। एसडीओ कृतिका के नेतृत्व में पकड़ीदयाल पुलिस ने छापेमारी कर एक पिकअप वाहन से 95 बैग यूरिया जब्त किया गया। वाहन का निबंधन संख्या इफ05ऋ9207 है।पूछताछ के दौरान गाड़ी ड्राइवर उर्वरक की खरीद से जुड़े कागजात नहीं दिखा सका। जिला कृषि पदाधिकारी मनीष कुमार सिंह की शिकायत पर पकड़ीदयाल थाना में गाड़ी मालिक और ड्राइवर के खिलाफ प्राथमिक दर्ज कराया गया। मामला भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा-7 के तहत दर्ज है। एसडीओ कृतिका ने चेतावनी दी है कि खाद की कालाबाजारी करने वालों को सीधे जेल भेजा जाएगा। प्रशासन की इस कार्रवाई से कालाबाजारी करने वालों में हड़कंप मचा है। किसानों ने प्रशासन की इस कार्रवाई का स्वागत किया है। उनका कहना है कि इससे खाद की किल्लत दूर होगी और जरूरतमंद किसानों को उर्वरक आसानी से मिल सकेगा।

### 7 सिंतबर को श्रवण यात्रा का शुभारंभ किया जायेगा

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दानापुर को जिला व मनेर को अनुमंडल व दियारा को प्रखंड बनाने की मांग को लेकर आगामी 13 सितंबर को प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रस्तावित धरना दिया जायेगा. सामाजिक कार्यकर्ता पीटी गजेंद्र कुमार ने बताया कि धरना को सफल बनाने के लिए आगामी 7 सितंबर को पटना जिला भाव श्रवण यात्रा का कार्यक्रम बीएस कॉलेज से प्रारंभ किया जायेगा. जो तकियापर, इमलीतल, शाहपुर, दाउदपुर, शेरपुर, खासपुर ,ब्यापुर, गौरेया स्थान,महिनवां, मनेर,महादेव स्थान होते हुए बिहटा से शिवाला,उसरी,खगौल मार्ग होते हुए सगुना मोड, मैनपुरा व हाथीखाना मोड़ तक सड़क मार्च का समापन किया जायेगा.सामाजिक कार्यकर्ता पीजी गजेंद्र कुमार ने बताया कि पटना जिला की आबादी वर्तमान समय में करीब 60 लाख से भी अधिक है. इसलिए पटना जिला को विभाजित कर दानापुर को जिला व मनेर को नया अनुमंडल तथा दानापुर दियारा को प्रखंड बनाने की मांग राज्य सरकार से किया है.

### दानापुर से वृद्ध महिला लापता

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नौबतपुर थाना क्षेत्र के डिहरी निवासी योगेंद्र राम की 60 वर्षीय पत्नी उर्मिला देवी पिछले 28 अगस्त से घर से लापता है. इस संबंध में लापता के पुत्र रंजन कुमार ने स्थानीय थाना में गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया है. दर्ज प्राथमिकी में रंजन ने बताया कि 28 अगस्त को दोपहर घर से लापता हो गई है. अपने रिश्तेदारों के यहां खोजबीन किया . परंतु कही पता नही चला है.

# सरकारी विद्यालय के प्रधानाध्यापकों को टैबलेट के उपयोग का दिया गया प्रशिक्षण

**चिरैया(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड संसाधन केंद्र में बुधवार को बीईओ सरोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय मासिक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड क्षेत्र के सभी सरकारी विद्यालय के प्रधान शिक्षक, प्रधानाध्यापक एवं कंप्यूटर शिक्षक ने भाग लिया। बैठक में विभाग द्वारा निदेशित कार्यों का ससमय निष्पादन एवं उसकी समीक्षा की गई। इसके अलावा विभागीय कार्यों तथा बच्चों की उपस्थिति के लिए विद्यालय को उपलब्ध कराए गए टैबलेट के उपयोग का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान प्रशिक्षणकर्ता प्रधान शिक्षक अबुल कासिम एवं कंप्यूटर शिक्षक विधा शंकर प्रसाद के द्वारा टैबलेट में सिम इंसर्ट करने से लेकर टैब के माध्यम से चेतना सत्र की फोटोग्राफी, एमडीएम की रिपोर्टिंग तथा शिक्षकों की उपस्थिति दर्ज करने के बारे विस्तृत रूप जानकारी दी गई।मासिक बैठक के संबंध में बीईओ सरोज कुमार सिंह ने बताया कि आगामी बिहार विधानसभा चुनाव हेतु सभी एचएम को इस आशय का प्रमाण-पत्र साथ लाने के निर्देश दिए गए थे कि उनके कार्यालय के किसी भी कर्मी का नाम चेक लिस्ट में नहीं छूटा हो तथा सभी कर्मियों की जानकारी उपलब्ध करा दी गई हो। वहीं जिन विद्यालयों में मतदान केन्द्र है, वहां के प्रधानाध्यापक से आधारभूत संरचना कि वर्तमान स्थिति का प्रतिवेदन मांगा गया। जबकि पीबीएल 3.4 पूर्ण नहीं करने वाले प्रधानाध्यापक से स्पष्टीकरण लिया गया। बैठक तीन पालियों में आयोजित की गई थी। मौके पर प्रधानाध्यापक प्यारे सतीश कुमार सिंह, दयाशंकर पंडित, अरुण कुमार सुमन, संतोष कुमार, दबीर अहमद, अरुण कुमार, प्रधान शिक्षक कार्तिक कुमार, शिक्षक अशोक पटेल, पल्लवी प्रिया , मनीष कुमार, लेखापाल अखिलेश्वर प्रसाद, डाटा इंट्री ऑपरेटर प्रकाश कुमार सहित अन्य कर्मी मौजूद थे ।

**प्रखंड स्तरीय मासिक बैठक में सभी एचएम को दिए गए आवश्यक दिशा - निर्देश**



# मां के अपमान के विरोध में भाजपा का मशाल जुलूस

**बिहार बंद की पूर्व संध्या पर भाजपा द्वारा मशाल जुलूस निकाल कर बंद का आह्वान किया गया**

**आरा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय जनता पार्टी भोजपुर जिलाध्यक्ष दुर्गा राज के नेतृत्व मे प्रधानमंत्री की माता जी के अपमान के खिलाफ बुधवार को बिहार बंद की पूर्व संध्या पर भाजपा द्वारा मशाल जुलूस निकाला गया। भाजपा द्वारा मशाल जुलूस बड़ी मठिया से शिवगंज मोड़,जेल रोड होते हुए गोपाली चौक तक निकाला गया। मशाल जुलूस मे शामिल आरा विधायक अमरेन्द्र प्रताप सिंह, पूर्व विधायक संजय सिंह टाईगर,महिला मोर्चा अध्यक्ष सुषुमलता कुशवाहा, रामदिनेश यादव सहित सैकड़ो नेताओं और कार्यकर्ता ने एक हाथ मे मशाल और एक हाँथ मे पार्टी का झंडा लिए माँ का अपमान नही सहेगा हिन्दुस्तान, राहुल,तेजस्वी मुदार्बाद, महागठबंधन मुदार्बाद, महागठबंधन नेता शर्म करो,भारत माता की जय,नरेन्द्र मोदी जिन्दाबाद, भारतीय जनता पार्टी जिन्दाबाद आदि गगनभेदी नारो के साथ कल बिहार बंद का आह्वान किया। जिलाध्यक्ष,आरा विधायक, पूर्व विधायक, नेताओं ने कहा कि राहुल गाँधी और तेजस्वी यादव के मंच से महागठबंधन नेताओं, कार्यकताओं द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की स्वर्गवासी माता जी को गाली दी गई है। इसके खिलाफ आज मशाल जुलूस निकाल कर आक्रोश व्यक्त किया गया और निवेदन पूर्वक सभी व्यवसायियों से प्रतिष्ठान बंद करने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में लोजपा जिलाध्यक्ष राजेश्वर पासवान, राजे सिन्हा, मिथिलेश कुशवाहा,हरेन्द्र पांडेय, प्रहलाद राय, ज्योति कुशवाहा, संतोष चंद्रवंशी, नरेन्द्र तिवारी, संजय कुमार सिंह, संतोष पांडेय,मनीष प्रभात, श्रीभगवान सिंह,रामप्रकाश पांडेय, विरेन्द्र कुमार,वरूण सिंह,राकेश सिंह,विजय सिंह, सहित सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल थे।

# बिहार विधानसभा आम निर्वाचन को लेकर हुई बैठक

**भागलपुर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** डॉ. नवल किशोर चौधरी की अध्यक्षता में बिहार विधानसभा आम निर्वाचन की तैयारी को लेकर संबंधित पदाधिकारीयों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्क्ऋके दौरान प्राप्त आवेदनों प्रपत्र 6,7,और 8 के निष्पादन को लेकर विधानसभा वार समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि आवेदन निष्पादन के दौरान इसका क्रॉस वेरिफिकेशन भी करवा लिया जाए। उन्होंने कहा कि 5 दिनों के अंदर प्रपत्र 6, 7 एवं 8 का निष्पादन करवा लिया जाए। बिहार विधानसभा आम निर्वाचन की तैयारी को लेकर सीएपीएफ के अवसान स्थल का सत्यापन 3 सितंबर को ही कर लेने का आदेश सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी -सह- सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी को दिया गया। इसके साथ ही सभी मतदान केंद्रों पर एएमएफ (सुनिश्चित न्यूनतम सुविधा) का भी सत्यापन करवा लेने को निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी प्रखंड विकास पदाधिकारीअपने सेक्टर पदाधिकारी, एसएसटी, एफएसटी की सूची देख लेंगे यदि कोई बदलाव की जरूरत हो तो सूचित कर देंगे। सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी भेद्यता (वल्नरेबिलिटी) की मापी जल्द ही कर लेंगे। उन्होंने कहा कि सभी बीडीओ को सीएपीएफ के लिए बूथ टैगिंग की प्लानिंग अभी से कर लेंगे। तीनों एसडीओ एवं सीडीपीओ को विधि व्यवस्था से संबंधित कार्रवाई के आंकड़े संकलित कर लेने का निर्देश दिया तथा बीएनएसएस की धारा 107 और 110 के तहत कार्यवाई करने, बॉन्ड डाउन की कार्रवाई करने तथा क्षेत्र बदर हेतु विधिवत थाना स्तर से प्रस्ताव भेजवाने को कहा।



उन्होंने सभी वीडियो को बूथ से सड़क की संपर्कता की जांच कर लेने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि अगर कहीं बूथ से संपर्क सड़क खराब है तो निमार्ता विभाग को चिन्हित करते हुए उसकी मरम्मती का प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया गया। ताकि संबंधित विभाग से उसकी मरम्मती पूर्व में ही कराई जा सके। साथ ही सभी मतदान केंद्रों पर मतदान केंद्र संख्या मतदाता की संख्या इत्यादि की मार्किंग करवा लेने का निर्देश दिया।

# सांसद राजीव प्रताप रूडी के नेतृत्व में एकमा से शुरू हुई विधानसभा स्तरीय सांगा यात्रा

**लोजपा (रा) नेता कामेश्वर कुमार सिंह मुन्ना के नेतृत्व में हुआ भव्य स्वागत**





**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

छपरा/एकमा (सारण)। राष्ट्रीय एकता, अखंडता व देशभक्ति की भावना को जन-जन में पुनः जागृत करने के उद्देश्य से बुधवार को सारण सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव प्रताप रूडी की अगुवाई में ह्यह्यराणा सांगा यात्राह्लह्ल का भव्य आगाज एकमा से हुआ। इस यात्रा की शुरूआत होते ही पूरे क्षेत्र में ऐतिहासिक गौरव व स्वाभिमान का संदेश गूंज उठा।

**जेसीबी से हुई पुष्प :**

एकमा विधानसभा के संयोजक एवं लोजपा (रामविलास) के वरिष्ठ नेता कामेश्वर कुमार सिंह मुन्ना के नेतृत्व में यात्रा का स्वागत किया गया। छपराझसिवान राष्ट्रीय राजमार्ग 531 पर स्थित मिलन रेस्टोरेंट एवं विवाह भवन परिसर में जेसीबी से फूलों की वर्षा कर सांसद राजीव प्रताप रूडी का भव्य अभिनंदन किया गया। इसके बाद मिलन विवाह भवन के सभागार में आयोजित अभिनंदन समारोह में कामेश्वर कुमार सिंह मुन्ना ने चांदी का मुकुट भेंट कर तथा फूलों की माला पहनाकर सांसद का स्वागत किया।

इस अवसर पर वरिष्ठ जदयू नेता दिनेश कुमार सिंह, पूर्व जिला पार्षद जगमोहन सिंह, पूर्व शिक्षक राजनाथ सिंह, अनिल कुमार सिंह, गणपत सिंह, विकास सिंह सुबोध सिंह, संजय सिंह, राजमोहन सिंह, विजय कुमार पांडेय उर्फ टीका बाबा, पुलिस बाबा, ओम सिंह, जितेंद्र सिंह, ओमप्रकाश सिंह, अजय सिंह, अशोक सिंह, भुवनेश्वर सिंह, हरि सिंह, विवेक सिंह, सत्येंद्र सिंह, मनीष सिंह, राहुल सिंह, मजिस्टर सिंह, वीरेंद्र सिंह, पंकज सिंह, धर्मेंद्र सिंह, संजीव सिंह, लालबाबू सिंह, अवध बिहारी सिंह, ललन सिंह, बिट्टू सिंह, अभिषेक सिंह, अमित सिंह, सुनील सिंह, उपेंद्र सिंह, संग्राम सिंह, अरुण सिंह प्रेम जी, राणा सिंह, मंटू सिंह, गब्बर सिंह, सवलिया सिंह, भरत सिंह, डॉ पंकज सिंह आदि अन्य लोग मौजूद थे।

### राजपूत समाज अब अपना नेतृत्व तय करे : सांसद रूडी

इस अवसर पर सांसद राजीव प्रताप रूडी ने कहा कि 'सांगा यात्रा' महापुरुष राणा सांगा की प्रेरणा से संचालित है, जिन्होंने भारतीय स्वाभिमान और राष्ट्रीय एकता की अद्वितीय मिसाल पेश की। उन्होंने क्षत्रिय समाज के लोगों से एकता और स्वाभिमान के साथ इतिहास के संरक्षण का आह्वान किया। सांसद ने कहा कि अब समय आ गया है कि राजपूत समाज भी अपना नेतृत्व तय करे। उन्होंने एकमा विधानसभा क्षेत्र में कामेश्वर कुमार सिंह मुन्ना के प्रति समर्थन व सहानुभूति व्यक्त करने की अपील की। श्री रूडी ने कहा कि सांगा यात्रा समाज का यह जागरण केवल किसी वर्ग विशेष तक सीमित नहीं है, बल्कि यह भारत की बहुलतावादी संस्कृति, उसकी वीर परंपरा और राष्ट्रीय गौरव का उत्सव है। उन्होंने कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मौजूद लोगों के प्रति आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य राकेश सिंह, सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र सिंह, भाजपा सारण पूर्वी के जिला उपाध्यक्ष विकास गुप्ता, पूर्व जिला परिषद अध्यक्षा मीना अरुण, भाजपा नेता हेम नारायण सिंह, गामा सिंह, पत्रकार मनिंद्र नाथ सिंह मुन्ना समेत क्षत्रिय समाज के गणमान्य लोग और बड़ी संख्या में युवा शामिल हुए।

# बिल्डर के फजीवाड़े की न्यायालय में खुली पोल, रुक्मणी बिल्डटेक मामले में कोर्ट की सख्त कार्रवाई




**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** संपतचक नगर परिषद क्षेत्र के एकतापुरम (भोगीपुर) स्थित छत्रपति शिवाजी ग्रीन्स परिसर से जुड़े बहुचर्चित प्रकरण में न्यायालय ने एक बार फिर भू-स्वामी नागेश्वर सिंह स्वराज के पक्ष में निर्णायक फैसला सुनाया है. इस फैसले ने वर्षों से न्याय की आस लगाए खरीदारों को राहत दी है और बिल्डर कंपनी मे० रुक्मिणी बिल्डटेक लिमिटेड के कथित फजीवाड़े को न्यायिक कटघरे में ला खड़ा किया है. कोर्ट ने अपने दूसरे आदेश में रुक्मिणी बिल्डटेक लिमिटेड के निदेशकों को नोटिस जारी करते हुए कंपनी के स्वामित्व वाले फ्लैट्स और वाणिज्यिक संपत्तियों को जब्ती की सूची में शामिल किया है. इनमें ब्लॉक नंबर ए, ए/1, बी, बी/1, सी, डी, ई और एफ में स्थित 22 आवासीय फ्लैट और ब्लॉक ए, ए/1 (ग्राउंड फ्लोर) एवं एफ (फर्स्ट फ्लोर) में स्थित 3 वाणिज्यिक इकाइयां शामिल हैं. आदेश के बाद न्यायालय द्वारा अधिकृत अधिकारियों की टीम परिसर में पहुंची और कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी. इससे वर्षों से लंबित इस प्रकरण को नई न्यायिक गति मिली है. दिनांक 2 सितम्बर को हुई सुनवाई के दौरान रुक्मिणी बिल्डटेक लिमिटेड के अधिवक्ता ने कोर्ट से आग्रह किया कि चिन्हित संपत्तियों पर कार्रवाई फिलहाल न की जाए. उन्होंने दावा किया कि पटना हाईकोर्ट के निर्देश पर बहाल आर्बिट्रेटर पूर्व न्यायाधीश वी.एन. सिन्हा के निर्णयानुसार निर्धारित 22.54 करोड़ रुपये की राशि में से कुछ भुगतान भू-स्वामी को किया जा चुका है. लेकिन जब न्यायालय ने भुगतान का प्रमाण मांगा तो बिल्डर पक्ष कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका. इस पर कोर्ट ने स्पष्ट किया कि ऐसे झूठे और अपुष्ट दावों के आधार पर कोई राहत नहीं दी जा सकती और मामले की अगली सुनवाई 15 सितम्बर 2025 निर्धारित कर दी गई. सुनवाई के दौरान न्यायालय में बड़ी संख्या में फ्लैट खरीदार भी मौजूद थे. खरीदारों ने अदालत के रुख को न्याय और पारदर्शिता की दिशा में साहसिक कदम बताते हुए कहा कि यह कार्रवाई उन लोगों की जीत है जिन्होंने अपनी जीवन भर की पूंजी और सपने इस परियोजना में लगाए थे. न्यायालय का यह हस्तक्षेप न केवल एक भू-स्वामी को न्याय दिलाने का प्रयास है बल्कि सैकड़ों मासूम खरीदारों के अधिकारों की भी सुरक्षा है जो वर्षों से ठगी और अनिश्चितता का शिकार रहे हैं. बिल्डर द्वारा बार-बार किए जा रहे झूठे दावे, अपुष्ट भुगतान और निर्माण में टालमटोल को अब अदालत ने गंभीरता से लिया है और यह कार्रवाई भविष्य में एक मिसाल के रूप में देखी जा रही है.

### शौच करने गये एक किसान की तालाब में डूबने से मौत

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दियारा के अकिलपुर थाना क्षेत्र के मानस नया पानापुर गांव में बुधवार को अहले सुबह एक किसान के तालाब में डूबने से मौत हो गई . मृतक का पहचान अकिलपुर थाने के मानस नया पानापुर निवासी स्व रामपरीक्षण सिंह के 63 वर्षीय पुत्र चंद्रदेव सिंह के रूप में की गई है. मौत की सूचना मिलने पर परिजनों चित्कार कर उठे. मृतक के चचेरा भाई महानंद कुमार सिंह ने बताया कि बुधवार को सुबह करीब 5 बजे घर शौच करने के लिए निकाले थे. बाढ के कारण गांव में गंगा का पानी फैला हुआ है. जिसके कारण रास्ते में पड़ने वाले तालाब को समझ नहीं पाए और उनका पैर फिसलने के कारण वह गहरे पानी में चले गए. जिससे उनकी डूबने से मौत हो गई. जब सुबह करीब छह बजे परिजनों उठे तो खोजबीन किया तो पता चला कि तालाब के किनारे शव पडा हुआ था.

## जेरोधा के ट्रेडिंग एप में आई गड़बड़ी से ग्राहकों को परेशानी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑनलाइन ब्रोकरेज फर्म जेरोधा के ग्राहकों को बुधवार की सुबह तकनीकी गड़बड़ी का सामना करना पड़ा। कंपनी के काइट ट्रेडिंग ऐप पर कुछ यूजर्स को अपने सौदों की कीमत अपडेट करते समय दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इस गड़बड़ी के कारण कई निवेशकों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शिकायत की। उन्होंने बताया कि प्रतिभूति बाजार सुबह 9.15 बजे खुला तो उन्हें शेयर बेचने में दिक्कत हुई। कंपनी ने इस समस्या को स्वीकार करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, हमारे कुछ उपयोगकर्ताओं को एप पर मूल्य अपडेट में समस्या आ रही है। हम इसकी जांच कर रहे हैं। फिलहाल, कृपया मोबाइल ब्राउजर पर काइट वेब पर लॉग इन करें। ऑर्डर प्लेसमेंट प्रभावित नहीं हुआ है। इक्विटी सेगमेंट के लिए, आप एप 20 डेप्थ भी देख सकते हैं। सुबह 9-51 बजे ब्रोकिंग फर्म ने उसी पोस्ट में पुष्टि करते हुए बताया कि समस्या का समाधान हो गया है। एक उपयोगकर्ता ने पोस्ट किया, जेरोधा काइट ऐप के कारण 4 हजार से अधिक का नुकसान हुआ है। कृपया इसकी जांच करें और क्षतिपूर्ति करें। एक अन्य यूजर ने पोस्ट किया था, पिछले 15 मिनट से जेरोधा जवाब नहीं दे रहा है कि नुकसान के लिए कौन जिम्मेदार होगा। मैं अपनी स्थिति का आकलन नहीं कर सकता। कृपया बताएं कि क्या जेरोधा हर समय नीचे रहता है। कृपया बताएं कि नुकसान कौन उठाएगा।

## 10 सितंबर से खुल रहा अर्बन कंपनी का आईपीओ, प्राइस बैंड 103

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगर आप किसी आईपीओ में दांव लगाने की सोच रहे हैं तो आपके लिए काम की खबर है। घरेलू देखभाल एवं सौंदर्य सेवाओं के ऑनलाइन मंच अर्बन कंपनी का 1,900 करोड़ रुपये का आईपीओ अगले सप्ताह निवेश के लिए ओपन हो रहा है। कंपनी के इस इश्यू में निवेशक 10 सितंबर से 12 सितंबर तक पैसे लगा सकते हैं। कंपनी ने मंगलवार को दाखिल दस्तावेजों के मसौदे में कहा कि उसका आईपीओ 12 सितंबर को बंद होगा जबकि प्रमुख (एंकर) निवेशकों के लिए बोली 9 सितंबर को खुलेगी। आईपीओ के लिए प्राइस बैंड 98 से 103 प्रति शेयर तय किया गया है। निवेशकों को कम से कम 1 लॉट (145 शेयर) के लिए बोली लगानी होगी और इसके बाद 145 के गुणकों में ही आवेदन किया जा सकेगा।

## डिफेंस कंपनी के शेयर को खरीदने की लूट, लगातार तूफानी तेजी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अपोलो माइक्रोसिस्टम्स के शेयर लगातार चर्चा में हैं। कंपनी के शेयर आज बुधवार को 3 प्रतिशत तक उछलकर 301.75 प्रति शेयर तक पहुंच गया। शेयर ने दिन की शुरुआत 294.40 पर की, जो इसके पिछले बंद भाव 292.70 से ज्यादा था। पिछले 5 दिनों में अपोलो माइक्रोसिस्टम्स के शेयर लगभग 23 प्रतिशत और पिछले एक महीने में 74 प्रतिशत तक उछल चुके हैं। अपोलो माइक्रोसिस्टम्स को डीआरडीओ के तहत मल्टी इंफ्लूएंस ग्राउंड माइन - विघ्ना के लिए प्रोडक्शन एजेंसी के रूप में मंजूरी मिली है। इसके अलावा कंपनी ने ह्रस्व्रस्त्र मिसाइल के लिए ओमनी-डायरेक्शनल मल्टी- वारहेड की ट्रांसफर ऑफ टेक्नोलॉजी डील भी डीआरडीओ के साथ साइन की है। इन कदमों से कंपनी की डिफेंस सेक्टर में स्थिति और ऑर्डर बुक मजबूत होने की उम्मीद है, जिसके चलते निवेशकों का भरोसा बढ़ा और शेयरों में तेजी आई। आनंद राठी में टेक्निकल रिसर्च के सीनियर मैनेजर गणेश डोंगरे ने कहा, अपोलो माइक्रोसिस्टम्स के शेयर ने मंथली चार्ट पर एक बड़ा ट्रेंडलाइन ब्रेकआउट दिया है।

# रिलायंस जियो निवेशकों को बड़ा मौका

### 13 लाख करोड़ के पूंजीकरण के साथ टॉप-4 में शामिल होगी कंपनी

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
रिलायंस इंडस्ट्रीज की दूरसंचार कंपनी जियो आईपीओ बाजार में बड़ा धूम मचाने को तैयार है। हालांकि, अभी एक साल का समय है, पर सूचीबद्ध होने के बाद यह बाजार पूंजी के लिहाज से देश की शीर्ष-4 कंपनियों में शामिल हो सकती है। ब्रोकरेज हाउसों का अनुमान है कि सूचीबद्धता के बाद जियो का मूल्यांकन 11 से 13.5 लाख करोड़ रुपये (134 से 154 अरब डॉलर) हो सकता है। पिछले 20 साल में रिलायंस समूह का यह पहला आईपीओ है। जियो को अगले साल एक दशक भी पूरा हो जाएगा। ब्रोकरेज हाउसों का कहना है कि जियो में मामूली 5 फीसदी हिस्सेदारी बेचने से भी 58,000 से 67,500 करोड़ तक जुटाए जा सकते हैं। यह पिछले साल अक्तूबर में ह्युंडई मोटर के जुटाए गएरिकॉर्ड 27,870 करोड़ से दोगुना से भी अधिक है। जियो को विदेश में भी ले जाने की योजना है, इसलिए आईपीओ के समय मूल्यांकन और बढ़ सकता है।



### सेबी ने 13 कंपनियों के आईपीओ को दी मंजूरी

सेबी ने अर्बन कंपनी सहित 13 कंपनियों को आईपीओ लाने की मंजूरी दे दी है, जो कुल 15,000 करोड़ रुपये जुटाएंगी। जिन कंपनियों को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) की मंजूरी मिली है, उनमें जुनिपर ग्रीन एनर्जी, ऑलकेम लाइफसाइंस, ओमनीटेक, केएसएच इंटरनेशनल, रवि इन्फ्राबिल्ड प्रोजेक्ट्स हैं। मौरी टेक, प्रायोरिटी ज्वेल्स, कोरोना रेमेडीज, ओम फ्रेटफॉरवर्डर्स, जैन रिसोर्स रीसाइक्लिंग और पेस डिजिटेक को भी मंजूरी मिली है।

### गेम चेंजर साबित हो सकता है आईपीओ

ब्रोकरेज हाउसों का कहना है कि जियो का यह आईपीओ भारतीय शेयर बाजार के लिए एक गेम चेंजर साबित होगा। इससे बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का पूंजीकरण रातों रात 13 लाख करोड़ रुपये तक बढ़ जाएगा। निवेशकों की संख्या भी बढ़ेगी। इतने बड़े इश्यू से बाजार में तेजी का माहौल बनेगा, क्योंकि जियो में अपने वैश्विक समकक्षों के बराबर मूल्य सृजन की क्षमता है।

### रिलायंस का 66.3 फीसदी हिस्सा

जियो प्लेटफॉर्म्स में रिलायंस इंडस्ट्रीज का 66.3 फीसदी हिस्सा है। मेटा के पास 10 फीसदी और गूगल के पास 7.7 फीसदी हिस्सेदारी है। 16 फीसदी हिस्सा प्राइवेट इक्विटी के पास है। सबकी निगाहें इस बात पर होंगी कि दलाल स्ट्रीट की सबसे महत्वपूर्ण लिस्टिंग के लिए तैयार जियो अपने प्रीमियम मूल्यांकन को सही ठहरा पाएगी।

### चाइना मोबाइल के बाद दूसरा सबसे बड़ा ऑपरेटर

जियो ने पिछली तिमाही में हर ग्राहक से 208.80 रुपये कमाए हैं। 50 करोड़ ग्राहक के साथ यह चाइना मोबाइल के बाद दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा दूरसंचार ऑपरेटर बन गया है। जियो प्लेटफॉर्म्स के राजस्व में इसका 85 फीसदी योगदान है।

### जल्द बातचीत होने की उम्मीद

# भारत ने तांबे पर 50 फीसदी टैरिफ को लेकर अमेरिका से मांगा परामर्श



**नई दिल्ली, एजेंसी।**
भारत ने तांबे के उत्पादों पर लगाए गए 50 प्रतिशत शुल्क को लेकर मंगलवार को विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के सुरक्षा समझौते के तहत अमेरिका के समक्ष परामर्श की मांग रखी है। यह कदम भारत की तरफ से इस्पात, एल्युमीनियम व वाहन कलपुर्जों पर अमेरिकी शुल्क के जवाब में चुनिंदा अमेरिकी उत्पादों पर जवाबी शुल्क लगाने का अधिकार सुरक्षित रखने के बाद उठाया गया है।

अमेरिका ने इस वर्ष 30 जुलाई को तांबे के कुछ उत्पादों के सभी आयात पर 50 फीसदी शुल्क लगाने का उपाय अपनाया था। यह उपाय इस साल एक अगस्त से असीमित अवधि के लिए लागू किया गया।

डब्ल्यूटीओ के एक पत्र में कहा गया, भारत का मानना है कि यह कदम वैसे तो सुरक्षा हितों के लिए उठाए जाने का दावा किया गया है, वास्तव में एक सुरक्षा उपाय है। यह पत्र भारतीय प्रतिनिधिमंडल के अनुरोध पर प्रसारित किया जा रहा है। इसमें कहा गया है कि अमेरिका ने सुरक्षा उपाय लागू करने के निर्णय के बारे में विश्व व्यापार संगठन की सुरक्षा समिति को सूचित नहीं किया है। इसलिए भारत अमेरिका के साथ परामर्श का अनुरोध करता है। विश्व व्यापार संगठन ने आगे कहा, भारत इस अनुरोध पर अमेरिका से जल्द से जल्द उत्तर पाने और परामर्श के लिए पारस्परिक रूप से सुविधाजनक तिथि और स्थान निर्धारित करने की आशा करता है। विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) महानिदेशक नगोजी ओकोन्जो-इवेला ने मंगलवार को कहा कि पिछले 80 वर्षों में अंतरराष्ट्रीय व्यापार प्रणाली में सबसे बड़े व्यवधान के बीच विश्व व्यापार संगठन की शर्तों पर होने वाले वैश्विक व्यापार का हिस्सा घटकर 72 प्रतिशत रह गया है।

# भारी मंदी के कगार पर अमेरिका, मूडीज ने जारी की चेतावनी



### एक-तिहाई अर्थव्यवस्था पहले से संकट में

**वाशिंगटन एजेंसी।** मूडीज एनालिटिक्स के मुख्य अर्थशास्त्री मार्क जांडी ने अमेरिका की अर्थव्यवस्था के लिए अब तक की सबसे गंभीर मंदी की चेतावनी दी है। उनका कहना है कि राष्ट्रीय आंकड़े भले ही ठीक दिख रहे हों, लेकिन क्षेत्रीय और नौकरी से जुड़े आंकड़े गहरी कमजोरी दिखा रहे हैं। यह चेतावनी सरकार के आकलन से बिल्कुल उलट है। जांडी के अनुसार, अमेरिका का लगभग एक-तिहाई जीडीपी उन राज्यों से आता है, जो या तो पहले से ही मंदी में हैं या इसके बहुत करीब पहुंच चुके हैं।

उत्तर-पूर्व, मध्य-पश्चिम और वाशिंगटन डीसी क्षेत्र सबसे ज्यादा प्रभावित हैं, जहां सरकारी नौकरियों में कटौती हो रही है। इस साल जनवरी से मई तक वाशिंगटन डीसी में 22,100 सरकारी नौकरियां खत्म की गई हैं। यह कटौती ट्रंप के शपथ ग्रहण के बाद शुरू की गई थी। दूसरा एक तिहाई हिस्सा स्थिर है, जबकि बाकी एक तिहाई में वृद्धि हो रही है।

जांडी का कहना है कि दक्षिणी राज्य आगे बढ़ रहे हैं, पर रफ्तार धीमी हो रही है। जांडी ने मंदी या मंदी के जोखिम वाली श्रेणी में अमेरिका के 22 राज्यों को रखा है। स्थिर लेकिन कमजोर राज्यों की श्रेणी में 13 राज्य हैं। जांडी के मुताबिक, पिछले माह अमेरिका में केवल 73,000 नई नौकरियां सृजित हुईं, जो उम्मीद से बहुत कम हैं। मई व जून के आंकड़े भी संशोधित किए गए हैं, जिससे तीन महीने की औसत नौकरी वृद्धि केवल 35,000 रह गई है। 400 उद्योगों में आधे से ज्यादा में नौकरियां कम हो रही हैं, जो इतिहास में मंदी का संकेत रहा है।

### दुनिया और भारत पर ये होगा असर

दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने के नाते अमेरिका में मंदी का असर वैश्विक अर्थव्यवस्था पर भी दिखेगा। दुनियाभर के शेयर बाजारों में गिरावट आ सकती है। वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में रुकावट आने से वैश्विक व्यापार और कमजोर हो सकता है। वहीं दूसरी ओर, वैश्विक अर्थव्यवस्था में तेजी से आगे बढ़ रहे भारत भी अमेरिकी मंदी से अछूता नहीं रहेगा। भारत के प्रमुख निर्यात क्षेत्र, जैसे सूचना प्रौद्योगिकी, फार्मास्यूटिकल्स और कपड़ा, अमेरिकी बाजार पर बहुत हद तक निर्भर हैं। अमेरिका में मांग घटने से इन क्षेत्रों में निर्यात कम हो सकता है, जिससे भारतीय कंपनियों की आय प्रभावित होगी।

## 5000 करोड़ निवेश करेगी बस बनाने वाली कंपनी अशोक लीलैंड



**नई दिल्ली, एजेंसी।**
ऑटो कंपनी अशोक लीलैंड ने भारत में अगले 7-10 वर्षों में बैटरी लोकलाइजेशन पर 5,000 करोड़ रुपये से अधिक निवेश करने का ऐलान किया है। इस फैसले के बाद ब्रोकरेज फर्मों ने कंपनी पर अपना तेजी वाला रुख दोहराया है। बता दें कि आज बुधवार को बस बनाने वाली कंपनी के शेयर 129.22 रुपये पर ट्रेड कर रहे है। इसमें मामूली गिरावट है। कंपनी ने चीन की बैटरी टेक्नोलॉजी फर्म के साथ एक लंबी अवधि की एक्सक्लूसिव पार्टनरशिप की है।

### बैटरी निर्माण में अशोक लीलैंड का बड़ा निवेश प्लान

ऑटोमेकर अशोक लीलैंड अगले 2 से 3 साल में 300-600 करोड़ रुपये निवेश कर एलएफपी टेक्नोलॉजी आधारित बैटरी पैक मैन्युफैक्चरिंग शुरू करने की योजना बना रहा है। 5,000 करोड़ रुपये का बड़ा निवेश करने का लक्ष्य भी कंपनी ने तय किया है। ब्रोकरेज फर्म सिटी ने अशोक लीलैंड पर अपना बाय रेटिंग कायम रखा है।

## रूस, नीदरलैंड और ब्राजील में फार्मा निर्यात बढ़ाएगा भारत, अमेरिकी टैरिफ से निपटने की तैयारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
भारत रूस, नीदरलैंड और ब्राजील को दवा निर्यात बढ़ाने की योजना बना रहा है। इसका उद्देश्य टैरिफ संबंधी चिंताओं के बीच अपने सबसे बड़े बाजार अमेरिका से आगे अन्य देशों में उपस्थिति बढ़ाना और अतिरिक्त बाजारों की पहचान करना है। भारतीय दवा उद्योग अभी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के 50 फीसदी टैरिफ से मुक्त है, लेकिन स्थिति को लेकर अनिश्चितता के कारण यह क्षेत्र चिंता में है। से थोड़ा अधिक है। इसमें मुख्य रूप से लोकप्रिय दवाओं के सस्ते जेनेरिक संस्करण शामिल हैं। सूत्रों के मुताबिक, अमेरिका फार्मा उत्पादों पर 200 फीसदी तक टैरिफ लगाने की योजना बना रहा है।इससे निपटने के लिए भारत अन्य बाजारों में निर्यात बढ़ाना चाहता है। जिन पर



प्रमुख रूप से देश की नजर है, उसमें रूस, ब्राजील, नीदरलैंड और यूरोप के कुछ देश शामिल हैं। भारत को उम्मीद है कि नई दिल्ली में होने वाले आगामी अंतरराष्ट्रीय औषधि प्रदर्शनी में इन बाजारों की नियामकीय चुनौतियों पर चर्चा होगी। इसमें वैश्विक नियामक हितधारक भी शामिल होंगे। चूंकि, रातोंरात निर्यात नहीं बढ़ सकता, इसलिए इन देशों में नियामकीय चुनौतियों पर चर्चा होगी। भारत सरकार मुक्त व्यापार समझौते के बाद ब्रिटेन को निर्यात बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए दवा समूहों के साथ बातचीत कर रही है।

## फेस्टिव सीजन से पहले जोमैटो ने यूजर्स को दिया तगड़ा झटका

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
ऑनलाइन खाना ऑर्डर करना अब पहले से महंगा हो गया है। ईटी की रिपोर्ट के अनुसार जोमैटो फेस्टिव सीजन से पहले अपने प्लैटफॉर्म फी में 2 रुपये का इजाफा कर दिया। अब यूजर्स को जोमैटो से खाना ऑर्डर करते वक्त प्लैटफॉर्म फी के तौर पर 10 रुपये की बजाय 12 रुपये देने होंगे। यह बढ़ोतरी कॉम्पिटिटर स्विगी के प्लेटफॉर्म फी के बढ़ने के बाद हुई है। हाल में स्विगी ने अपने प्लैटफॉर्म फी को 12 रुपये से बढ़ाकर 14 रुपये किया था। स्विगी ने यह बढ़ोतरी ऑर्डरों में भारी बढ़ोतरी के बीच कुछ पिन कोड पर की है। रिपोर्ट के अनुसार डिमांड कम होने पर यह बढ़ोतरी वापस ले ली जाएगी।

जोमैटो और स्विगी ने अप्रैल-जून तिमाही के दौरान अपने-अपने व्यापार शाखाओं में निवेश जारी रखा। जोमैटो की पैरेंट कंपनी ने अंडर रिव्यू तिमाही में कंसोलिडेटेड नेट प्रॉफिट में साल-दर-साल 90 प्रतिशत की



गिरावट दर्ज की, जो पिछले वर्ष की इसी तिमाही के 253 करोड़ रुपये की तुलना में 25 करोड़ रुपये रह गया, जबकि रेवेन्यू में 70 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

इंस्टामार्ट ऑपरेशन्स में बढ़ते निवेश के कारण स्विगी का घाटा इस अवधि में दोगुना होकर 1,197 करोड़ रुपये हो गया। तिमाही के लिए इसका ऑपरेटिंग रेवेन्यू 54 प्रतिशत बढ़कर 4,961 करोड़ रुपये हो गया। स्विगी और जोमैटो को फूड डिलीवरी सेक्टर में ओनली से कड़ी टक्कर मिल सकती है। ओनली को राइड-हेलिंग प्लेटफॉर्म रैपिडो ने शुरू किया है।

## सोने के दाम में रिकॉर्ड तेजी 1.06 लाख प्रति 10 ग्राम पर पहुंचा गोल्ड

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
त्योहारी सीजन नजदीक आते ही सोने के दाम आसमान पर पहुंच गए। भारत में सोने की कीमतें लगातार आठवें दिन बढ़ीं और अब तक के सबसे उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं। 24 कैरेट सोना 1.06 लाख प्रति 10 ग्राम, 22 कैरेट 98,050, और 18 कैरेट 80,230 पर पहुंच गया। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन लिमिटेड पर आज 24 कैरेट का सोना 105638 रुपये प्रति ग्राम पर पहुंच गया। वहीं, एक किलो चांदी की कीमत आज 122970 रुपये पर पहुंच गई। ग्लोबल स्तर पर भी सोना उच्चतम स्तर पर पहुंचा।

सोने के दाम में तेजी के पीछे सबसे बड़ी वजह फेडरल रिजर्व की संभावित ब्याज दर कटौती, भू-राजनीतिक जोखिम, और इक्विटी व बॉन्ड बाजारों में अस्थिरता है। यही वजह है निवेशक सुरक्षित संपत्ति की ओर बढ़ रहे हैं। बाजार पर अतिरिक्त दबाव तब पड़ा जब ट्रंप प्रशासन ने अवैध टैरिफ मामले को सुप्रीम कोर्ट में ले जाने की बात कही, जबकि अमेरिकी फेड की आगामी नीति बैठक में 25 बेसिस पॉइंट कटौती की 92 प्रतिशत संभावना जताई गई।

# वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में 33.2 अरब डॉलर पहुंचा रेमिटेंस, सेवा निर्यात में भी वृद्धि

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
भारत के सेवा क्षेत्र ने 14 वर्षों के बाद से सबसे तेज वृद्धि दर्ज की है। एचएसबीसी सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार पीएमआई बिजनेस एक्टिविटी इंडेक्स अगस्त में बढ़कर 62.9 पर पहुंच गया, जबकि जुलाई में यह 60.5 था। इसमें कहा गया कि यह जून 2010 के बाद का सबसे तेज विस्तार है, जो मांग और कारोबारी गतिविधियों में मजबूत उछाल को दर्शाता है।

सूचकांक में तीव्र वृद्धि दर्शाती है कि अगस्त के दौरान मांग में उल्लेखनीय सुधार से भारतीय सेवा अर्थव्यवस्था को लाभ हुआ। नए ऑर्डर और समग्र गतिविधि, दोनों ही 15 वर्षों में अपनी उच्चतम दर से बढ़े।

**निर्यात में हुई तेज वृद्धि:** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बिक्री में भी सुधार देखने को मिला। रिपोर्ट के अनुसार, निर्यात में वृद्धि ने सितंबर 2014 से शुरू हुई इस श्रृंखला में तीसरी सबसे तेज बढ़त दर्ज की। कंपनियों ने हाल के महीनों में मजबूत नौकरी सृजन के चलते अपने कार्यबल का विस्तार जारी रखा। हालांकि आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त क्षमता उपलब्ध रही। इसके कारण बकाया व्यवसाय में केवल मामूली बढ़ोतरी दर्ज की गई, जबकि रोजगार में भी हल्की वृद्धि देखी गई।



**इनपुट लागत मुद्रास्फीति नौ महीने के उच्चतम स्तर पर:** लागत पक्ष पर, कंपनियों ने वेतन वृद्धि और ओवरटाइम भुगतान के कारण अधिक व्यय की सूचना दी। वहीं इनपुट लागत मुद्रास्फीति नौ महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। बढ़ते खर्चों से निपटने के लिए, कंपनियों ने अपने उत्पादन मूल्य बढ़ा दिए।

**उत्पादन शुल्कों में 2012 के बाद सबसे तेज वृद्धि:** मांग इतनी मजबूत रही कि वह इन बढ़ोतरी को झेल सकी। इसके परिणामस्वरूप जुलाई 2012 के बाद से उत्पादन शुल्कों में सबसे अधिक वृद्धि हुई। सर्वेक्षण में यह भी कहा गया कि व्यापक निजी क्षेत्र ने मजबूत प्रदर्शन किया।

### आउटपुट इंडेक्स बढ़कर 63.2 पर पहुंचा

एचएसबीसी इंडिया कंपोजिट पीएमआई आउटपुट इंडेक्स, जो विनिर्माण और सेवाओं, दोनों पर नजर रखता है, जुलाई के 61.1 से बढ़कर अगस्त में 63.2 हो गया। यह 17 वर्षों से भी ज्यादा समय में विस्तार की सबसे तेज गति को दर्शाता है ।

### नए व्यवसायों में हुई बढ़ोतरी

अगस्त के आंकड़ों ने सेवाओं और विनिर्माण दोनों क्षेत्रों में उत्पादन में व्यापक वृद्धि को दर्शाया। नए व्यवसायों में वृद्धि 2010 के मध्य के बाद से अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। हालांकि, सेवा क्षेत्र में यह तेजी अधिक स्पष्ट थी। वहीं विनिर्माण उद्योग स्थिर गति से विस्तार करता रहा। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि दोनों क्षेत्रों में कुल रोजगार में ठोस वृद्धि हुई है, जो जुलाई की तुलना में ज्यादा है। सेवा क्षेत्र की कंपनियों ने तेजी से भर्ती गतिविधियां दर्ज कीं, जबकि विनिर्माण क्षेत्र की कंपनियों ने स्थिर वृद्धि दर्ज की।

## नेटवेब टेक्नोलॉजीज को मिला एआई से जुड़ा ऑर्डर

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
शेयर बाजार में लिस्टेड कंपनी- नेटवेब टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के शेयरों को खरीदने की होड़ मची हुई है। इस वजह से सप्ताह के तीसरे दिन यानी बुधवार को शेयर में 10 प्रतिशत से ज्यादा की बढ़ोतरी देखी गई। ट्रेडिंग के दौरान शेयर 2493 रुपये के स्तर तक पहुंच गया। यह तेजी ऐसे समय में आई है जब कंपनी को एनवीडिया के ब्लैकवेल आर्किटेक्चर पर आधारित सर्वरों की आपूर्ति के लिए 1734 करोड़ का ऑर्डर मिला है।

### क्या है डिटेल

नेटवेब टेक ने कहा कि ऑर्डर के तहत नेटवेब टेक लेटेस्ट त्वक्र-क्विक प्लेटफॉर्म का उपयोग करके एआई इंफ्रा फैसलिटीज स्थापित करेगी। यह ऑर्डर वित्तीय वर्ष 2027 की पहली छमाही तक पूरा होना है। विश्लेषकों ने कहा कि यह ऑर्डर चालू और अगले वित्त वर्ष, दोनों में ठोस वृद्धि को गति दे सकता है। उन्होंने आगे कहा कि ऑर्डर का साइज चालू और अगले वित्त वर्ष के लिए उनके बिक्री अनुमान का लगभग 102 प्रतिशत और 72 प्रतिशत होगा। बता दें कि 30 जून, 2025 तक कंपनी की ऑर्डर बुक पाइपलाइन 4142 करोड़ थी। नेटवेब ने कहा कि एआई सेगमेंट दो साल पहले 7 प्रतिशत पर था वो वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही में 29 प्रतिशत हो गया। यह 40 प्रतिशत चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर की समान गति से बढ़ता रहेगा।

New page 9_page 12 29.05.2025.qxd 03-09-2025 21:46 Page 1



# प्रेमी ने की प्रेमिका के माता-पिता की चाकू से हत्या

## दोनों बहनों को भी किया घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दुमका।** जिले के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के सुंदराप्लान गांव में सोमवार को वृद्ध दंपती साहेब हेम्ब्रम 63 और पत्नी मंगली किस्कु 60 साल की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। साथ ही उनकी दो बेटियों हीरामुनि हेम्ब्रम 25 साल और बेनी हेंब्रम 17 को भी घायल कर दिया गया है। बड़ी बेटी ने बताया कि पाकुड़ का रहने वाले लोकेश से 2024 में फेसबुक से दोस्ती हुई थी। लोकेश एक हाथ से दिव्यांग है। दोस्ती के बाद वह लगातार शादी का दबाव बना रहा था, जबकि घर वाले इसके लिए तैयार नहीं थे।

### परिजनों ने किया था शादी करने से इंकार

तीन दिन से वह लगातार फोन पर संपर्क कर रहा था लेकिन पिता के कहने पर उससे बात नहीं की। इसी बात से नाराज होकर रात करीब एक बजे जब तेज बारिश हो रही थी, तभी लोकेश चाकू लेकर घर में घुस आया। पहले सो रहे माता-पिता पर हमला किया, जब दोनों बहने बचाने के लिए गई तो उन पर भी हमला कर दिया। किसी तरह से घर से भाग कर जान बचाई। हमले के बाद हेल्पलाइन नंबर 112 पर फोन किया तो थाना प्रभारी अमित कुमार लकड़ा अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को दुमका फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा।

एसपी पीतांबर सिंह खेरवार ने बताया कि शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र में वृद्ध दंपती की हत्या कर दोनों बेटियों को घायल कर दिया गया है ।

आरोपित की तलाश के लिए पुलिस की एक टीम को लगा दिया गया है। घायल बेटियों की हालत खतरे से बाहर है।

# गुस्साये किसानों ने राष्ट्रीय राजमार्ग को किया जाम

- खाद के लिए किसानों में मचा है हाहाकार
- खाद की कालाबाजारी से आक्रोशित थे किसान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर (गढ़वा)।** यूरिया खाद नहीं मिलने से आक्रोशित महिला-पुरुष किसानों ने बुधवार को करीब 1:30 बजे दिन में सड़क पर उतर हेन्हो मोड़ के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 75 को जाम कर दिया। पुलिस द्वारा यूरिया खाद दिलाने के आश्वासन के बाद आक्रोशित किसान ने 40 मिनट बाद सड़क जाम हटाकर खाद मिलने की उम्मीद लिए खाद दुकान पर पहुंच लाइन में लगे। इन दिनों यूरिया खाद के लिए हाहाकार मचा हुआ है। यूरिया खाद की किल्लत से किसान काफी हलकान हैं।

अहले सुबह ही यूरिया खाद लेने के लिए महिला-पुरुष किसान बाजार में अनुज्ञप्ति धारी दुकानदारों के खाद दुकान पर पहुंच जा रहे हैं। पूरे दिन भूखे प्यासे यूरिया खाद के लिए इधर-उधर भटकते रहते हैं। शाम होने पर बगैर यूरिया खाद लिए वापस घर लौट जाते हैं।

सड़क जाम कर रहे किसानों ने कहा कि यूरिया खाद लेने के लिए आधार कार्ड जमा कर सुबह से लाइन में लगे हैं, लेकिन कुछ चुनिंदा किसानों को ही यूरिया खाद उपलब्ध कराया जा रहा है। अधिकांश किसानों को खाद नहीं मिल रहा है, जबकि दबंग और पहुंच वाले किसानों को प्राथमिकता दी जा रही है। इससे गरीब असहाय



किसान अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। किसानों ने प्रशासन से मांग किया है कि खाद वितरण की व्यवस्था पारदर्शी और न्याय पूर्ण होनी चाहिए। ताकि हर किसान को यूरिया खाद मिल सके।

किसानों ने कहा कि यदि खाद की समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो बड़े स्तर पर आंदोलन करने को बाध्य होंगे। धान की फसल में यूरिया खाद डालने का समय आया तो कहीं मिल ही नहीं रहा है। यूरिया खाद नहीं मिलने से धान की फसल बर्बाद होने लगी है। समय पर यूरिया खाद नहीं मिलने से हम किसानों की मेहनत पर पानी फिर सकता है।

सरकार और प्रशासन को तत्काल पर्याप्त मात्रा में सभी किसानों को यूरिया खाद उपलब्ध कराने की दिशा में कारगर कदम उठाने की आवश्यकता है। सड़क जाम के कारण दोनों और वाहनों की लंबी कतार लग गई। आवागमन में लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

# आभूषण दुकान में दिनदहाड़े डकैती

## विरोध करने पर दुकानदार को पीटा, भर्ती

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमशेदपुर।** सोनारी थाना क्षेत्र वर्दमान आभूषण दुकान में अपराधियों ने बुधवार दोपहर दिनदहाड़े डकैती की घटना को अंजाम दिया। विरोध करने पर दुकानदार पंकज को पीटकर भाग निकले। दुकानदार को सिर में चोट लगी है। उसे टाटा मुख्य अस्पताल में दाखिल कराया गया है। सूचना पर वरीय पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। घटना की सीसीटीवी फुटेज भी सामने आई है। बता दें कि दिनदहाड़े हुई डकैती की इस घटना से इलाके में दहशत का माहौल है। वारदात को अंजाम देने वाले अपराधियों की गतिविधि सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस को मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि अपराधियों की संख्या चार पांच के करीब थी।घटना के बाद भागने के दौरान अपराधियों का बैग और टोपी छूट गए हैं। ग्राहक बनकर आए अपराधियों ने मौका पाते ही घटना को अंजाम दिया।

घटना दोपहर 12:58 बजे की बताई जा रही है। दुकान के मालिक पंकज जैन और मनीष जैन दोनों दुकान में थे। सोनारी में विधानसभा चुनाव से एक दिन पहले एमपी ज्वेलर्स में भी डकैती हुई थी। उससे पहले सुमित ज्वेलर्स में भी 11 लाख रुपये की डकैती हो चुकी है।जानकारी के अनुसार, बदमाशों ने वारदात को अंजाम देने से करीब 2 घंटे पहले शॉप में रेकी भी की थी। बताया गया है कि अपराधी मां के लिए सोने के आभूषण खरीदने की बात कह रहे थे। दुकान की रेकी करने के बाद चले गए और जाते-जाते कई आभूषण की तस्वीर खींच कर ले गए थे। इसके 2 घंटे बाद दोबारा लौटे और वारदात को अंजाम दिया। बता दें कि इस वारदात की सीसीटीवी फुटेज भी सामने आई है। इसमें देखा जा सकता है।

# विवाद के बाद महिला ने युवक की जुबान काटकर फेंकी

## कटी जुवान दिखायी, इशारे से बताया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दुमका।** शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के लताकांदर गांव में मंगलवार की रात गांव के एक घर अवैध रूप से देसी शराब पिलाने वाली आदिवासी महिला करीब 55 वर्षीय कलावती मुर्मू ने गांव के ही 38 वर्षीय लालटू शेख की जुबान काट ली।

महिला ने कहासुनी के बाद घर में शराब पी रहे पति समेत पांच लोगों से उसके हाथ पैर बंधवाए और जुबान काटकर घर से बाहर फेंक दिया। युवक का पश्चिम बंगाल के रामपुरहाट अस्पताल में इलाज चल रहा है।

घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने महिला को पेड़ से बांधकर पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने घायल की पत्नी के बयान पर मामला दर्ज किया है। महिला को जेल भेजा जाएगा।

दरअसल लताकांदर गांव की कलावती पहले से अपने गांव के लोगों को देसी शराब पिलाती आ रही है। उसके यहां हर शाम को शराब पीने वालों की भीड़ लगती है।

मंगलवार देर शाम लालटू भी उसके यहां शराब पीने पहुंचा। वहां पर पहले से आधा दर्जन युवक शराब पी रहे थे। शराब का दौर चलने के बाद लालटू नशे में आ गया।

पैसा देने को लेकर लालटू और महिला में कहासुनी हो गई। महिला दबंग प्रकृति की है। उसके कहने पर पति सुधीर सोरेन ने

## गुस्साये लोगों ने महिला को पेड़ से बांधा

शराब पी रहे पांच युवकों की मदद से लालटू को पकड़कर हाथ पैर बांध दिया। पहले उसके साथ मारपीट की और फिर महिला ने तेज धारदार चीज से उसकी जुबान काटकर अलग कर दी। घायल होने के बाद युवकों ने लालटू को घर से बाहर फेंक दिया।

किसी तरह से वह अपने घर पहुंचा और पत्नी को इशारे से कटी जुबान दिखाई। इसके बाद घरवाले उसे इलाज के लिए रामपुरहाट ले गए।

गांव के लोगों को रात में ही घटना के बारे में पता चल गया। बुधवार की सुबह गांव के लोग महिला के दरवाजे पर पहुंचे तो खून देखकर भड़क गए। गांव वालों ने महिला को पकड़कर रस्सी के सहारे पेड़ से बांध दिया और शिकारीपाड़ा थाना को सूचित किया।

पुलिस ने गांव पहुंचकर महिला को कब्जे में ले लिया।

घायल लालटू की पत्नी जैलेनूर बीबी ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि पति शाम को रामपुर चौक की ओर घूमने निकले। देर रात तक वापस नहीं आए तो खोजबीन की।

रात करीब 11 बजे वे जख्मी हालत में घर आए। पूछने पर इशारे से कटी जुबान दिखाई। पति ने इशारे से सारी बात बताई। उसने महिला, उसके पति और पांच अज्ञात पर कार्रवाई करने के लिए आवेदन दिया।

# कई जिलों भारी बारिश की चेतावनी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** मौसम विज्ञान विभाग ने झारखंड के तीन जिलों में गुरुवार तक भारी बारिश की ऑरेंज अलर्ट (गंभीर चेतावनी) जारी की है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिन तीन जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना जताई गई है, उनमें गुमला, सिमडेगा और पश्चिमी सिंहभूम शामिल हैं। आईएमडी ने सात जिलों गढ़वा, पलामू, लातेहार, लोहरदगा, खूंटी, सरायकेला-खरसावां और पूर्वी सिंहभूम में गुरुवार सुबह 8:30 बजे तक बारिश को लेकर यलो अलर्ट भी जारी किया है। रांची मौसम विज्ञान केंद्र द्वारा जारी बुलेटिन के अनुसार कि झारखंड में गुरुवार सुबह 8:30 बजे तक व्यापक वर्षा की संभावना है। इस दौरान कम दबाव के क्षेत्र के प्रभाव में कुछ जिलों में भारी से बहुत भारी वर्षा हो सकती है। कुछ जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश की भी आशंका जताई गई है। मौसम बुलेटिन के मुताबिक, झारखंड में 1 जून से 3 सितंबर तक सामान्य से 26 प्रतिशत अधिक बारिश दर्ज की गई है। इस अवधि में राज्य में 1034.9 मिमी वर्षा हुई है, जबकि सामान्य वर्षा 823.7 मिमी है।

# पचास रुपये की खातिर हुई थी अनाउल अंसारी की हत्या, गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** बेंगाबाद में 50 रुपये के छोटे से विवाद के कारण एक व्यक्ति की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। रविवार की रात मुंडराडीह गांव में हुई इस घटना में अनाउल अंसारी नामक व्यक्ति की जान चली गई, जिसका आरोप गांव के ही मकसूद अंसारी पर है।

पुलिस ने मकसूद को गिरफ्तार कर लिया है। मामले का खुलासा मंगलवार को गिरिडीह के सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) जीतवाहन उरांव ने एक प्रेस वार्ता में किया।

पुलिस ने बताया कि हत्या का कारण महज 50 रुपये का बकाया था। दरअसल मकसूद ने अनाउल से 200 रुपये उधार लिए थे।

घटना के दिन सुबह दोनों के बीच पैसों को लेकर झगड़ा हुआ, जिसके बाद मकसूद ने 150 रुपये अनाउल को वापस कर दिए। सिर्फ 50 रुपये बाकी रह गए थे।

इसी 50 रुपये को मांगने के लिए



अनाउल रविवार की शाम मकसूद के घर पहुंचा। इस दौरान दोनों में फिर से कहासुनी हुई और विवाद इतना बढ़ गया कि मकसूद ने चाकू से अनाउल पर हमला कर दिया।

गिरफ्तारी के बाद मकसूद ने पुलिस को पूरी कहानी सुनाई। उसने बताया कि वह पिछले आठ महीने से बेरोजगार था और जरूरत पड़ने पर अनाउल से 200 रुपये उधार लिए थे।अनाउल बार-बार पैसे मांग रहा था, जिससे वे दोनों कई बार झगड़ चुके थे।

मकसूद के मुताबिक घटना वाली शाम अनाउल एक दोस्त के साथ बाइक पर आया और गाली-गलौज करते हुए 50 रुपये मांगने लगा।

जब मकसूद ने पैसे अगले दिन देने की बात कही, तो अनाउल ने उस पर चाकू से वार कर दिया। अपनी जान बचाने के लिए मकसूद ने चाकू छीना और उसी चाकू से अनाउल पर तीन बार वार कर दिया।

गंभीर रूप से घायल अनाउल ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही दम तोड़ दिया।

# कुएं में डूबने से 16 वर्षीय छात्र की मौत



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चतरा।** जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र के बहेरी गांव में बुधवार को बड़ा हादसा हो गया। अशोक लाल का 16 वर्षीय पुत्र साहिल कुमार कुएं में डूब गया, जिससे उसकी मौत हो गई।जानकारी के अनुसार, साहिल पांच अन्य दोस्तों के साथ कुएं में नहाने गया था। इसी दौरान वह गहरे पानी में चला गया और बाहर नहीं निकल सका। बताया जा रहा है कि साहिल पहली बार कुएं में तैरने की कोशिश कर रहा था और उसे तैरना नहीं आता था।

घटना की सूचना मिलते ही हंटरगंज थाना पुलिस के सब-इंस्पेक्टर बीर बहादुर सिंह दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। पंप की मदद से कुएं का पानी खाली कर पुलिस ने शव बाहर निकाला। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी पीड़ित परिवार से मिलने बहेरी गांव पहुंचीं। उन्होंने परिजनों को सांत्वना दी और हर संभव सरकारी मदद दिलाने का आश्वासन दिया। मौके पर कोबना पंचायत के मुखिया बब्लू कुमार मेहता, समाजसेवी भोला यादव, प्रमोद पासवान सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे। इस हादसे से पूरे गांव में शोक की लहर है।

# ठगी मामले में तेलंगाना से एक गिरफ्तार

**रांची।** सीआइडी के अधीन संचालित साइबर अपराध थाने की पुलिस ने एनआइटी जमशेदपुर के केमिस्ट्री के प्रोफेसर प्रभात कुमार से एक करोड़ 53 लाख 83 हजार 118 रुपये की साइबर ठगी मामले में एक आरोपित को तेलंगाना से गिरफ्तार कर लिया है।

यह उक्त केस में दूसरी गिरफ्तारी है। गिरफ्तार आरोपित एरा लक्ष्मा रेड्डी है, जो तेलंगाना के करीमनगर जिले के करीमनगर थाना-1 टाउन करीमनगर स्थित 10-4-166/बी का निवासी है। इससे पूर्व साइबर अपराध थाने की पुलिस ने एक आरोपित आसिफ को उत्तर प्रदेश से पकड़ा था। वह उत्तर प्रदेश के हापुड़ जिले के कोतवाली हापुड़नगर थाना क्षेत्र के काजीवारा का रहने वाला था। गिरफ्तारी के बाद से ही वह रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में बंद है। शिकायतकर्ता प्रोफेसर प्रभात कुमार ने साइबर अपराध थाने में 20 मई को दर्ज प्राथमिकी में बताया था कि साइबर अपराधियों ने उनसे वाट्सएप के माध्यम पर संपर्क कर राशि निवेश का प्रलोभन दिया था।

# करमा पूजा के दौरान ढोल-नगाड़ों की थाप पर लोग झूमने पर हुए मजबूर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड का प्रमुख पर्व करमा पूजा पूरे राज्य में धूमधाम और आस्था के साथ मनाया जा रहा है। आदिवासी समाज के लिए यह पर्व न केवल धार्मिक महत्व रखता है, बल्कि यह उनकी सांस्कृतिक पहचान और प्रकृति से जुड़ाव का भी प्रतीक है। राजधानी रांची समेत राज्य के विभिन्न जिलों के अखरों में पाहन की अगुवाई में श्रद्धालुओं ने करम डाल की पूजा की और जावा की अर्चना कर अच्छी फसल, परिवार की खुशहाली और भाई-बहन के रिश्ते की मजबूती की कामना की।

इसी क्रम में रांची विश्वविद्यालय के जनजातीय भाषा विभाग में भी करमा उत्सव का विशेष आयोजन किया गया। इस मौके पर विभागीय परिसर पारंपरिक गीत-संगीत और नृत्य से गूंज उठा। छात्र-छात्राओं ने



पारंपरिक वेशभूषा धारण कर करमा नृत्य प्रस्तुत किया, जिससे विश्वविद्यालय का माहौल उल्लास और उमंग से भर गया। ढोल-नगाड़ों की थाप और करमा गीतों की गूंज ने सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में मंत्री चमरा लिंडा विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने कार्यक्रम का आनंद लेते हुए कहा कि करमा पर्व केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रकृति संरक्षण और संतुलित जीवन का संदेश भी देता है। उन्होंने युवाओं से

## कार्यक्रम में मंत्री चमरा लिंडा भी हुए शामिल

अपील की कि वे अपनी संस्कृति और परंपराओं से जुड़े रहें तथा पर्यावरण और समाज की रक्षा में सक्रिय भूमिका निभाएं।

रांची विश्वविद्यालय का यह आयोजन न केवल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम साबित हुआ, बल्कि इसने यह भी दशार्या कि करमा पर्व कैसे आदिवासी समाज की एकजुटता, भाईचारा और प्रकृति के साथ उनके गहरे संबंध को मजबूत करता है।

राजधानी रांची में जगह-जगह करमा पूजा का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य कार्यक्रम देर रात रांची कॉलेज साइंस ब्लॉक स्थित अखरा स्थल पर होगा, जहां मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शामिल होंगे। वहीं हरमू स्थित सहजानंद चौक अखरा स्थल पर पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन उपस्थित रहेंगे।


**आद्रा मंडल में पार्किंग अनुबंध हेतु ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, आद्रा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-नीलामी आमंत्रित करते हैं: विवरण निम्नानुसार हैं: **श्रेणी:** पार्किंग। **नीलामी कैटेलॉग संख्या:** पार्क 83। **लॉट संख्या/श्रेणी:** (i) पार्किंग-आद्रा-बीबीएम-एमएक्स-64-25-1 (पार्किंग-मिक्स्ड), (ii) पार्किंग-आद्रा-वीएए-एमएक्स-67-25-1 (पार्किंग-मिक्स्ड)। **नीलामी शुरू (सभी लॉट):** 15.09.2025 को दोपहर 12.00 बजे। **नीलामी बंद होने की तारीख/समय:** (i) 15.09.2025 को दोपहर 12.30 बजे, (ii) 15.09.2025 को दोपहर 12.40 बजे। **द्रष्टव्य:** संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे आईआरईपीएस वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल देखें। पूछताछ/स्पष्टीकरण, यदि कोई हो, के लिए कृपया अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से संपर्क करें।

(PR-590) वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, आद्रा

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा


# पंचायतों में बढ़ेंगी स्वास्थ्य सुविधाएं

**रांची।** मुख्य सचिव अलका तिवारी ने स्वास्थ्य मद में 15वें वित्त आयोग की 50 प्रतिशत राशि को अक्टूबर के मध्य तक खर्च करना सुनिश्चित करने का निर्देश सभी उपायुक्तों को दिया है।

उन्होंने कहा कि 50 प्रतिशत राशि खर्च होने के बाद ही केंद्र से 1020.27 करोड़ की बकाया राशि पर दावा किया जा सकता है। इसे लेकर उन्होंने उपायुक्तों को मिशन मोड में कार्य करने पर बल दिया।

बैठक में अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने जानकारी दी कि झारखंड के सुदूर ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य उपकेंद्र से वंचित 948 पंचायतों में ऐसे केंद्र बनाने की प्रक्रिया अब तेजी से शुरू होगी।

सोमवार को मुख्य सचिव अलका तिवारी के कार्यालय में 15वें वित्त आयोग की राशि से संबंधित समीक्षा बैठक के दौरान अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने पूरे मामले की जानकारी दी । बताया कि राज्य के तमाम इलाकों में 1344.08 करोड़ रुपये से एचएससी, पीएचसी, सीएचसी, बीपीएचयू (ब्लाक पब्लिक हेल्थ यूनिट), यूएएएम (अरबन आयुष्मान आरोग्य मंदिर), पीएम अभीम आदि का निर्माण हो रहा है।

उसमें शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में डायग्नोस्टिक इंफ्रास्ट्रक्चर को भी विकसित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उपायुक्तों को निर्देश दिया गया है कि स्वास्थ्य उपकेंद्रों के निर्माण के लिए जगह का चयन करने में अंचलाधिकारियों का सहयोग लें।

वहीं आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना, मुख्यमंत्री अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के लाभुकों का केवाईसी कराने में आपूर्ति और स्वास्थ्य पदाधिकारियों के साथ समन्वय बनाने पर बल दिया।

# बेजुबानों की सेवा में समर्पित एक आइएएस अधिकारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** यह कहानी जरा अलग हटकर है। सामान्य तौर पर भारतीय प्रशासनिक सेवा (आइएएस) के अधिकारी फाइलों और विभागीय कार्यों में उलझे रहते हैं। उनकी व्यस्तता उन्हें कुछ और करने का मौका नहीं देती। लेकिन इस भीड़ में भी कुछ ऐसे अधिकारी हैं जो आत्मसंतुष्टि के लिए वैसे कार्य करते हैं, जो उन्हें आंतरिक प्रसन्नता की अनुभूति कराए।

सबसे बड़ी बात यह है कि ढोल पीटकर छोटे-छोटे काम से दुनिया को इंटरनेट मीडिया पर अवगत कराने के युग में वे अपना नाम तक जाहिर नहीं करना चाहते ।

परदे के पीछे रहकर सारा काम करते हैं। झारखंड कैडर के 2001 बैच के एक आइएएस अधिकारी की दास्तां कुछ ऐसी है। यह कहानी न केवल उनके गौ प्रेम और पक्षियों के प्रति संवेदनशीलता को दर्शाती है, बल्कि यह भी बताती है कि सच्ची सेवा वही है, जो बिना ढोल पीटे की जाए।

आइएएस अधिकारी एमबीबीएस डाक्टर हैं और पिछले छह-सात वर्षों से गायों और अन्य पशु-पक्षियों की सेवा में लगे हैं। उक्त आइएएस अधिकारी के सरकारी आवास के बाहर सुरक्षाकर्मियों का शेड अब गायों के आश्रय स्थल में बदल चुका है। वे सड़कों पर घायल या बीमार गायों को देखते ही उनके मालिकों से संपर्क करते हैं और अनुमति लेकर इलाज कराते हैं।

## दिखावा से हैं कोसों दूर

अब तक उन्होंने पशु चिकित्सकों की मदद से 50 से अधिक गंभीर रूप से घायल गायों का उपचार कराया है। इतना ही नहीं, वे गायों का टीकाकरण भी सुनिश्चित करते हैं ताकि वे बीमारियों से बची रहें। उनकी पत्नी भी इस नेक कार्य में उनका साथ देती हैं। इस अधिकारी का गौ प्रेम केवल गायों तक सीमित नहीं है। वे घायल पक्षियों के उपचार के लिए भी हमेशा तत्पर रहते हैं।

जैसे ही उन्हें किसी बीमार या घायल पशु-पक्षी की जानकारी मिलती है, वे तुरंत पशु चिकित्सा पदाधिकारी डा. सुरंजन सरकार को सूचित करते हैं। अधिकारी न केवल चिकित्सा की व्यवस्था करते हैं, बल्कि चालक और गाड़ी जैसी आवश्यक सुविधाएं भी उपलब्ध कराते हैं। उनके घर के बाहर गायों का जमावड़ा लगा रहता है और वे उनके लिए चारे का प्रबंध समेत अन्य चिंता भी करते हैं।

उनके निर्देश पर गायों व पक्षियों की देखभाल करने वाले पशु चिकित्सकों के साथ वे अनौपचारिक बातचीत में गायों को 'कामधेनु'और बछड़ों को 'नंदी' का रूप बताते हैं, जो उनके गहरे सांस्कृतिक और आध्यात्मिक जुड़ाव को दर्शाता है। इस अधिकारी की सेवा भावना पशु चिकित्सकों को भी प्रभावित कर रही है। पशु चिकित्सक उनके समर्पण और निस्वार्थ भाव की तारीफ करते नहीं थकते।

उनके अनुसार, यह अधिकारी न केवल पशुओं के प्रति संवेदनशील हैं, बल्कि उनके कार्य समाज के लिए एक प्रेरणा हैं। आज के दौर में, जब लोग छोटे-छोटे कार्यों को भी इंटरनेट मीडिया पर प्रचारित करते हैं ।

यह अधिकारी अपनी पहचान छिपाकर काम करना पसंद करते हैं। उनका यह अनूठा प्रयास बेजुबानों के प्रति संवेदना का प्रतीक है।


**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

**सं. सी8-एमपीएस-एएसएन-2025** **दिनांक 02.09.2025**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा आसनसोल मंडल के तहत मल्टी परपज स्टॉल (एमपीएस) के प्रावधान के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के जरिए आईआरईपीएस पोर्टल के माध्यम से खुली ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। विवरण इस प्रकार है: **नीलामी कैटलॉग सं.: एएसएन-एमपीएस-25-8, क्रम सं., लॉट सं./कैटेगरी, कार्य का विवरण और ई-नीलामी की अंतिम तिथि/समय** निम्नानुसार हैं: **एए/1,** एमपीएस-एएसएन-यूडीएल-एमपीएस-5-25-1, अण्डाल रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नं. 3-4 पर वाटर कूलर और एफओबी के बीच 05 वर्ष की अवधि के लिए मल्टीपरपज स्टॉल (एमपीएस) (6 फीट X 10 फीट = 60 वर्ग फीट) का आवंटन, 16.09.2025 को 12.30.00 बजे। **एए/2,** एमपीएस-एएसएन-डीयूएमके-एमपीएस-28-25-1, दुमका रेलवे स्टेशन में मुख्य प्रवेश द्वार के सामने एवं ओआरएच बाउंडरी वॉल के पास 05 वर्ष की अवधि के लिए मल्टीपरपज स्टॉल (एमपीएस) (6 फीट X 10 फीट = 60 वर्ग फीट) का आवंटन, अनारक्षित के लिए चिह्नित (महिला), 16.09.2025 को 12.40.00 बजे। **एए/3,** एमपीएस-एएसएन-सीआरजे-एमपीएस-3-25-1, चित्तरंजन रेलवे स्टेशन में प्लेटफॉर्म नं. 2-3 पर एफओबी और बरगद वृक्ष के बीच, 05 वर्ष की अवधि के लिए मल्टीपरपज स्टॉल (एमपीएस) (6 फीट X 10 फीट = 60 वर्ग फीट) का आवंटन, 16.09.2025 को 12.50.00 बजे। ASN-175/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


C M Y K

यूएस ओपन

## पहली बार ग्रैंड स्लैम क्वार्टर फाइनल में युकी भांबरी



**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** भारत के युकी भांबरी न्यूजीलैंड के जोड़ीदार माइकल वीनस के साथ यूएस ओपन के पुरुष युगल क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं। भांबरी-वीनस की जोड़ी ने जर्मनी के केविन क्राविट्ज-टिम पुएत्ज की जोड़ी को सीधे सेटों में 6-4, 6-4 से शिकस्त दी। यह इंडो-न्यूजीलैंड जोड़ी अब 41 वर्षीय अमेरिकी राजीव राम और उनके जोड़ीदार निकोला मेक्टिक की 11वीं वरीयता प्राप्त जोड़ी से भिड़ेगी। निकोला क्रोएशिया से हैं। भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले पुरुष डबल्स टेनिस खिलाड़ी भांबरी ने करियर में पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई है। वह वर्तमान में वर्ल्ड नंबर 32 हैं। पिछले साल भांबरी ने फ्रांस के टेनिस खिलाड़ी अल्बानो ओलिवेटी के साथ यूएस ओपन खेला था। वह प्री-क्वार्टर फाइनल तक पहुंचे थे। उस मुकाबले में यह जोड़ी स्पेन के मार्सेल ग्रानोलेर्स और अर्जेंटीना के होरासियो जेबालोस से सीधे सेटों में हार गई थी। इससे पहले, भांबरी और वीनस ने कोलंबिया के गोंजालो एस्कोबार और मैक्सिको के मिगेल एंजेल रेयेस-वरेला की जोड़ी को 6-1, 7-5 से शिकस्त देकर प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया था। यह मुकाबला 1 घंटे 25 मिनट तक चला। वहीं, राम और मेक्टिक की जोड़ी ने ब्राजील के फर्नांडो रोम्बोली और ब्रिटेन के जॉन-पैट्रिक स्मिथ की गैर-वरीयता प्राप्त जोड़ी को 6-7(7), 7-5, 7-5 से शिकस्त दी। तीन सेटों का यह मुकाबला करीब तीन घंटे तक चला।राम ने दूसरे दौर की जीत के साथ ही अपनी 500वीं टूर-स्तरीय जीत हासिल की। राम 500 टूर-स्तरीय युगल जीत तक पहुंचने वाले सातवें सक्रिय खिलाड़ी बन गए और वह इतनी जीत हासिल करने वाले एकमात्र सक्रिय अमेरिकी हैं।

काफा नेशंस कप

## भारत को झटका, डिफेंडर झिंगन चोट के कारण काफा नेशंस कप के बाकी मैचों से बाहर



**हिसोर (ताजिकिस्तान), एजेंसी।** भारत इस समय चार टीमों के ग्रुप में दूसरे स्थान पर है जिसने मेजबान ताजिकिस्तान को हराया था। इसके बाद एशियाई दिग्गज और दुनिया की 20वें नंबर की टीम ईरान से हार गया। भारत के स्टार डिफेंडर संदेश झिंगन ईरान से 0-3 से मिली हार के दौरान लगी चोट के कारण काफा नेशंस कप के बाकी मैचों से बाहर हो गए हैं। 32 वर्ष के झिंगन को लगी चोट भारत के लिए करारा झटका है जिसे गुरुवार को ग्रुप बी के तीसरे और आखिरी मैच में अफगानिस्तान से खेलना है। भारत इस समय चार टीमों के ग्रुप में दूसरे स्थान पर है जिसने मेजबान ताजिकिस्तान को हराया था। इसके बाद एशियाई दिग्गज और दुनिया की 20वें नंबर की टीम ईरान से हार गया। ईरान छह अंक लेकर शीर्ष पर है। भारत की आगे बढने की उम्मीदें अफगानिस्तान के खिलाफ मैच पर टिकी हैं। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने एक्स पर लिखा, डिफेंडर संदेश झिंगन को ईरान के खिलाफ भारत के काफा नेशंस कप 2025 मैच के दौरान चोट लगी थी। वह भारत लौट जाएंगे।

# उनके लिए प्रार्थना कर रहा हूं जिन्हें हमने खो दिया

बेंगलुरु भगदड़ पर बोले विराट कोहली



**बेंगलुरु, एजेंसी।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने इसी साल 3 जून को पहली बार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) खिताब अपने नाम किया। अगले दिन विक्ट्री परेड का आयोजन था, लेकिन फैंस के बीच मची भगदड़ में 11 लोगों ने अपनी जान गंवा दी। इस मामले पर आरसीबी के स्टार खिलाड़ी विराट कोहली का बयान सामने आया है। विराट कोहली के बयान को आरसीबी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट किया है, जिसमें कोहली ने कहा, जिंदगी में कुछ भी आपको 4 जून जैसे दिल टूटने के लिए तैयार नहीं करता। जो हमारी फ्रेंचाइजी के इतिहास का सबसे खुशी का पल होना चाहिए था, वह एक दुखद घटना में बदल गया।

उन्होंने कहा, मैं उन लोगों के परिवारों के बारे में सोच रहा हूं और उनके लिए प्रार्थना कर रहा हूं, जिन्हें हमने खो दिया। उन फैंस के बारे में सोच रहा हूं, जो घायल हुए। आपका नुकसान अब हमारी कहानी का हिस्सा है। हम साथ मिलकर सम्मान और जिम्मेदारी के साथ आगे बढ़ेंगे।

### 11 ने अपनी गंवाई थी जान, 33 हुए थे घायल हुए

इस हादसे में 11 लोगों ने अपनी जान गंवाई थी, जबकि 33 लोग घायल हुए थे। फ्रेंचाइजी भगदड़ में मारे गए लोगों के परिवारों को आरसीबी केयर्स के जरिए 25 लाख रुपए देने का ऐलान कर चुकी है। मामले को लेकर न्यायिक जांच के आदेश दिए गए थे। घटना के बाद से अब तक बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में कोई इंटरनेशनल मैच नहीं खेला गया है। महिला वनडे वर्ल्ड कप 2025 के कुछ मुकाबले यहां खेले जाने थे, लेकिन अब उन्हें मुंबई के डॉ. डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स अकेडमी में कराने का फैसला लिया गया है। जस्टिस कुन्हा कमीशन की रिपोर्ट के मुताबिक, एम चिन्नास्वामी स्टेडियम बड़े सार्वजनिक आयोजनों के लिए उचित नहीं है। कमीशन की रिपोर्ट में कहा गया है कि स्टेडियम का डिजाइन और स्ट्रक्चर बड़े जमावड़ों के लिए अनुपयुक्त और असुरक्षित है।

# ध्रुव जुरेल को हुआ डेंगू, बड़े घरेलू टूर्नामेंट से हुए बाहर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** मध्य क्षेत्र के कप्तान बनाए गए ध्रुव जुरेल डेंगू से पीड़ित होने के कारण दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल में नहीं खेल पाएंगे। मध्य क्षेत्र के ध्रुव जुरेल 4 सितंबर से पश्चिम क्षेत्र के खिलाफ होने वाले सेमीफाइनल मुकाबले का हिस्सा नहीं होंगे। टूर्नामेंट शुरू होने से पहले टीम के कप्तान बनाए गए इस विकेटकीपर-बल्लेबाज ने कमर में दर्द के कारण क्वार्टर फाइनल में हिस्सा नहीं लिया था। अब जुरेल के बीमारी के कारण लंबे समय तक मैदान से बाहर रहने की उम्मीद है।

मध्य क्षेत्र के मुख्य कोच उस्मान गनी ने दावा किया है कि जुरेल डेंगू से पीड़ित हैं और इसलिए दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। उन्होंने बताया कि अक्षय वाडकर को विकेटकीपर-बल्लेबाज की जगह टीम में शामिल किया गया है। जुरेल की अनुपस्थिति में रजत पाटीदार ने नॉर्थ ईस्ट जोन के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में सेंट्रल जोन की कप्तानी की। इससे पहले एक रिपोर्ट में दावा किया गया था कि जुरेल अपनी कमर की चोट के कारण सेमीफाइनल से बाहर रहेंगे। हालांकि, ऐसा नहीं है।

विदर्भ और सेंट्रल जोन के मुख्य कोच उस्मान गनी ने कहा, हां, वाडकर को सेंट्रल ज़ोन टीम में शामिल किया गया है क्योंकि जुरेल डेंगू से पीड़ित हैं। वह अगले मैच के लिए उपलब्ध नहीं हैं और हमें टीम में एक और विकेटकीपर की जरूरत थी। जुरेल आखिरी बार भारत बनाम इंग्लैंड टेस्ट सीरीज में नजर आए थे, जहां उन्होंने चोटिल ऋषभ पंत की अनुपस्थिति में विकेटकीपिंग की थी। जुरेल के अलावा, कुलदीप यादव ने भी टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया है क्योंकि वह एशिया कप 2025 के लिए भारतीय टीम के साथ दुबई जाएंगे।

### मध्य क्षेत्र की अपडेटिड टीम

रजत पाटीदार (कप्तान), अक्षय वाडकर, आर्यन जुयाल, दानिश मालेवार, संजीत देसाई, यश ठाकुर, आदित्य ठाकरे, दीपक चाहर, सारांश जैन, आयुष पांडे, शुभम शर्मा, यश राठौड़, हर्ष दुबे, मानव सुथार, खलील अहमद **स्टैंडबाय:** माधव कौशिक, युवराज चौधरी, महिपाल लोमरोर, कुलदीप सेन, उपेंद्र यादव

# इंग्लैंड दौरा नहीं भूल सकता: प्रसिद्ध कृष्णा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड में पांच टेस्ट मैचों की एंडरसन-तेंदुलकर सीरीज को 2-2 से ड्रॉ कराया था। शुभमन गिल की कप्तानी वाली युवा टीम के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि थी। तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा का इसमें अहम योगदान रहा था। प्रसिद्ध कृष्णा ने कहा है कि एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में भारत का 2-2 से रोमांचक ड्रॉ उनके करियर के सबसे यादगार अनुभवों में से एक के रूप में उनकी यादों में हमेशा के लिए अंकित रहेगा। 29 वर्षीय कृष्णा ने द ओवल में खेले गए पांचवें और निर्णायक टेस्ट में शानदार प्रदर्शन किया था और कुल 8 विकेट लेते हुए भारत की जीत में बड़ी भूमिका निभाई थी। बात करते हुए कृष्णा ने कहा, शारीरिक रूप से दौरे ने मुझे थका दिया था। इंग्लैंड सीरीज के बाद मैंने दस दिन का ब्रेक लिया था। ब्रेक के दौरान भी मुझे शरीर में दर्द महसूस हो रहा था। द ओवल टेस्ट का पांचवां दिन याद करते हुए कृष्णा ने कहा, पहली गेंद, मैंने पहले ही तय कर लिया था, बाउंसर होने वाली थी। वह गेंद चौके के लिए गई, लेकिन इससे मुझे यह समझने में भी मदद मिली कि पिच पर क्या हो रहा है। दूसरी गेंद अंदरूनी किनारे से लगी। पहली दो गेंदों पर आठ रन आने के बावजूद, मैं काफी संयमित था। मुझे पता था कि मुझे एक निश्चित क्षेत्र में, एक निश्चित लंबाई पर गेंद फेंकनी होगी, और गेंद को ही अपना काम करने देना होगा। कृष्णा ने दूसरे छोर से दबाव बनाने के लिए मोहम्मद सिराज को श्रेय दिया। उन्होंने कहा कि पहले कुछ ओवरों में मुझसे ज्यादा सिराज की गेंद स्विंग कर रही थी। जेमी स्मिथ का आउट होना निर्णायक था। उस विकेट ने सबकुछ बदल दिया। फिर विकेट गिरना समय की बात थी। जब आखिरी विकेट गिरा, तो भारत खुशी से झूम उठा।प्रसिद्ध ने उस क्षण को याद करते हुए कहा, आखिरी विकेट गिरने के बाद जो खुशी मिली उसे बयां नहीं किया जा सकता। हमने जमकर जश्न मनाया। भावनाएं बहुत ज्यादा थी। जब मैं अब बैठकर खेल देखता हूं, तो यह पहले जैसा नहीं लगता। मैदान पर होने के कारण, माहौल बहुत अच्छा, बहुत ऊर्जावान और बहुत ज्यादा खुशी देने वाला था। यह कुछ ऐसा है जो हमेशा मेरे साथ रहेगा। मुझे नहीं लगता कि मैं कभी भी ऐसा ही पल, बस बैठकर और बाहर से देखकर महसूस कर पाऊंगा। प्रसिद्ध कृष्णा ने 5 मैचों की सीरीज में 3 मैच खेले थे और 14 विकेट लिए थे।

# 39 साल के सिकंदर रजा बने दुनिया के नंबर- 1

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईसीसी ने बुधवार को अपनी ताजा रैंकिंग जारी की, इसमें ओडीआई ऑलराउंडर रैंकिंग में एक बड़ा बदलाव हुआ. अफगानिस्तान के प्लेयर अज़मतुल्लाह उमरज़ई पहले स्थान से खिसककर दूसरे नंबर पर आ गए हैं. उनकी जगह ली है जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा ने, जो 302 रेटिंग के साथ ओडीआई में दुनिया के नए नंबर-1 ऑलराउंडर बन गए हैं. 39 वर्षीय सिकंदर रजा ने पिछले हफ्ते श्रीलंका के खिलाफ 2 वनडे मैचों में शानदार बल्लेबाजी की थी. उन्होंने 29 अगस्त को खेले गए मुकाबले में 92 रनों की शानदार पारी खेली थी. हालांकि बावजूद इसके जिम्बाब्वे जीत नहीं सकी थी, लेकिन टीम जीत के बेहद करीब पहुंच गई थी. 299 का पीछा करते हुए जिम्बाब्वे लक्ष्य से सिर्फ 8 रन दूर रह गई थी. इसके बाद 31 अगस्त को हुए मुकाबले में रजा ने नाबाद 59 रन बनाए थे, इसमें भी श्रीलंका आसानी से जीत नहीं मिली थी.

ओडीआई ऑलराउंडर, अफगानिस्तान के प्लेयर की बादशाहत खत्म

### अज़मतुल्लाह उमरज़ई की बादशाहत खत्म

सिकंदर रजा ओडीआई ऑलराउंडर रैंकिंग में पहले तीसरे स्थान पर थे, लेकिन इन दो पारियों ने उन्हें टॉप पर पहुंचा दिया है. उन्होंने अफगानिस्तान के ऑलराउंडर प्लेयर अज़मतुल्लाह उमरज़ई का ताज छीना, जो अब दूसरे नंबर पर खिसक गए हैं.

### वनडे ऑलराउंडर रैंकिंग में टॉप-5 बल्लेबाज

सिकंदर रजा (जिम्बाब्वे) - 302 रेटिंग
अज़मतुल्लाह उमरज़ई (अफगानिस्तान) - 296 रेटिंग
मोहम्मद नबी (अफगानिस्तान) - 292 रेटिंग
मेहदी हसन मिराज (बांग्लादेश) - 249 रेटिंग
माइकल ब्रेसवेल (न्यूजीलैंड) - 246 रेटिंग

### टेस्ट और टी20 में भारत की बादशाहत बरकरार

टेस्ट फॉर्मेट में दुनिया के नंबर-1 ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा ही हैं, इस लिस्ट के टॉप-10 में भी कोई बदलाव नहीं हुआ है. जबकि हार्दिक पांड्या दुनिया के नंबर टी20 ऑलराउंडर हैं. उनके 252 रेटिंग पॉइंट्स हैं. हालांकि अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी को एक अंक का फायदा हुआ है, वह अब टी20 ऑलराउंडर रैंकिंग में दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं और नेपाल के दीपेंद्र सिंह तीसरे स्थान पर खिसक गए हैं.



# दलीप ट्रॉफी: आज से शुरू होगा सेमीफाइनल, इन खिलाड़ियों पर रहेगी नजर

**बेंगलुरु, एजेंसी।** श्रेयस अय्यर, यशस्वी जायसवाल और शार्दुल ठाकुर गुरुवार से यहां शुरू होने वाले दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल में पश्चिम क्षेत्र की तरफ से मध्य क्षेत्र के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करके भारतीय टीम में वापसी करने के लिए अपना मजबूत दावा पेश करने की कोशिश करेंगे। अय्यर को एशिया कप के लिए भारतीय टीम में नहीं चुना गया लेकिन वह यहां सत्र की शानदार शुरुआत करके वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू श्रृंखला तथा उसके बाद ऑस्ट्रेलिया के सीमित ओवरों के दौरे जैसे महत्वपूर्ण टूर्नामेंटों से पहले खुद को दावेदारी में बनाए रखना चाहेंगे। अय्यर ने इंडियन प्रीमियर लीग में पंजाब किंग्स के लिए 17 मैचों में 50.33 की औसत और 175 से अधिक की स्ट्राइक रेट से 604 रन बनाए, लेकिन इसके बावजूद वह एशिया कप के लिए राष्ट्रीय टीम में जगह नहीं बना पाए। उनके अच्छे प्रदर्शन का फायदा पश्चिम क्षेत्र को भी मिलेगा। जहां तक जायसवाल का सवाल है तो बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने टेस्ट टीम में अपनी जगह पक्की कर दी है लेकिन सीमित ओवरों की क्रिकेट में वह राष्ट्रीय चयन समिति



की पहली की पसंद नहीं हैं। वह वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला से पहले लाल गेंद की क्रिकेट में अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखना चाहेंगे।

जायसवाल का आखिरी प्रतिस्पर्धी मैच ओवल में इंग्लैंड के खिलाफ पांचवां टेस्ट था और उन्हें अगला अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने के लिए अक्टूबर में वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला तक इंतजार करना पड़ सकता है। दूसरी ओर ठाकुर पश्चिम क्षेत्र की कप्तानी करने के लिए तैयार हैं। वह इंग्लैंड के खिलाफ एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे और इसलिए चयनकर्ताओं की नजरों में बने रहने के लिए वह अपने प्रदर्शन को बेहतर करने की कोशिश करेंगे। पश्चिम क्षेत्र की टीम के अन्य प्रमुख सदस्य जैसे रुतुराज गायकवाड़ और तनुश कोटियन अभी अच्छा प्रदर्शन करके राष्ट्रीय चयन समिति का ध्यान खींचना चाहेंगे। जहां तक मध्य क्षेत्र का सवाल है तो ध्रुव जुरेल अगर कमर की चोट से उबर जाते हैं तो वह टीम की कमान संभाल सकते हैं। यह भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज क्वार्टर फाइनल में नहीं खेल पाया था। जुरेल के बिना भी उनकी बल्लेबाजी दमदार रही, क्योंकि कार्यवाहक कप्तान रजत पाटीदार, दानिश मालेवार और शुभम शर्मा ने बड़े शतक जड़े। उनके पास बाएं हाथ के स्पिनर हर्ष दुबे तथा तेज गेंदबाज खलील अहमद और दीपक चाहर के रूप में मजबूत गेंदबाजी इकाई भी है। एक अन्य सेमीफाइनल में उत्तर क्षेत्र का मुकाबला दक्षिण क्षेत्र से होगा। दक्षिण क्षेत्र के कप्तान तिलक वर्मा एशिया कप के लिए भारतीय टीम में शामिल है और इसलिए इस मैच में नहीं खेल पाएंगे। इसके अलावा दक्षिण क्षेत्र को तेज गेंदबाज वैसाख विजयकुमार और बाएं हाथ के स्पिनर आर साई किशोर की भी कमी खलेगी जो चोटिल हैं। इसलिए दक्षिण क्षेत्र को उत्तर क्षेत्र की चुनौती से निपटने के लिए एन जगदीशन, देवदत्त पडिक्कल और सलमान निजार जैसे खिलाड़ियों से अच्छे स्कोर की आवश्यकता होगी। उत्तर क्षेत्र को तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा की कमी खलेगी जो एशिया कप के लिए भारतीय टीम में शामिल हैं। उत्तर क्षेत्र की बल्लेबाजी का दारोमदार आयुष बडोनी और कप्तान अंकित कुमार पर रहेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### पास है तो सब यहीं चले आते हैं, यह मंजूर नहीं: सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** महाठगी के आरोपी सुकेश चंद्रशेखर की पत्नी लीना पॉलोज को बुधवार को सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी फटकार लगा दी। 200 करोड़ रुपये की वसूली के मामले में जेल में बंद सुकेश की पत्नी दिल्ली हाई कोर्ट में जमानत याचिका पर जल्द सुनवाई चाहती हैं और इसके लिए सर्वोच्च अदालत का रुख किया था। जस्टिस दीपांकर दत्ता और प्रशांत कुमार मिश्रा की बेंच ने कहा कि केसों की जल्द सुनवाई की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट आने का चलन स्वीकार्य नहीं है। बेंच ने कहा, यह मंजूर नहीं है कि चूंकि सुप्रीम कोर्ट नजदीक है तो सब चले आते हैं और स्थगन मांगते हैं। पॉलेज की ओर से वकील ने कहा कि हाई कोर्ट में हर दिन सूचीबद्ध होने के बावजूद उनकी याचिका पर सुनवाई नहीं हो रही है।

### दिल्ली में मोबाइल तस्करी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्पेशल टास्क फोर्स और दक्षिण पूर्व जिले की टीम ने मोबाइल फोन की तस्करी करने वाले एक अंतर्राज्यीय और सीमा पार गिरोह का पर्दाफाश किया है। टीम ने 2 सितंबर 2025 की शाम को इस गिरोह के तीन सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया, जिनमें सरगना भी शामिल है। ये गिरफ्तारियां दिल्ली के सराय काले खां स्थित वेस्ट टू वंडर पार्क के पास से की गईं। तीनों आरोपी पश्चिम बंगाल से हैं। गिरफ्तार किए गए लोगों में मोहतार शेख (सरगना), मोहम्मद गुलु शेख, अब्दुल शमीम शामिल है। उनके पास से 315 बोर के तीन देशी पिस्तौल और छह जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। तीनों से कुल 228 महंगे मोबाइल फोन भी बरामद किए गए हैं। बता दें कि 2 सितंबर 2025 की शाम को, स्पेशल टास्क फोर्स एक सूचना मिली कि चोरी/छीने गए मोबाइल फोन का मुख्य खरीदार मोहतार शेख, अपने साथियों के साथ दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के इलाके में घूम रहा है। इस सूचना पर, स्पेशल टास्क फोर्स एक टीम बनाई गई और सराय काले खां स्थित वेस्ट टू वंडर पार्क के पास जाल बिछाया गया। शाम लगभग 7:15 बजे, पुलिस टीम ने ISBT की तरफ से आ रहे मोहतार शेख और उसके दो साथियों को पहचान लिया। टीम के सदस्यों ने उन्हें तुरंत घेरकर पकड़ लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों से पूछताछ में यह सामने आया है कि मोहतार शेख इस गिरोह का मुख्य संचालक और सरगना है। वह अपने दोनों साथियों के साथ मिलकर स्थानीय झपटमारों से बहुत सस्ते दामों पर चोरी के मोबाइल फोन खरीदता था।

### भारत और अमेरिका के बीच नवंबर तक हो सकता है द्विपक्षीय व्यापार समझौता : पीयूष गोयल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका द्वारा भारत पर 50प्रतिशत टैरिफ लगाने से बढ़ते व्यापारिक तनाव के बीच केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को उम्मीद जताई कि भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौता (बीटीए) इस साल नवंबर तक हो सकता है। गोयल ने सालाना ग्लोबल इन्वेस्टर कॉन्फ्रेंस 2025 को संबोधित करते हुए कहा, मुझे विश्वास है कि हालात जल्द पटरी पर लौटेंगे और नवंबर तक हम द्विपक्षीय व्यापार समझौता कर लेंगे, जैसा कि फरवरी में दोनों नेताओं के बीच चर्चा हुई थी। उन्होंने कहा कि भारत अमेरिका के साथ बीटीए के लिए निरंतर संवाद में है। हालांकि, 25 अगस्त को होने वाली वार्ता से पहले अमेरिकी प्रतिनिधियों की दिल्ली यात्रा टल जाने के बाद अब तक किसी नए दौर की घोषणा नहीं हुई है। सूत्रों के मुताबिक, भारत पर रूस से तेल खरीद को लेकर लगाए गए 25प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ हटाना वार्ता बहाल करने की अहम शर्त है।
गोयल की टिप्पणी से एक दिन पहले अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 'ट्रुथ सोशल' पर लिखा कि भारत ने अब शून्य टैरिफ लगाने की पेशकश की है, लेकिन यह बहुत देर हो गई।

# यमुना का तांडव, सड़कों से घरों तक पानी-पानी



**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली में यमुना नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है, और इसका असर शहर के हर कोने में दिख रहा है। आज सुबह 6 बजे दिल्ली में यमुना का जलस्तर 206.76 मीटर दर्ज किया गया। लगातार बारिश ने यमुना के जलस्तर को इतना बढ़ा दिया कि नदी का पानी अब सड़कों, बाजारों और घरों तक पहुंच गया है। आइए, इस जलप्रलय के पांच ऐसे वीडियो पर नजर डालते हैं, जो दिल्ली की इस आपदा को बयां करते हैं।

1. निगमबोध घाट में यमुना का कहर
निगमबोध घाट, जो दिल्ली की सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान का हिस्सा है, अब पानी में डूब चुका है। यमुना का उफनता पानी घाट की सीढ़ियों को पार कर ऊपर तक चढ़ गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ऐसा दृश्य उन्होंने दशकों में नहीं देखा।
2. **पुराना यमुना पुल पर खतरे की घंटी:** पुराना यमुना पुल, जो दिल्ली की सैर का एक ऐतिहासिक प्रतीक है, अब खतरे की जद में है। वीडियो में साफ दिख रहा है कि यमुना का पानी पुल के बेहद करीब पहुंच गया है। ऊंचा जलस्तर देखकर प्रशासन ने इस रास्ते पर आवाजाही को सीमित कर दिया है। कई घरों में यमुना का पानी घुस गया है। गलियों में पानी भरा है, और लोग अपने सामान को बचाने की जद्दोजहद में लगे हैं। बच्चों और बुजुर्गों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाना मुश्किल हो रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि हर साल बाढ़ की बात होती है, लेकिन इस बार हालात बेकाबू हैं।
3. **मॉनेस्ट्री मार्केट में जलभराव का मंजर:** मॉनेस्ट्री मार्केट, जो हमेशा खरीदारों की भीड़ से गुलजार रहता है, अब पानी के सैलाब में डूबा है। दुकानें बंद हैं और सड़कों पर पानी का तेज बहाव दिख रहा है। दुकानदारों को भारी नुकसान का डर सता रहा है।
4. **यमुना बाजार इलाके में घरों में भरा पानी:** दिल्ली के यमुना बाजार इलाके बाढ़ से सबसे ज्यादा प्रभावित है। इलाका पूरी तरह जलमग्न हो चुका है। यहां के लोग घरों को छोड़कर राहत कैंपों में शिफ्ट किए गए हैं।
5. **मयूर विहार में राहत शिविर, लोगों की मदद को प्रशासन तैयार=** यमुना के निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने का काम शुरू हो चुका है। मयूर विहार फेज-1 के पास राहत शिविर बनाए गए हैं, जहां लोगों को खाना, पानी और बुनियादी सुविधाएं दी जा रही हैं। प्रशासन का कहना है कि स्थिति पर नजर रखी जा रही है, और जरूरत पड़ने पर और शिविर बनाए जाएंगे।यमुना के जलस्तर पर नजर रखने के लिए प्रशासन ने चौकसी बढ़ा दी है। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों में और बारिश की चेतावनी दी है, जिससे हालात और बिगड़ सकते हैं। दिल्लीवासियों से अपील की जा रही है कि वे नदी के किनारे न जाएं और प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन करें।

### उफान पर यमुना, फरीदाबाद के 27 गांवों पर बाढ़ का बड़ा खतरा



यमुना नदी लगातार उफान पर है। बुधवार सुबह ओखला बैराज से एक लाख 65 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया। मंगलवार के मुकाबले पानी का स्तर एक फीट और बढ़कर 194.50 मीटर एचएफएल (हाई फ्लड लेवल) तक पहुंच गया है। मंझावली में 193.80 मीटर और मोहना में पानी का स्तर खतरनाक स्थिति में पहुंच चुका है। फरीदाबाद जिला प्रशासन ने हालात को गंभीर मानते हुए यमुना किनारे बसे 27 गांवों को अति संवेदनशील घोषित कर दिया है। पुलिस और प्रशासन के कर्मचारी लगातार मुनादी कर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील कर रहे हैं। कई इलाकों से लोगों को निकालकर सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया जा रहा है। पिछले 15 वर्षों में यह सातवीं बार है जब यमुना में एक लाख क्यूसेक से ज्यादा पानी छोड़ा गया है। पानी के लगातार बढ़ते स्तर से ग्रामीणों में चिंता बढ़ गई है। खेतों और कच्चे मकानों में पानी घुसने का खतरा है। प्रशासन ने बाढ़ नियंत्रण टीमों और राहत कार्यों के लिए मशीनरी को तैयार रखा है। साथ ही लोगों से अपील की जा रही है कि वे सतर्क रहें और अफवाहों पर ध्यान न दें।

## टोल टैक्स हटाएंगे तो 900 करोड़ दीजिए; एमसीडी ने दिल्ली सरकार से मांग ली बड़ी रकम



**नई दिल्ली, एजेंसी।** नगर निगम दिल्ली के वरिष्ठ अधिकारियों ने दिल्ली सरकार को एक चिट्ठी लिखी है। इसमें उन्होंने सुझाव दिया है कि अगर दिल्ली की सीमाओं से टोल टैक्स की वसूली रोक दी जाती है, ताकि जाम कम हो सके, तो सरकार को हर साल 900 करोड़ की आर्थिक मदद देनी चाहिए। निगम ने इस संभावित राजस्व नुकसान की भरपाई के लिए दो विकल्प दिए हैं- दिल्ली में अचल संपत्ति (जैसे कि घर या जमीन) की खरीद और बिक्री पर लगने वाले ट्रांसफर ड्यूटी में 1 की बढ़ोतरी हो। इस पत्र में जून में हुई उस बैठक का भी जिक्र है, जिसमें गडकरी ने टोल बूथ हटाने की जरूरत पर जोर दिया था। अधिकारियों ने बताया कि टोल टैक्स मौजूदा नियमों के तहत लिया जा रहा है, जबकि पर्यावरण मुआवजा शुल्क सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर व्यावसायिक वाहनों से वसूला जाता है। एक अधिकारी ने कहा, हमें अभी तक दिल्ली सरकार से कोई जवाब नहीं मिला है। दिल्ली नगर निगम अधिनियम, 1957 की धारा 113(2) के तहत दिल्ली में आने वाले व्यावसायिक वाहनों से टोल वसूला जाता है। यह व्यवस्था साल 2000 से चली आ रही है। इसे 2015 में सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर लागू किया गया था। यह एक अतिरिक्त शुल्क है, जिसका मकसद प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों को हतोत्साहित करना। वायु प्रदूषण कम करना और सार्वजनिक परिवहन व पैदल चलने वालों के लिए बेहतर बुनियादी ढांचा बनाने के लिए पैसे जुटाना है।

## पाकिस्तान समेत 3 देशों से आए हिंदू, सिख भारत में बगैर पासपोर्ट रह सकेंगे, बस एक शर्त लागू



**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा है कि धार्मिक उत्पीड़न से बचने के लिए अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान से 31 दिसंबर 2024 तक भारत आए हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई समुदाय के सदस्यों को पासपोर्ट या अन्य यात्रा दस्तावेजों के बिना भी देश में रहने की अनुमति दी जाएगी। साथ ही सरकार ने नेपाल और भूटान से आने वालों के लिए पासपोर्ट की छूट को बरकरार रखा है।

पिछले साल लागू हुए नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) के अनुसार, 31 दिसंबर 2014 को या उससे पहले भारत आए इन उत्पीड़ित अल्पसंख्यकों को भारतीय नागरिकता प्रदान की जाएगी। हाल ही में लागू आव्रजन एवं विदेशी (नारगिक) अधिनियम, 2025 के तहत जारी किया गया यह महत्वपूर्ण आदेश बड़ी संख्या में लोगों, विशेषकर पाकिस्तान से आए उन हिंदुओं को राहत प्रदान करेगा, जो 2014 के बाद भारत आए और अपने भविष्य को लेकर चिंतित थे।

गृह मंत्रालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार, अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान के अल्पसंख्यक समुदाय -- हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई -- जो धार्मिक उत्पीड़न या इसके डर से भारत में शरण लेने के लिए मजबूर हुए तथा 31 दिसंबर 2024 को या उससे पहले वैध दस्तावेजों के बिना देश में प्रवेश किया, उन्हें वैध पासपोर्ट और वीजा रखने के नियम से छूट दी जाएगी।

नेपाल और भूटान के नागरिकों के साथ-साथ दोनों पड़ोसी देशों से सड़क या हवाई मार्ग से भारत में प्रवेश करने वाले भारतीयों को पहले की तरह पासपोर्ट या वीजा प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं होगी। सरकारी आदेश के अनुसार, भारतीय नौसेना, थलसेना या वायुसेना के सदस्य, जो ड्यूटी पर भारत में प्रवेश करते हैं या देश से बाहर जाते हैं , उन्हें पासपोर्ट या वीजा रखने की आवश्यकता नहीं होगी। इसके अलावा, ऐसे सैनिकों के परिवार के सदस्यों को, जब वे इस तरह के व्यक्ति के साथ सरकारी वाहन में जाते हैं, उन्हें भी पासपोर्ट या वीजा रखने की आवश्यकता नहीं होगी। गृह मंत्रालय ने कहा, %भारत में प्रवेश करने, ठहरने और बाहर जाने के लिए वैध पासपोर्ट या अन्य वैध यात्रा दस्तावेज और वैध वीजा की आवश्यकता नहीं होगी, बशर्ते कि कोई भारतीय नागरिक नेपाल या भूटान की सीमा से सड़क या हवाई मार्ग के जरिये भारत में प्रवेश करता है, या कोई नेपाली या भूटानी नागरिक नेपाल या भूटान की सीमा से सड़क या हवाई मार्ग द्वारा भारत में प्रवेश करता है, या उसके पास वैध पासपोर्ट है और वह नेपाल या भूटान के अलावा किसी अन्य स्थान से भारत में प्रवेश करता है या भारत से बाहर जाता है। मंत्रालय ने कहा, लेकिन यह छूट चीन, मकाऊ, हांगकांग या पाकिस्तान से यात्रा करने वालों पर लागू नहीं होगी। यह प्रावधान उन तिब्बतियों पर भी लागू होता है, जो पहले ही भारत में प्रवेश कर चुके हैं और देश में रह रहे हैं या भारत में प्रवेश कर रहे हैं, बशर्ते कि उन्होंने संबंधित पंजीकरण अधिकारियों के पास पंजीकरण कराया है और पंजीकरण प्रमाण पत्र प्राप्त किया है।

## जापान में सूमो रेसलर से भिड़े ट्रंप के बेटे एरिक



**टोक्यो, एजेंसी।**
अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बेटे एरिक ट्रंप जापान यात्रा के दौरान सूमो कुश्ती के रिंग में कूद गए। 41 वर्षीय एरिक ने दुनिया के

### पलभर में हारे फिर भी बोले-जीत ही गया था...

सबसे ताकतवर सूमो पहलवान योकोजुना के साथ अखाड़े में हाथ आज़माया। एरिक, जो 6 फुट 5 इंच लंबे हैं, पूरे आत्मविश्वास के साथ रिंग में उतरे। लेकिन योकोजुना ने उनका पहला धक्का ऐसे झेला मानो कुछ हुआ ही न हो। इसके बाद पहलवान ने उन्हें उठाकर सीधा रिंग से बाहर कर दिया। एरिक खुद भी इस मज़ाकिया हार पर हंसते रह गए और पहलवान से हाथ मिलाकर सम्मान जताया। दूसरी बार मुकाबले में एरिक थोड़े बेहतर दिखे और उन्होंने पहलवान को रिंग के बीच से कुछ इंच पीछे धकेल भी दिया। लेकिन कुछ ही पलों बाद योकोजुना ने उन्हें फिर से उठा लिया और चक्कर लगवाकर जमीन पर गिरा दिया। एरिक ने कहा- लगभग जीत ही गया थाइंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर करते हुए एरिक ने लिखा-हर दिन आपको योकोजुना जैसा दिग्गज से भिड़ने का मौका नहीं मिलता। बहुत सम्मान की बात थी! लगभग जीत ही गया था।

एरिक की सूमो फाइट की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गए। उन्होंने पहलवानों के साथ फोटो खिंचवाई और कहा कि यह अनुभव उनके लिए अविस्मरणीय है।एरिक ट्रंप की यह यात्रा उनके परिवार के नए फ्लैगशिप बिटकॉइन टोकन झ्र. के लॉन्च से जुड़ी थी, जिसकी ट्रेडिंग इसी सोमवार से शुरू हुई।

### सैन्य परेड में दिखी चीन की युद्ध क्षमता

## सेना ने आधुनिक हथियारों का किया प्रदर्शन

**बीजिंग, एजेंसी।** द्वितीय विश्व युद्ध की समाप्ति की 80वीं वर्षगांठ पर हो रही भव्य सैन्य परेड में बुधवार को चीन ने अपनी सैन्य शक्ति का प्रदर्शन किया। चीनी सेना ने दुनिया को पहली बार अपने जेट लड़ाकू विमानों, मिसाइलों और नवीनतम इलेक्ट्रॉनिक युद्ध क्षमता से जुड़े कुछ आधुनिक हथियारों से रूबरू कराया। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन और ईरान, मलेशिया, म्यांमार, मंगोलिया, इंडोनेशिया, जिम्बावे और मध्य एशियाई देशों के नेताओं सहित 26 विदेशी नेताओं ने इसमें भाग लिया।

द्वितीय विश्व युद्ध में जापानी आक्रमण के खिलाफ चीन की जीत की 80वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित परेड में सैकड़ों सैनिकों ने भाग लिया। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और उनकी पत्नी पेंग लियुआन ने विदेशी मेहमानों का स्वागत किया। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली और मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू परेड में भाग ले रहे हैं। 2019 के बाद यह चीन में पहली बड़ी सैन्य परेड है। 2019 में यह परेड सीपीसी की स्थापना की 70वीं वर्षगांठ पर आयोजित की गई थी। इस बार की परेड द्वितीय विश्व युद्ध की समाप्ति को याद करने के लिए की जा रही है। इस युद्ध ने चीन को बुरी तरह प्रभावित किया था।

## फेमस टिकटाक इन्फ्लुएंसर की क्रूर हत्या, ट्रक में प्लास्टिक से लिपटी मिलीं पूरे परिवार की लाशें




**मेक्सिको, एजेंसी।** अपराध का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। मेक्सिको में टिकटाक इन्फ्लुएंसर और सिंगर एस्मेराल्डा फेरर गरेबाय (32), उनके पति रोबर्टो कार्लोस गिल लिसिया (36), बेटे गाएल (13) और बेटी रेजिना (7) की लाशें एक पिकअप ट्रक में प्लास्टिक में लिपटी हुई मिलीं। अधिकारियों के मुताबिक, 22 अगस्त को ग्वाडलजारा शहर में यह कार्टेल-स्टाइल एक्सीक्यूशन हुआ। फॉरेंसिक और बैलिस्टिक सबूत बताते हैं कि परिवार की हत्या एक ऑटो रिपेयर शॉप में की गई थी, जिसके बाद उनकी बॉडी गाड़ी में डंप कर दी गई। एस्मेराल्डा सोशल मीडिया पर अपनी लक्ज़री लाइफस्टाइल दिखाती थीं और अक्सर नार्को-कोरिडो गानों पर वीडियो बनाती थीं। उनके वीडियो में नार्को बॉयफ्रेंड के फायदे जैसे कैप्शन भी देखे गए थे। हालांकि अब तक यह साफ नहीं हुआ है कि परिवार सीधे किसी कार्टेल से जुड़ा था या नहीं, लेकिन अधिकारियों को शक है कि पति की बिज़नेस डीलिंग्स (गाड़ियों की बिक्री और खेती) के चलते वे संगठित अपराधियों के निशाने पर आए।मामले की जांच जारी है और लोकल मीडिया के मुताबिक पति को ही असली टारगेट माना जा रहा है।

## दुनिया भर में चर्चा बटोर रही किम जोंग उन की 12 साल की बेटी



**बीजिंग, एजेंसी।**
उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन की बीजिंग यात्रा की काफी चर्चा है। व्लादिमीर पुतिन और शी जिनपिंग के साथ उनकी तस्वीरें इंटरनेशनल मीडिया में सुर्खियां बटोर रही हैं।
कहा जा रहा है कि किम जोंग उन को इस तरह महत्व मिलना उन्हें दुनिया के एकांतवास से बाहर निकालने वाला है। यही नहीं उनकी 12 साल की बेटी और संभावित उत्तराधिकारी किम जू ए भी चर्चा में हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि किम जोंग उन पहली बार किसी विदेश दौरे पर बेटी को लेकर गए थे। किम जोंग उन के साथ ही उनकी बेटी नजर आईं और उनका परिचय खुद पिता ने पुतिन और शी जिनपिंग जैसे नेताओं से कराया। चीन की राजधानी बीजिंग में हुई विक्ट्री डे परेड में भी वह किम जोंग उन के आसपास ही बनी रहीं। यह पहला मौका था, जब किम जोंग उन की बेटी को दुनिया ने किसी सार्वजनिक आयोजन में देखा। जानकारों का कहना है कि जिस तरह वह पिता के साथ-साथ दिखीं और उनका परिचय वैश्विक नेताओं से कराया गया, इससे संकेत मिलता है कि वही किम जोंग उन की उत्तराधिकारी होंगी। दिलचस्प तथ्य यह भी है कि किम जोंग उन की आयु फिलहाल 41 साल ही है।

किम जोंग उन और उनके परिवार को लेकर दुनिया को बहुत कम ही जानकारी ही है। वजह है कि उत्तर कोरिया में मीडिया पर काफी पाबंदियां हैं और वहां से जानकारियां बाहर कम ही आती हैं। किम जोंग उन की बेटी जू ए के बारे में दुनिया को पहली बार पहली बार 2022 में ही जानकारी मिली थी। जब वह अपने पिता के साथ एक बलिस्टिक मिसाइल लॉन्च के कार्यक्रम में गई थीं। पूर्व एनबीए स्टार डेनिस रॉडमैन ने दुनिया को बताया था कि वह किम की बेटी हैं। रॉडमैन ने कहा था कि 2013 में वह प्योंगयांग गए थे और इस दौरान उनकी किम से मुलाकात हुई थी। इस मीटिंग के दौरान किम जोंग उन ने अपनी पत्नी रि सोल जू और एक छोटी बच्ची से भी परिचय कराया था। तब उन्होंने कहा था कि यह मेरी बेटी है। प्योंगयांग का सरकारी मीडिया कभी भी बेटी का नाम नहीं लिखता, लेकिन साउथ कोरिया के खुफिया सूत्रों के अनुसार जू ए किम की बेटी ही हैं।

**वैश्विक नेताओं से मिलतीं किम जू ए-** उत्तर कोरिया के नेता की शादी 2009 में हुई थी। बीते कुछ सालों में उत्तर कोरिया के मीडिया में किम जू ए के बारे में रिपोर्टिंग होती रही है, लेकिन उन्हें प्यारी बच्ची या फिर होनहार बच्ची कहके संबोधित किया जाता रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रकृति पर्व करमा के अवसर पर करम वृक्ष का रोपण

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रकृति पर्व करमा के अवसर पर पर्यावरण-मित्र वाटिका में करम वृक्ष का रोपण किया गया। स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दौरान वृक्ष करम का पूजनोपरांत रोपण कर प्रकृति संरक्षण और संवर्धन का संदेश दिया। ज्ञात हो कि झारखंड में करमा पर्व विशेष आस्था एवं उल्लास पूर्वक मनाया जाता है । आज करम वृक्ष के साथ ही कई अन्य वृक्षों का भी रोपण किया गया । इस अवसर पर अनीता ओझा, शशि भूषण ओझा 'मुकुल', रघुवर प्रसाद, अखिलेश ओझा, बबलू पांडेय, वीरेंद्र चौबे, अक्षय दुबे, अनुराग मिश्र सहित कई प्रमुख पर्यावरण रक्षक उपस्थित रहे ।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, मुआवजा की मांग

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो-रामगढ़ नेशनल हाई वे पर सेक्टर 12 थाना क्षेत्र में हुई एक सड़क हादसे में चास प्रखंड में तैनात जेएसएलपीएस के एफटीसी विकास कुमार चटर्जी की मौत हो गई। घटना बीती देर रात की बताई जा रही है। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजन और स्थानीय लोगों ने बोकारो रामगढ़ मुख्य मार्ग को पूरी तरह से जाम कर दिया। जाम कर रहे लोगों ने सरकार से पीड़ित परिवार को मुआवजा और पत्नी को नौकरी देने की मांग की है। मृतक विकास कुमार चटर्जी चंदनकियारी प्रखंड के नया बन पंचायत के डीबरदाह गांव का रहने वाला था। मृतक चास प्रखंड में ग्रामीण विकास विभाग के तहत जेएसएलपीएस में एफटीसी के पद पर कार्यरत था। परिजनों का कहना है कि वह प्रखंड से मीटिंग अटेंड कर अपने घर सेक्टर 8 जा रहा था। इसी दौरान एक तेज गति से आ रहे ट्रक ने गाड़ी को गड्ढे से बचाने के दौरान बाइक सवार विकास पर ट्रक चढ़ा दी इस कारण उसकी मौत हो गई।

### सिजुआ क्षेत्रीय कार्यालय में विदाई समारोह का आयोजन

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सिजुआ क्षेत्रिय कार्यालय के सभागार में अगस्त 2025 को विभिन्न ईकाई से सेवानिवृत्त हुए 08 कर्मियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सेवानिवृत्त कर्मियों को पी एफ सेटलमेंट, ग्रेच्युटी प्रोविजनल अनुमोदन पत्र, मोमेंटो के साथ कई उपहार दिए । समारोह में महाप्रबंधक निर्झर चक्रवर्ती, अपर महाप्रबंधक एम के मिश्रा, क्षेत्रिय प्रबंधक (मानव संसाधन) तथा सभी ट्रेड यूनियन के पदाधिकारी गण, सिजुआ एरिया के कर्मी अनिल टुडू, अजनाथ मांझी, और अन्य उपस्थित रहे। मंच का संचालन तरुण कुमार बनर्जी ने किया।




### बीसीसीएल के दो कर्मचारियों को घूस लेते सीबीआई ने रंगे हाथ पकड़ा

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सीबीआई ने बीसीएल के लोदना एरिया 10 से बीसीसीएल के दो कर्मचारियों को घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। बीसीसीएल से अवकाश प्राप्ति के बाद बकाया राशि के भुगतान के बदले घूस ली जा रही थी। पकड़े गए कर्मचारियों में राजकुमार सिंह तथा रामाश्रम शामिल हैं। दोनों को गिरफ्तार कर उनके घरों में ले जाया गया है। दोनों के घरों में सीबीआई बकी टीम ने खंगाला। घूस मांगे जाने की शिकायत बीसीसीएल से अवकाश प्राप्त कर्मी ने सीबीआई से की थी। सीबीआई के एसपी पीके झा ने बताया कि आवश्यक जांच के बाद सीबीआई ने बुधवार को जाल बिछा कर दोनों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया। सीबीआई के एसपी ने बताया कि दोनों की शिकायत मिली थी। इसके बाद कार्रवाई की गई है। भुगतान के बदले 20 हजार रुपये की मांग की गई थी। सीबीआई की कार्रवाई के बाद लोदना एरिया ऑफिस में हड़कंप मच गया। सीबीआई की कार्रवाई की जानकारी मिलते ही ऑफिस के कर्मचारी काम छोड़कर निकल गए।

### पुलिस की छापेमारी में भारी मात्रा में शराब बरामद

**गोड्डा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गोड्डा जिले के दो सीमावर्ती थाना क्षेत्र से पुलिस ने छापेमारी कर बडी मात्रा में शराब जप्त किया है। गोड्डा से बिहार ले जाने की फिराक में जहां महागामा अनुमंडल के हनवारा थाना क्षेत्र में छापेमारी के दौरान पुलिस ने बोलेरो से 683 बोतल विदेशी शराब बरामद किया तथा चालक को गिरफतार कर लिया गया वहीं सफेद रंग की बोलेरो पिकअप को भी जप्त कर लिया गया है। बेलेरो में अवैध तरीके से शराब लोड कर बिहार ले जाया जा रहा था. हनवारा चेक पोस्ट के पास चेकिंग के दौरान वाहन में 12 बोरे में विभिन्न ब्रांड की विदेशी शराब बरामद किया गया. जिसकी अनुमानित कीमत 2 लाख 80 हजार रूपया बताया गया है. महागामा के इंस्पेक्टर उपेद्र कुमार महतों एवं थाना प्रभारी राजन कुमार ने बताया कि भागलपुर के इस्माईलपुर का रहने वाला 22 वर्षीय मनीष कुमार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है. वहीं बांडर एरिया के मेहरमा थाना ने भी छापेमारी में चाउमिंग की दुकान से 45 बोतल विदेशी याराब को पुलिस द्वारा बरामद किया गया है. मेहरमा पुलिस ने मानिकपुर भगैया के पास से शराब जप्त कर कांड संख्यां 145/25 के तहत मामला दर्ज कर जेल भेज दिया।

### उप विकास आयुक्त को सौंपी जांच की जिम्मेदारी

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** एलआरडीसी के बड़ा बाबू की गाड़ी से बरामद 51 लाख कैश' के मामले में उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी अजय नाथ झा द्वारा गंभीरता पूर्वक संज्ञान लिया है।

**उप विकास आयुक्त को सौंपी जांच की जिम्मेदारी**

खबर की गंभीरता एवं प्रशासनिक प्रतिष्ठा को ध्यान में रखते हुए उप विकास आयुक्त को इस मामले की जांच की जिम्मेदारी उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी ने सौंपी है। उन्होंने एक सप्ताह के भीतर विस्तृत जांच प्रतिवेदन समर्पित सुनिश्चित करने को कहा है।

**संबंधित उ.व.लि. को डीएमएफटी कार्यों से किया अलग**

जांच की निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए प्रशासनिक दृष्टिकोण से उपायुक्त सह दंडाधिकारी ने उच्च वर्गीय लिपिक, भूमि सुधार उप समाहर्ता, चास (प्रतिनियुक्त डीएमएफटी कोषांग, बोकारो) राजेश कुमार पाण्डेय को डीएमएफटी कार्यों से अलग किया है।वहीं, उन्हें तत्काल प्रभाव से जिला स्थापना शाखा में योगदान देने का निर्देश दिया है।

# सांस्कृतिक सापेक्षता के पुरोधा थे दिशोम गुरू, विकास के लिए पुरखों को जानना जरूरी: डा. अभय सागर मिंज

## दिशोम गुरू की कर्म स्थली लुगुबुरू घंटाबाड़ी में लगेगी आदमकद प्रतिमा





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला प्रशासन द्वारा बुधवार को बी.एस.सिटी के कैंप टू स्थित जायका हैपनिंग्स सभागार में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें प्रमुख वक्ता के रूप में मुख्य अतिथि प्रसिद्ध लेखक एवं चिंतक अनुज कुमार सिन्हा एवं विशिष्ट अतिथि सहायक प्रोफेसर एवं निदेशक, अंतर्राष्ट्रीय लुप्तप्राय भाषा एवं संस्कृति प्रलेखन केन्द्र, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के डॉ. अभय सागर मिंज, उपायुक्त अजय नाथ झा शामिल हुए। मौके पर उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढ़ांडा, डीसीएलआर चास श्री प्रभाष दत्ता, अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो मुकेश मछुआ आदि उपस्थित थे। संगोष्ठी में विभिन्न वक्ताओं, सामाजिक कार्यकताओं और प्रशासनिक अधिकारियों ने दिशोम गुरू शिबू सोरेन के योगदान, विचारधारा और उनके विकास मॉडल पर विस्तार से चर्चा की।

**जाति धर्म से ऊपर समावेशी नेतृत्वकर्ता थे गुरुजी**

संगोष्ठी में अनुज कुमार सिन्हा ने दिशोम गुरू के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वह जाति और धर्म से ऊपर उठकर सभी वर्गो को साथ लेकर चलते थे। वे मानते थे कि विकास तभी संभव है जब हर तबके की सहभागिता सुनिश्चित हो। उनका जीवन समाज के लिए प्रेरणा है। उनके टीम में सभी धर्म झ समाज के लोग होते थे। वह किसी एक धर्म झ समाज के नहीं थे।

**संकल्प लिया,महाजनी प्रथा को किया समाप्त**

श्री सिन्हा ने कहा कि रामगढ़ जिले के एक छोटे से गांव से निकलकर राष्ट्रीय पहचान बनाने वाले दिशोम गुरू शिबू सोरेन ने अपने पिता की हत्या के पीछे छिपे कारण को समझा और शोषणकारी महाजनी प्रथा को जड़ से खत्म करने का संकल्प लिया। अपने अदम्य साहस और संघर्ष से उन्होंने आदिवासी समाज को इस कुप्रथा से मुक्ति दिलाई। अपने संघर्ष की शुरूआत नेमरा गांव झ गोला झ पेटरवार झ तबके माराफारी अब बोकारो झ धनबाद होते हुए टुंडी के पोखरिया और आगे पूरे राज्य में फैला। उन्होंने हमेशा अपने मिट्टी झ संस्कृति से प्यार करने की बात कहीं।

**सांस्कृतिक चेतना और आत्मपहचान जरूरी**

मौके पर विशिष्ट अतिथि डॉ. अभय सागर मिंज ने अपने संबोधन में कहा कि आदिवासी का अर्थ केवल जंगल, पत्ता, रंग और नृत्य नहीं है। यह मानसिकता बदलनी होगी। अपनी संस्कृति और अपनी जड़ों को जानकर ही समाज में सहभागिता और विकास संभव है। कहा कि, सांस्कृतिक सापेक्षता के पुरोधा थे दिशोम गुरू शिबू सोरेन। उन्होंने कई उदाहरण देकर बताया कि एक ही वस्तु का देखने का दृष्टिकोण अलग झ अलग होता है, किसी को वह सही तो किसी को वह गलत लगेगा, लेकिन दोनों अपनी जगह पर सही है। 1970 के दशक में सरकारी योजनाओं का क्रियान्वयन सही ढ़ंग से नहीं हो पा रहा था। आदिवासी समाज के विकास के लिए बनाई गई योजनाएं सफल नहीं हो रही थी। ऐसे में यह निर्णय लिया गया कि आदिवासी समाज का विकास कैसे होगा, कौन सी योजनाएं संचालित की जाएं। यह समाज के लोगों से ही पूछा जाएं। दिशोम गुरू ने 19 सूत्री विकास माडल को शुरू किया था, जिसका मकसद आदिवासी समाज का समग्र विकास करना था। विशिष्ट अतिथि डॉ. अभय सागर मिंज ने अपने वक्तव्य के माध्यम से दिशोम गुरू के जीवन संघर्ष को कई बातों को रखा, जो आज भी काफी प्रासंगिक है। उन्होंने सांस्कृतिक सापेक्षता को भी काफी सरल अंदाज में लोगों के समक्ष रखा।

**आदिवासी को सिखाने के बजाय उनसे सीखने की रखें चाह**

मौके पर उपायुक्त अजय नाथ झा ने दिशोम गुरू शिबू सोरेन से आदिवासी कल्याण आयुक्त के तौर पर हुई भेंट और आदिवासी समाज के विकास पर हुई चर्चा के संबंध में यादें साझा की। उन्होंने अपने व्क्तव्य में कहा कि हमें आदिवासियों को सिखाने के बजाय उनसे सीखने की चाह रखनी होगी। यही समावेशी दृष्टिकोण समाज को मजबूत करेगा।

**विकास के लिए झारखंडी चेतना आवश्यक**

उपायुक्त ने कहा कि जिस तरह देश के विकास के लिए भारतीय चेतना होना चाहिए। उसी तरह झारखंड के विकास के लिए नीति बनाने और उसे लागू करने वालों के मूल में झारखंडी चेतना का होना आवश्यक है। दिशोम गुरू का विकास मॉडल सर्वांगीण, जन सरोकारों पर आधारित और सामाजिक न्याय से प्रेरित था। कैसे उन्होंने जमीन -जंगल - जल का संघर्ष किया। साहूकारों झ महाजनी प्रथा,नशामुक्ति के विरूद्ध अभियान चलाया। समाज को शिक्षित बनाने के लिए रात्रि पाठशाला का आयोजन किया।

**सभी पंचायतों में रात्रि पाठशाला का होगा आयोजन**

मौके पर उपायुक्त ने कहा कि दिशोम गुरू की स्मृति में बोकारो जिले के सभी पंचायतों में रात्रि पाठशाला का आयोजन किया जाएगा। जिसमें कामगार झ श्रमिक, किसान झ बुजुर्ग शिक्षा ग्रहण कर सकेंगे। जिले में 247 दिवा झ रात्रि पुस्तकालय का भी संचालन शुरू होगा, जहां बच्चे पूरी रात सभी सुविधाओं से लैस शिक्षा ग्रहण प्राप्त कर सकेंगे। पूरे जिले में नशामुक्ति अभियान का संचालन होगा, जिसमें समाज के लोग और प्रशासन मिलकर कार्य करेंगे। वहीं, गुरूजी की कर्मस्थली ललपनिया पंचायत के लुगुबुरू घंटाबाड़ी में कार्तिक पूर्णिमा से पूर्व उनकी आदमकद प्रतिमा स्थापित की जाएगी। संगोष्ठी में लुगुबुरू पूजा आयोजन समिति के चंद्रदेव हेंब्रम, दिनेश कुमार मुर्मू और बब्ली सोरेन ने भी अपना वक्त्व्य रखा। सबों ने दिशोम गुरू शिबू सोरेन के दिखाएं मार्ग पर चलने और उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

**चित्र पर पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि, किया नमन**

संगोष्ठी का समापन इस संकल्प के साथ हुआ कि दिशोम गुरू शिबू सोरेन का जीवन और विचार सदैव प्रेरणा बने रहेंगे। उनकी समावेशी सोच, सांस्कृतिक चेतना और विकास की झारखंडी परिकल्पना को आगे बढ़ाना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

## बीएसएल कर्मचारी ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अर्जित किया कांस्य पदक




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के ब्लास्ट फर्नेस विभाग में कार्यरत इंजीनियरिंग एसोसिएट श्री मन्नान अली ने अपनी मेहनत और लगन के बल पर उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने रांची में आयोजित झारखंड स्टेट स्ट्रेंथलिफ्टिंग एवं इंक्लाइन बेंच प्रेस चैंपियनशिप 2025 की 85 किलोग्राम भार वर्ग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता 31 अगस्त 2025 को झारखंड स्ट्रेंथलिफ्टिंग एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित हुई, जिसमें राज्यभर से अनेक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच श्री अली ने अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए यह सफलता अर्जित की। बीएसएल शीर्ष प्रबंधन ने उनकी इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

## नि:शुल्क कृत्रिम अंग वितरण शिविर 4 से 7 सितंबर तक




**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सेल - सीसीएसो के द्वारा एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। सेल के एग्जीक्यूटिव डायरेक्ट संजीव कुमार सिंह ने सभी को बताया कि आगामी 4, 5, 6 एवं 7 सितंबर को जीवन ज्योति संस्थान के साथ मिलकर कॉर्पोरेट समाजिक उत्तरदायित्व के तहत निःशुल्क कृत्रिम अंग वितरण शिविर का आयोजन जीवन ज्योति विशेष विद्यालय, बेकारबांध, धनबाद में किया जाएगा। इसके अंतर्गत धनबाद में पहली बार दिव्यागजनों को निःशुल्क उन्नत तकनीक के मॉड्यूलर पैर लगाए जाएंगे जो कि जयपुर फुट से कही ज्यादा आरामदायक और हल्के वजन का होगा। उन्होंने बताया कि जून माह में मॉड्यूलर कृत्रिम अंग के लिए 130 लोगों का पंजीकरण एवं मापी शिविर का आयोजन किया गया था, जिसका वितरण इस शिविर में किया जाएगा। साथ ही 4 सितम्बर को नए लाभार्थियों का मापी लिया जाएगा। 5,से 7 सितंबर तक जून में पंजीकृत लाभार्थियों को उनके मॉड्यूलर कृत्रिम अंग वितरीत किए जाएंगे। साथ ही ऑन स्पॉट भी पंजीकरण कर अधिक से अधिक लोगों को इसे लाभान्वित करवाने का हमारा प्रयास रहेगा इस शिविर में जीवन ज्योति संस्थान (रोटरी क्लब ऑफ धनबाद) हमें तकनीक एवं कृत्रिम अंग उपलब्ध करवाने में सहयोग प्रदान कर रही है। जैसा कि आप सभी को पता है कि हम सब के जीवन से स्टील ऑथोरिटी ऑफ इंडिया किसी न किसी रूप से जुड़ा रहता है उसी क्रम में हमारी ओर से दिव्यागजनों के लिए ये एक छोटा सा सार्थक प्रयास उनके जीवन को सुग्मय बनाने का है। जिन लाभुकों को इस शिविर में कृत्रिम अंग प्रदान किए जाएंगे उनके रख रखाव एवं उनके प्रशिक्षण की जिम्मेदारी जीवन ज्योति संस्थान उठाएगी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में सेल - कोलियरी डिविजन के एग्जीक्यूटी डायरेक्टर संजीव कुमार सिंह, राजीव तिवारी ( चीफ जनरल मैनेजर) योगेंद्र कुमार पासवान (निदेशक, मानव संसाधन), शशी धर प्रसाद (जनरल मैनेजर), नवल उपाध्याय (अध्यक्ष, रोटरी क्लब ऑफ धनबाद) विकास शर्मा, प्रोजेक्ट चेयरमैन, संजीव बेयोत्रा, आदि उपस्थित थे।

## भाजपा धनबाद महानगर प्रधानमंत्री के जन्म दिवस से मनाएगी सेवा पखवाड़ा




**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस 17 सितंबर से लेकर महात्मा गांधी जयंती 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाने का निर्णय लिया है। धनबाद जिला भाजपा ने सेवा पखवाड़ा को सफल बनाने को लेकर आज बैठक की। धनबाद भाजपा महानगर अध्यक्ष श्रवण राय ने बताया कि सेवा पखवाड़ा के दौरान मंडल से लेकर जिला स्तर तक कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसमें साफ-सफाई अभियान,विकलांगों को कृत्रिम अंग वितरण, खेलकूद प्रतियोगिता और सामाजिक सेवा कार्यक्रम शामिल रहेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जीवन सेवा और समर्पण का प्रतीक है, और उनके जन्म दिवस को सेवा कार्यों के जरिए मनाना ही भाजपा का लक्ष्य है। प्रेस वार्ता में जानकारी दी गई कि सेवा पखवाड़ा के साथ-साथ सांसद खेल महोत्सव का भी आयोजन किया जाएगा, जो 17 सितंबर से 18 अक्टूबर 2025 तक चलेगा। इस दौरान युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। आगे उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम न केवल पार्टी कार्यकर्ताओं बल्कि आम जनता को भी जोड़ने का काम करेगा। पार्टी का उद्देश्य समाज के हर वर्ग तक सेवा और सहयोग का संदेश पहुंचाना है।

## पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने अपनी जान पर बताया खतरा

**मामले की जांच करने व त्रिपाठी को सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की**

**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता :** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश को पत्र लिखकर अपने जान पर खतरे की गहरी आशंका जतायी है। खतरे के इस आशंका के पीछे जिला पुलिस अधीक्षक के साथ संबंधों में खटास एक बड़ा कारण बताया है। उन्होंने अपनी सुरक्षा सुविधा में की गई कटौती को लेकर पलामू जिला पुलिस अधीक्षक से वाद-विवाद होने का जिक्र किया है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने मुख्यमंत्री को इस संबंध में पत्र लिखकर घटना का जिक्र किया है। प्रदेश अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से कहा कि 02 सितम्बर 2025 को त्रिपाठी को प्राप्त सुरक्षाकर्मियों ने साथ में जाने से इंकार कर दिया।

## झारखंड सरकार का संकल्प अब नतीजों में बदल रहा है : सुप्रियो भट्टाचार्य




**रांची/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के रांची स्थित केंद्रीय कैंप कार्यालय में पार्टी के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने मीडिया को संबोधित किया. झारखंड मुक्ति मोर्चा ने कैबिनेट फैसलों को लेकर राज्य सरकार की सराहना की है और साफ किया है कि उनका संघर्ष और कमिटमेंट अब नतीजों में बदल रहा है संवाददाता सम्मेलन का शुरूआत करते हुए पार्टी महासचिव ने सबसे पहले करम पर्व की शुभकामनाएं दीं. उन्होंने कहा कि यह पर्व हमारी संस्कृति और परंपरा की पहचान है.इसके बाद वे सीधे कल हुई कैबिनेट बैठक के फैसलों पर आए। उन्होंने कहा की विस्थापन और पुनर्वास का मुद्दा झारखंड के लिए बेहद अहम है.2001 से ही जहां झारखंड मुक्ति मोर्चा इस मुद्दे पर आंदोलन करता रहा है और आज 25 साल बाद हेमंत सोरेन सरकार ने आयोग के गठन का ऐतिहासिक निर्णय लिया है.यह निर्णय विस्थापितों के जीवन में नई उम्मीद लेकर आएगा. उन्होंने कहा कि खनन और उद्योगों के नाम पर हमारे राज्य ने बहुत कुछ खोया है, लेकिन विकास के लिए विनाश जरूरी नहीं है.अब सरकार का फोकस पुनर्वास और न्यायपूर्ण विकास पर है.इतना ही नहीं झारखंड मुक्ति मोर्चा महासचिव ने कला-संस्कृति से जुड़े फैसले का भी स्वागत किया.

## संगठन को मजबूती प्रदान करने को समर्पित कार्यकर्ताओं को दी जाएगी जिम्मेवारीः पर्यवेक्षक



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा संगठन सृजन के तहत जिला अध्यक्ष के चयन के लिए जैनामोड़ में एक सभा आयोजित किया गया। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष उमेश प्रसाद गुप्ता ने की।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक सह पूर्व विधायक हिना लखीराम कावरे मध्य प्रदेश विधानसभा, प्रदेश पर्यवेक्षक स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी, प्रदेश पर्यवेक्षक दयामणि बारला एवं डॉ संजय कुमार पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक मंजूर अंसारी शामिल हुए। उन्होंने संगठन सृजन को बोकारो जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी,अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य, पूर्व उम्मीदवार लोकसभा एवं विधानसभा, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, मंच मोर्चा के जिला अध्यक्ष, प्रखंड नगर अध्यक्ष, प्रखंड नगर पर्यवेक्षक, मंडल कांग्रेस अध्यक्ष, सहित प्रबुद्ध कांग्रेसजानो से बातचीत कर एवं लिखित रूप से जानकारी ली।

मौके पर केंद्रीय पर्यवेक्षक हिना कावरे आम कांग्रेसजनों को संबोधित करते हुए कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे एवं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के निर्देशानुसार कांग्रेस संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए जिला अध्यक्ष की अहम भूमिका होती है। वह जिसका चयन करने हेतु अपने सहयोगी पर्यवेक्षकों के साथ सात दिवसीय कार्यक्रम के तहत सभी प्रखंड नगर का भ्रमण कर सभी कांग्रेसजनों से मिलकर मौखिक एवं लिखित रूप से जानकारी लेकर अपना रिपोर्ट आलाकमान के समक्ष प्रस्तुत करूंगी। जिसमें सभी तरह के निर्देश के अनुसार कार्य करूंगी। समर्पित कार्यकताओं को जिम्मेवारी दी जाएगी। मौके पर प्रदेश पर्यवेक्षक दयामणि बारला ने कार्यक्रम को सम्बोधन करते हुऐ कहा कि बोकारो जिला में संगठन सृजन के तहत बिगत कोई माह से कार्यक्रम चल रहा है जिसमें प्रखंड नगर अध्यक्षों का चयन मंडल अध्यक्षों का चयन पंचायत अध्यक्षों का चयन अंतिम चरण पर हैं प्रदेश पर्यवेक्षक डॉ संजय कुमार ने कहा कि संगठन में सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए आम कांग्रेसजनों से राय शुमार कर संगठन को मजबूत करना है। संगठन को जिला, प्रखंड, पंचायत और बूथ स्तर तक सशक्त बनाया जाएगा। मौके पर वरिष्ठ कोंग्रेसी सुशील कु झा,इंद्रदेव पासवान, अशोक मिश्रा,जवाहर लाल महाथा, मृत्युन्जय शर्मा, कमरुल हसन, जीतेन्द्र यादव, बनमाली बाउरी, हाजी अब्दुल मालिक, सतेंद्र यादव, अमल दास, शिबू यादव, नारायण सिंह चौधरी, प्रवेज अख्तर, उत्तम सिंह, खुर्शीद आलम, देवासिस मंडल, जलेश्वर दास, तुलसी महतो, गौरव राय, मोख्तार अंसारी, हस्नुला अंसारी, छेदी ननिया, अशोक मंडल, रमेश महारज, प्रभु दयाल सिंह, इमरान अंसारी, अरविन्द ठाकुर, पूनम यादव, आशा देवी नेहा यादव, शहीद रजा, मो रफीक सहित जिला प्रखंड नगर मंडल पंचायत के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145665 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com

CMYK